ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 11:54 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 जून 2025
वर्ष 6, अंक 194, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



# रॉयल चैलेंजर्स आईपीएल के नए किंग

अहमदाबाद, एजेंसी

आईपीएल के 18 साल गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में बेहद रोमांचक फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स इस लीग के आठवें नए चैंपियन बन गए।

**18 साल में पहली बार चैंपियन बनी विराट की आरसीबी**

मैच के आखिरी ओवर में पंजाब किंग्स के सामने 29 रन बनाने का मुश्किल लक्ष्य था। हैजलवुड का सामना कर रहे शशांक सिंह पहली दो गेंदों पर कोई रन नहीं बना सके, इसी के साथ रॉयल चैलेंजर्स का चैंपियन बनना तय हो गया और स्टेडियम में उसके प्रशंसकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। आखिरी चार गेंदों में शशांक ने तीन छक्के और एक चौका लगाकर 22 रन बनाए लेकिन तब तक मैच हाथ से फिसल चुका था।

मैच खत्म होते ही सबकी निगाहें विराट कोहली पर टिक गईं जो अंतिम क्षणों में काफी भावुक हो गए थे। टीम के खिलाड़ियों ने कोहली को घेर लिया। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 191 रन का लक्ष्य दिया था। इसका पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की उम्मीदें तब बिखरनी शुरू हुईं जब 10वें ओवर में 80 रन के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में उसने तीसरा विकेट गंवाया। इसके बाद मैच में लगातार उतार-चढ़ाव आते रहे।

### आईपीएल के पिछले चैंपियन

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, डेक्कन चार्जर्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चैंपियन बन चुकी हैं।

## आंसुओं में डूबे कोहली



मैच के आखिरी ओवर में जैसे ही आरसीबी की जीत तय हुई, विराट कोहली भावुक हो गए। उन्होंने खुद पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन फिर भी आंखों से आंसू टपकने शुरू हो गए। मैच की अंतिम गेंद के साथ जैसे ही टीम ने खिताब अपने नाम किया, विराट ने आंसुओं में डूबा अपना चेहरा मैदान पर रख दिया और कुछ सेकेंड वैसे ही बैठे रहे। आईपीएल के पहले सत्र से आरसीबी का हिस्सा रहे विराट कोहली का अब तक खिताब न जीत पाने का मलाल भी उनके आंसुओं के साथ धुल गया। मैदान से बाहर निकलने के बाद पत्नी अनुष्का शर्मा ने उन्हें गले लगाकर जीत की बधाई दी तो एक बार फिर वह भावुक हो गए। कुछ पल के लिए उन्होंने अपना चेहरा अनुष्का के कंधे की ओट में छिपाए रखा। आईपीएल के इतिहास में आरसीबी इससे पहले तीन बार फाइनल में पहुंची थी लेकिन खिताब जीतने में सफल नहीं हो पाई थी।

### ई साला कप नामुडु

**बेंगलुरू।** जोश हेजलवुड ने जैसे ही मैच की आखिरी गेंद फेंकी, बेंगलुरू की सड़कों पर लाल जर्सी पहने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के समर्थकों का सैलाब उमड़ पड़ा। आरसीबी और कोहली के शोर से आसमान गूंज गया। 'ई साला कप नामडे (इस साल कप हमारा होगा) का नारा 'ई साला कप नामुडु (इस साल कप हमारा है) में बदल गया। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और आरसीबी के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने एक्स पर टीम को बधाई दी।

# अग्निवीरों को मिलेगा 20% आरक्षण

## पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा कोटा

- आयु में तीन वर्ष की छूट के साथ सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी समेत सभी वर्गों पर लागू
- अग्निवीरों को इतने आरक्षण की व्यवस्था देने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि इस निर्णय से न केवल पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिले, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल मिले। कैबिनेट में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन को रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। गौरतलब है कि, अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे। इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। खास बात यह कि जहां केंद्र सरकार और हरियाणा और ओडिशा जैसे कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर बड़ा उदाहरण पेश किया है। इस निर्णय की जानकारी लोकभवन में पत्रकारों से साझा करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी।

(संबंधित पेज-11)



**पासिंग आउट परेड :** 197 अग्निवीर जवानों ने 31 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। मंगलवार को वाराणसी के गोरखा ट्रेनिंग सेंटर में सभी ने कर्तव्य पालन की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में जवानों के कदमताल से ट्रेनिंग कैंपस गूंज उठा।

### योगी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण
- पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति
- तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को स्वीकृति
- दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति का लाभ प्रदान करने को मंजूरी
- नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत
- एक जिला-एक उत्पाद योजना की नई नीति 2.0 को मंजूरी मिली
- शहरों में हरियाली को बढ़ावा देने को अर्बन ग्रीन नीति पर मुहर

### अपने घर को बना सकेंगे पर्यटकों के लिए स्टे होम, योजना स्वीकृत

**लखनऊ।** अगर आपका वन रूम सेट फ्लैट या मकान खाली पड़ा है तो इसे आप पर्यटकों के लिए स्टे होम बनाकर मुनाफा कमा सकते हैं। राज्य सरकार ने कैबिनेट से मंगलवार को जिस नीति को हरी झंडी दिखाई है उसके तहत अब धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 750 रुपये तक जबकि शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कैबिनेट में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दी गई। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। पर्यटक लगातार 7 दिन तक यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल कराना होगा। अनुमति डीएम और एसपी-एसएसपी की अगुवाई वाली कमेटी देगी।

## कस्टम इंस्पेक्टर बनकर रचाई शादी, पता चला तो पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

- वर्दी पहनकर घूमता था, गांव की ही युवती से किया था निकाह
- पुलिस ने यूट्यूबर को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर बनकर गांव की ही युवती से ब्याह रचाने वाले यूट्यूबर को मंगलवार को हिरासत में लिया है। दहेज की मांग और फर्जी सीजीएसटी इंस्पेक्टर की हकीकत सामने आने पर पीड़िता ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही वीडियो बनाने में इस्तेमाल की गई वर्दी की तलाश कर रही है।

हाफिजगंज निवासी शहजाद अमहद यूट्यूबर है। उसने वर्दी पहनकर लोगों को बताना शुरू कर दिया किया वह कस्टम इंस्पेक्टर है। गांव के लोग भी उसकी बातों पर यकीन करने लगे। इसी दौरान उसने गांव की ही युवती इकरा से निकाह कर लिया। निकाह के बाद आरोपी शहजाद और उसकी मां शहनाज दहेज की मांग करते हुए इकरा का उत्पीड़न करने लगे। इसी बीच शहजाद जब दो माह तक ड्यूटी पर नहीं गया तो इकरा के भाई को शक हुआ। इसी दौरान आरोपी ने दहेज की मांग करते हुए इकरा को तीन तलाक की धमकी देकर घर से निकाल दिया। तब इकरा ने एसएसपी से मामले की शिकायत की।



फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर शहजाद अहमद।

अधिकारियों के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी शहजाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बारादरी पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि अपने कस्टम इंस्पेक्टर बताने वाले आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी की वर्दी की तलाश की जा रही है। उसे पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया जाएगा।

## सरकार ने नियुक्त किए 12 अपर महाधिवक्ता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए 12 अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है। इस आशय की सूचना विशेष सचिव लोकेश नागर ने महाधिवक्ता और हाईकोर्ट के महानिबंधक और लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक को भेजी है। इलाहाबाद के लिए सात जबकि लखनऊ पीठ के लिए कुल पांच अधिवक्ताओं को नियुक्त किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किए गए अधिवक्ताओं में अमित सक्सेना व अनूप त्रिवेदी के साथ दुर्गाविजय सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह व कार्तिकेय सरन हैं। लखनऊ के लिए अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल व सूर्यमणि सिंह रैकवार को आबद्ध किया गया है।

## नीट-पीजी परीक्षा 2025 तीन अगस्त को कराने की तैयारी

- एक पाली में परीक्षा कराने के लिए एनबीई ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नीट-पीजी, 2025 परीक्षा को 15 जून की जगह शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में आयोजित करने के लिए अनुमति मांगी है।

एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह परीक्षा को सुबह नौ बजे से अपराह्न 12:30 बजे के बीच आयोजित करेगा। एनबीई की याचिका में अन्य बातों के अलावा शीर्ष अदालत से नीट-पीजी 2025 को तीन अगस्त को निर्धारित करने की अनुमति मांगी गई है, जो इसके प्रौद्योगिकी साझेदार यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा दी गई सबसे पहले उपलब्ध तिथि है। याचिका में न्यायालय द्वारा 30 मई, 2025 के आदेश द्वारा पारित निर्देशों के अनुसार परीक्षा आयोजित करने का हवाला दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि एनबीई ने पहले 15 जून को निर्धारित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) को स्थगित करने का फैसला किया था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे दो पाली के बजाय एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश दिया था।

## मोदी करेंगे छह को कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का लोकार्पण

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

पहलगाम में आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बात प्रधानमंत्री का जम्मू-कश्मीर में पहला दौरा होगा। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं।

## बाघ ने ली एक और जान, भड़के ग्रामीण

- हजारा क्षेत्र में हुई घटना, घर से पानी लेने निकली थी महिला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जंगल से आबादी क्षेत्र में निकले एक बाघ में महिला को निवाला बना लिया। महिला पानी लेने के लिए घर के बाहर निकली थी। सूचना पर हजारा पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव बरामद कर लिया है। ग्रामीण आए दिन होने वाली घटना को लेकर आक्रोशित दिखे। पुलिस उन्हें शांत कराती रही।

घटना मंगलवार देर शाम की है। हजारा थाना क्षेत्र के गांव शांतिनगर के रहने वाले राम किशोर खेती करते हैं। उन्होंने खेत में ही घर बना रखा है और वहीं परिवार के साथ रहते हैं। बताते हैं कि देर शाम उनकी पत्नी 40 वर्षीय रेशमा देवी घर के बाहर पानी भरने गई थीं। नजदीक में ही सम्पूर्णानगर का जंगल है। वहां से निकले बाघ ने महिला पर हमला कर दिया और जान ले ली। शोर पर ग्रामीण जमा हुए और सूचना पुलिस, वन विभाग को दी। महिला पर हमला करने के बाद बाघ उसके शव को करीब तीन सौ मीटर तक खींचकर जंगल के भीतर ले गया।

### घर में सो रहे बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

**बहराइच।** बहराइच जिले में महसी तहसील के गदामार कलां गांव में घर में सो रहे दो वर्षीय बच्चे को भेड़िया उठाकर ले गया, क्षत-विक्षत शव मंगलवार सुबह एक खेत में मिला। मृत बच्चे की मां खुशबू ने बताया कि सोमवार की रात दो साल के आयुष एवं बेटी के साथ घर के बरामदे में सोए हुए थे, तभी भेड़िया बच्चे को उठा ले गया। सुबह गन्ने के खेत में शव मिला। यह मामला उसी इलाके का है जहां गत वर्ष भेड़िए के हमले का प्रकोप था।

## अब मतदान खत्म होते ही अपडेट करना होगा डाटा

- निर्वाचन आयोग ने बनाई आंकड़े अपडेट करने की नई व्यवस्था
- बिहार विधानसभा चुनाव के साथ शुरू की जाएगी यह प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग मतदान के आंकड़े अद्यतन करने की एक नई व्यवस्था करने जा रहा है जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र का पीठासीन अधिकारी (पीआरओ) को मतदान बंद होने के बाद तुरंत, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले मतदान के आंकड़े आयोग के एकीकृत डिजिटल ऐप ईसीआईएनईटी में दर्ज करना होगा, ताकि क्षेत्र-वार मतदान प्रतिशत की सूचना में विलम्ब कम से कम हो।

यह व्यवस्था बिहार विधानसभा चुनाव के साथ शुरू की जाएगी। बिहार में अक्टूबर में चुनाव कराए जाने हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेद्र कुमार के नेतृत्व में आयोग का यह निर्णय आखिरी दो घंटों के मतदान प्रतिशत को जारी होने में विलम्ब को लेकर पार्टियों और प्रत्याशियों द्वारा प्रायः उठाए जाने वाले सवालों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण फैसला है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि अभी तक पीठासीन अधिकारी ईवीएम जमा कराने के बाद अंतिम आंकड़े अपडेट करते हैं।

## सैन्य कर्मचारियों की गोपनीयता जरूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों की गतिविधियों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के संदर्भ में, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी लोगों की नज़रों में आए हैं लेकिन पेशेवर कवरेज अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जीवन तक पहुंच गया है।

# पाकिस्तान ने अब माना, भारत ने आकर खूब धोया

## ऑपरेशन सिंदूर पर पड़ोसी देश का कुबूलनामा, भारत ने सात और ठिकानों पर भी किया था हमला

नई दिल्ली, एजेंसी


ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान ने एक नया दस्तावेज जारी किया है जिसमें पिछले महीने चार दिनों तक भारत से चले सैन्य संघर्ष में पाकिस्तानी ठिकानों पर भारत के सटीक हमलों की जानकारी दी है, उसने सात ऐसे ठिकानों का जिक्र किया है, जिनके बारे में पहले पता नहीं था।

पाकिस्तान ने कहा है कि भारत ने खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर, सिंध प्रांत के अटक, बहावलनगर, छोर और हैदराबाद तथा पंजाब प्रांत के गुजरात और झंग में विभिन्न ठिकानों को निशाना बनाया।

पाकिस्तान की ओर से ऑपरेशन बनयान-उम-मर्सूस पर जारी किए गए दस्तावेज में उपरोक्त जानकारी शामिल है, जिसे भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में शुरू किया गया था। पाकिस्तानी मीडिया के साथ साझा किए गए दस्तावेज में आठ, नौ और 10 मई को भारत की ओर से पाकिस्तान में किए गए ड्रोन हमलों का विस्तृत ब्योरा दिया गया है। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था, जिसके तहत पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लंबी दूरी के हथियारों से आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए थे।

भारतीय सशस्त्र बलों ने मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के मरकज तैयबा, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के मरकज सुभान अल्लाह और सियालकोट में हिजबुल मुजाहिदीन के महमूना जोया सहित नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। भारतीय सशस्त्र बलों ने बरनाला के मरकज अहले हदीस में लश्कर के अड्डे और मुजफ्फराबाद के शवाई नाला में संगठन के शिविर पर भी हमला किया था।

### पाकिस्तान ने आठ घंटे में ही टेक दिए थे घुटने : सीडीएस



**पुणे।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। कहा कि पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा था लेकिन भारत उसे आठ घंटे में ही घुटने पर ला दिया। सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध में मनोबल बनाए रखना होता है।

**आज का मौसम**

तेज हवा चलने के साथ बारिश के आसार।

31.0⁰ अधिकतम तापमान | 22.0⁰ न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- सेंट्रल यूपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी की ओर सेमिनार का आयोजन होटल ओबराय आनंद में शाम 8:30 बजे।
- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर रैली तिलक इंटर कॉलेज से थाना कोतवाली तक दोपहर 12 बजे।
- मॉडल टाउन श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 8 बजे से
- विकल्प संस्था की ओर से अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर श्रमदान एवं जल संसद का आयोजन गांव सहसिया में शाम 5 बजे।
- श्री संकट मोचन हनुमान समिति की ओर से महानगर स्थित हनुमान मंदिर में रजत मुकुट कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से।

# मौसम : दिन में धूप ने किया बेहाल, शाम को बारिश ने दी गर्मी से राहत

## अधिकतम 35.1 और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री हुआ दर्ज, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दो दिन तक बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मंगलवार को बारिश के बाद डीएम आवास के सामने रोड पर जलभराव।


सुभाषनगर पुलिया के नीचे पानी भरने पर आवाजाही में लोगों को दिक्कत हुई।


बारिश से गर्मी से बेहाल लोगों को मिली राहत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को दिन में धूप ने लोगों को बेहाल किया, मगर शाम को बारिश ने राहत दी। मौसम वैज्ञानिकों ने दो दिन और बारिश के आसार जताए हैं। शुक्रवार से अगले सप्ताह तक मौसम साफ होने से पारे में बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है।

मंगलवार को दिन की शुरुआत धूप के साथ हुई। लोगों को गर्मी और उमस का अहसास हुआ। शाम होते होते करीब चार बजे बादल छाए रहने के साथ झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। शाम पांच बजे मौसम सुहाना हो गया। हालांकि बादल देर शाम तक छाए रहे।

आईएमडी की आधिकारिक बेवसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम 35.1 और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान सुबह 66 और शाम को 95 प्रतिशत हवा में नमी दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अरब सागर में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पश्चिमी यूपी में बारिश के आसार बने हुए हैं। बरेली में करीब दो दिन और बारिश के आसार है। बुधवार और गुरुवार को भी बारिश के आसार हैं। वहीं, शुक्रवार से सोमवार तक मौसम साफ रहने का अनुमान है।

# बारिश ने दी चेतावनी, जलभराव से निपटने का करें इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कई मोहल्लों की सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान होते रहे**

**अमृत विचार :** शहर में हुई मंगलवार की शाम को बेमौसम बारिश से कई जगहों पर जलभराव हो गया। निचले इलाकों की सड़कों पर पानी भरने की समस्या रही, जबकि नगर निगम का दावा है कि इस बार पांच करोड़ रुपये से नाला सफाई का काम किया जा रहा है। जलभराव शून्य की श्रेणी में शहर को लाया जाएगा, इसको लेकर ड्रोन सर्वे भी कराए गए हैं।

मंगलवार की शाम से कुछ देर के लिए तेज बारिश होने की वजह सिविल लाइंस, सुभाष नगर पुलिया, हजियापुर, संजयनगर, बाकरगंज, जगतपुर, आकाशपुरम, आजमनगर, कांकरटोला, शहदाना, सूफीटोला, पुराना शहर, मुंशी नगर, बन्नू वाल नगर समेत अन्य इलाकों में जलभराव हो गया। सबसे ज्यादा परेशानी निचले इलाकों के लोगों को उठानी पड़ी, जहां पर लोगों को जलभराव और कीचड़ से होकर आना-जाना पड़ा। जबकि कई जगह सड़क चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, सीवर ब्रांच लाइन डालने की लाइन डालने का काम चल रहा है। बारिश से खुदाई कर निकाली गई मिट्टी सड़क पर फैल गई। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। इतना ही नहीं नाला सफाई के दौरान निकाली गई सिल्ट का ढेर सड़क पर फैल गया।

# तेज हवा व बारिश से लाइन में ब्रेकडाउन आधे शहर में लोगों ने झेला बिजली संकट

## रामपुर बाग में लाइन पर गिरा पेड़, सीबीगंज और परसाखेड़ा में भी रही दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली


आंधी से बरेली जंक्शन के समीप रेलवे कॉलोनी में मकान के बाहर गिरा पेड़।


फाल्ट ठीक करता बिजली कर्मचारी।

**अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश से मंगलवार शाम कई जगह लाइन में ब्रेकडाउन से आधे शहर में बिजली संकट गहरा गया। कुछ जगह लाइनों पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित हुई। कोहाड़पीर, मिशन सबस्टेशन, परसाखेड़ा और सीबीगंज क्षेत्र में सबसे ज्यादा दिक्कत रही। बारिश रुकने के बाद बिजली कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग कर फाल्टों को ठीक करके आपूर्ति को सुचारू किया।

शाम चार बजे बारिश शुरू हुई। उसके बाद शाम पांच बजे तेज हवा चलने के बाद फाल्ट न हो, इस डर की वजह से शहरभर के सबस्टेशन पर आपूर्ति को बंद कर दिया गया। शाम 4: 45 बजे मिशन सबस्टेशन की 33 केवी सप्लाई फेल हो गई। इससे आपूर्ति बाधित हो गई। शाम पांच बजे सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन के सभी फीडर तेज हवा चलने के बाद बंद कर दिए गए। शाम 7 बजे सीबीगंज सबस्टेशन के बिधौलिया, कैंफर कॉलोनी का फीडर ब्रेकडाउन में होने से आपूर्ति ठप हो गई।

परसाखेड़ा सबस्टेशन के रोड नंबर एक, छोटी स्टेट, अम्रपाली फीडर पर भी तेज हवा के चलते ब्रेक डाउन होने से बिजली बाधित हुई। कोहाड़ापीर सबस्टेशन पर 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में चली जाने से दो घंटे बिजली संकट बना रहा। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जसोली चूना भट्टा के पास मंगलवार शाम 4 से रात 8 बजे तक बिजली कटौती की गई। राजेंद्र नगर सबस्टेशन के इंद्रानगर में बारिश के बाद फाल्ट होने से तीन घंटे आपूर्ति बाधित रही। रामपुर बाग में तेज हवा के चलते बिजली लाइन पर पेड़ गिर गया। जिससे कई इलाकों में चार घंटे आपूर्ति बाधित रही। कुतुबखाना, किला, सुभाषनगर समेत कई इलाकों में बिजली समस्या रही।

### दिन में भी कई स्थानों पर आपूर्ति रही प्रभावित

संजयनगर इलाके में सोमवार रात ट्रांसफार्मर में आई खराबी के बाद मंगलवार सुबह 10 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। शाहदाना और कुतुबखाना सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में मंगलवार को फेस नहीं आने की समस्या रही। मिशन सबस्टेशन के कुंवरपुर में सोमवार रात ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से बिजली कटौती पर उपभोक्ताओं ने हंगामा किया था। मंगलवार सुबह भी इलाके में बिजली का संकट बना रहा। दोपहर को हरूनगला सबस्टेशन के सेक्टर पांच रामगंगा कॉलोनी में ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित रही। शाहदाना के कांकर टोला, हरूनगला के सुरेश शर्मा नगर में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

# चलन से बाहर हुए 39 करोड़ के स्टांप में लगाई गई आग

**बरेली,अमृत विचार :** नए वित्तीय वर्ष से चलन से बाहर हो चुके 10 से 25 हजार के 39 करोड़ से अधिक के स्टांप को मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आग लगाकर नष्ट करा दिया गया। विभागीय अधिकारियों के आदेश पर गड्ढा खोदकर स्टांप में उसमें डालकर आग के हवाले कर दिया गया।

दरअसल, यूपी सरकार ने एक अप्रैल 2025 से पुराने स्टांप को चलन से बाहर कर ई-स्टांप की व्यवस्था लागू कर दी है। इसके पीछे सरकार की मंशा है कि ई-स्टांप से व्यवस्था पारदर्शी होगी और गड़बड़ियों पर रोक लगेगी। एक अप्रैल से शासनादेश लागू होने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित कोषगार में 10 हजार के 5 करोड़ 8 लाख के 5080 स्टांप, 15 हजार वाले 8 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये के 5502, 20 हजार के 8 करोड़ 17 लाख 80 हजार रुपये के 4089 स्टांप और 25 हजार वाले 18 करोड़ 30 लाख रुपये के स्टांप रद्दी हो गए थे। चलन से बाहर हुए कुल 39 करोड़ 81 लाख रुपये के स्टांप कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में जमा थे।

# तीन सफाई नायकों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, बरेली


बदायूं रोड पर नाला सफाई का निरीक्षण करते नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य।

- **नेशनल क्लीन एंड एयर प्रोग्राम के कामों में कमी पाए जाने पर फर्म को नोटिस जारी**
- **नगर आयुक्त ने निरीक्षण में खामियां मिलने पर सफाई निरीक्षकों को लगाई फटकार**

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने मंगलवार को नाला सफाई और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नाला सफाई में लापरवाही पाए जाने पर सफाई निरीक्षकों को फटकार लगाई और तीन वार्डों के सफाई नायकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। उधर, नेशनल क्लीन एंड एयर प्रोग्राम के तहत किए जा रहे कार्यों में खामियां पाए जाने पर ठेकेदार को नोटिस जारी किया है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, सहायक अभियंता मुकेश शाक्य, बीना मौर्य के साथ मंगलवार को पुलिस लाइन के पास निर्माणाधीन नेशनल क्लीन एंड एयर प्रोग्राम के कार्यों की हकीकत जानी। यहां पर हॉटमिक्स व साइड पटरी निर्माण कार्य किया जा रहा था। सड़क में डाली गई इंटरलॉकिंग कई जगहों पर धंसी मिली। सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति और लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार मैसर्स राजीव ट्रेडर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उधर, बदायूं रोड पर सफाई व्यवस्था परखी तो शुगर फैक्ट्री से कुंवर रिसोर्ट होते हुए बीडीए कालोनी तक नाला सफाई कार्य के दौरान जगह-जगह सिल्ट व फ्लोटिंग पाई गई। कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर 3 दिवस में कार्यदायी एजेंसी मैसर्स हिमगिरी इंटरप्राइजेज संचालक को मैन पॉवर बढ़ाने व मशीन का उपयोग करने का निर्देश दिया। यहां पर लापरवाही पाए जाने पर फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं बदायूं रोड मुख्य मार्ग की सफाई में लेबर आपूर्ति का ठेका मैसर्स इग्नाइटेड सॉफ्ट का है। बदायूं रोड के किनारे, डिवाइडर पर गंदगी मिलने पर लापरवाही पर नोटिस जारी किया है। इन कार्यों की देखरेख कर रहे क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक नीरज कुमार को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी और वार्ड-12, 7 और 4 के सफाई नायकों का वेतन रोकने के आदेश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि चेतावनी के बाद भी सुधार नहीं होता तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।


डीएम कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे रजा एक्शन कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ईद-उल-अजहा पर सुरक्षा और बिजली व्यवस्था रहे दुरुस्त

- **ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया**

**बरेली,अमृत विचार:** ईद उल अजहा (बकरीद) पर जिला सहित पूरे प्रदेश में सुरक्षा, बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने समेत कई मांगों को लेकर ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया।

ज्ञापन में कहा गया कि अलीगढ़, पीलीभीत की घटनाओं के मद्देनजर बकरीद पर सुरक्षा कड़ी की जाए। ईद के मौके पर कुर्बानी के जानवरों को खरीदने और बेचने का सिलसिल चलता है, लेकिन कुछ लोग जानवर खरीदने और बेचने वालों को पशु तस्कर बताकर उनके साथ मारपीट करते हैं। इसलिए पशु व्यापारियों को सुरक्षा दी जाए। साथ ही पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि कुर्बानी की जगह का निरीक्षण कर लें। जिससे त्योहार के दिन कुर्बानी के स्थानों पर कोई अव्यवस्था न हो।

ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश जारी किए जाएं। बिजली कटौती बंद की जाए। इस दौरान हाफिज इमरान रजा बरकाती, अब्दुल हलीम खान, अब्दुल लतीफ कुरैशी, राजू बाबा, हनीफ अजहरी, सलमान रजा, कासिम कुरैशी, साबिर रजा, आरिफ रजा आदि मौजूद रहे।

# घनी बस्ती के पास खुले नालों से हादसे का भय

कार्यालय संवाददाता, बरेली


सेटेलाइट बस स्टैंड पर सफाई के बाद खुला पड़ा नाला। ● अमृत विचार

- **बारिश के दिनों बढ़ जाता है खतरा, जहां से हजारों लोग गुजरते है, वहां पर खुले हैं नाले, नगर निगम ने बनाई कार्ययोजना**

**अमृत विचार :** शहर की घनी आबादी वाले इलाकों में खुले नालों के कारण हादसों होने का भय बढ़ता जा रहा है। कई बार नालों में गिरकर लोगों को चोटिल हो चुके हैं, वहीं बच्चों और बुजुर्गों के लिए समस्या और भी गंभीर बन गई है। बारिश के दिनों में खुले नालों से खतरा बढ़ जाता है क्योंकि जलभराव के कारण उनकी गहराई नजर नहीं आती है। इसको लेकर नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि नाले पर स्लैब रखने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।


शहर में विभिन्न जगहों पर घनी बस्ती और भीड़भाड़ वाले दुकानों के पास खुले नाले हैं। लापरवाही का आलम यह है कि नाले निर्माण कराने के बाद निगम कवर्ड करना भूल गया है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन तमाम नाले कवर्ड नहीं किए गए हैं।

प्रमुख घनी बस्तियों और चौराहों पर नाले खुले हैं, जहां से हजारों लोगों का हर रोज आना-जाना होता है। संजय नगर में सीवर में गिरकर बच्चे की मौत हो गई थी। मंगलवार को देखने को मिला कि सेटेलाइट बस अड्डे पर खुले नाले के बगल से यात्री आ-जा रहे थे, यहां पर बारिश होने के कारण फिसलन हो गई थी, थोड़ी सी चूक से बड़ा हादसा हो सकता था। पीलीभीत बाईपास रोड पर कुछ जगहों पर शराब की दुकानों के पास काफी संख्या में लोगों की देर रात तक रहते है। यहां पर बड़ा नाला खुला हुआ है और चोक भी है। रामपुर गार्डन क्षेत्र में कार बाजार के पास बड़ा नाला खुला हुआ है। यहां के लोगों ने बताया कि कई बार लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। इसी बदायूं रोड पर नाले खुले हुए हैं। जहां पर हादसा होने का भय बना हुआ है। **हादसा होने पर एक दूसरे पाले में डालते है गेंद : बरेली:** नाले के वजह से हादसे होने पर कुछ अधिकारी एक दूसरे के विभाग का नाला होने की बात कह कर बचाव करने लगते हैं। सोमवार को बालक का शव मिलने पर जलकल विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एक दूसरे के पाले में गेंद डाल रहे थे। दोनों विभागों का कहना था कि मेरे विभाग का नाला नहीं है।

### नगर आयुक्त बोले- ढके जाएंगे नाले

**बरेली, अमृत विचार :** नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि नगर निगम घनी बस्ती के नालों को ढकने का कार्य करेगा। इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसके अलावा निगम स्वच्छता विभाग को भी निर्देश दिए गए हैं कि नालों की समय-समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि गंदगी और रुकावट के कारण जलभराव न हो। इसमें जनसहयोग भी जरूरी है। इसके लिए टीम लोगों जागरूक कर रही है कि वे नालों में कचरा न फेंकें और सफाई में सहयोग करें।

**श्रद्धांजलि एवं तेरहवी संस्कार**



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय

**श्री कौशल किशोर शर्मा**

का स्वर्गवास दिनांक 25-05-2025 को हो गया है

जिनका श्रद्धांजलि एवं शांतिपाठ

4 जून 2025 दिन बुधवार को अपराहन 2 बजे से 3 बजे

एवं तेरहवीं संस्कार

6 जून 2025 दिन शुक्रवार को 12:00 बजे से

स्थान-खुशहाली आश्रम

निकट साउथ सिटी कॉलोनी बदायूं रोड बरेली पर सम्पन्न होगा।

-: शोकाकुल परिजन :-

सावित्री देवी शर्मा (पत्नी)

राकेश शर्मा - स्व. माधवी शर्मा (पुत्र एवं पुत्रवधु)

राजीव शर्मा - श्रीमती वन्दना शर्मा (पुत्र एवं पुत्रवधु)

रजनी शर्मा - श्री योगेश शर्मा (पुत्री एवं दामाद)

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा** - डा. दीपशिखा जोशी (पुत्र एवं पुत्रवधु)

**(विधायक 123 बिथरी चैनपुर)**

स्व. कृष्ण गोपाल शर्मा - श्रीमती श्वेता शर्मा (पुत्र एवं पुत्रवधु)

डा. विष्णु शर्मा - श्रीमती शिप्रा चौबे (पुत्र एवं पुत्रवधु)

-: निवेदक :-

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा** - विधायक 123 बिथरी चैनपुर

Mob.: 9897746583, 9411451135

# सर्वे में अपात्र मिले परिवारों का दोबारा होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जीरो पॉवटी : सर्वे में पात्रों के छूटने की आशंका पर सीडीओ ने विभागों को दिए निर्देश**
- **तीन दिन में आठ विभागों को सभी परिवारों का सत्यापन कर सौंपनी है रिपोर्ट**

> जीरो पॉवर्टी योजना सरकार की प्राथमिकता में है। हमारा प्रयास है कि इस योजना के तहत लाभ पाने से कोई भी पात्र छूटने न पाए। इसलिए दोबारा सत्यापन कराने के लिए कहा है। सत्यापन में पात्र मिले परिवार पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। उसे भी जल्द सही करने के निर्देश दिए हैं। -**देवयानी**, सीडीओ

> अपात्र मिले अलग-अलग विभागों के लोगों का दोबारा से सत्यापन कराने के आदेश मुख्य विकास अधिकारी ने दिए हैं, जिससे अगर पूर्व में हुए सत्यापन में कोई परिवार छूट गया हो तो उसे योजना का लाभ दिया जा सके। -**कमल किशोर**, डीपीआरओ/नोडल अधिकारी जीरो पॉवर्टी

**अमृत विचार :** जिले को गरीबी से मुक्त करने के लिए जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत किए गए सर्वे में अपात्र मिले परिवारों का दोबारा से सत्यापन होगा। सर्वे में पात्रों के छूटने की आशंका के मद्देनजर सीडीओ ने सभी विभागों को दोबारा से सत्यापन करने के आदेश दिए हैं। छह जून तक रिपोर्ट मांगी गई है।

जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत एक अक्टूबर 2025 तक जिले को गरीबी से मुक्त करने की योजना है। इसके लिए जिले की सभी 1188 ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं से वंचित 25-25 परिवारों को चिह्नित किया गया है। करीब 27 हजार से अधिक लोगों को चिह्नित किया गया है, जो विभिन्न योजनाओं का लाभ अब तक नहीं पा सके हैं। किसी के पास सिर ढकने के लिए छत नहीं तो किसी के पास दो जून की रोटी का इंतजाम नहीं है। अब इन लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभाग की ओर से तैयारियां की जा रही हैं।

आंकड़ों के अनुसार 27 हजार के सत्यापन में पूर्ति विभाग के 45, आयुष्मान योजना 10195, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के 9006, दिव्यांग पेंशन के 155, वृद्धावस्था पेंशन के 1503, विधवा पेंशन के 1079, पीएम किसान सम्मान निधि के 2962 और श्रम विभाग के 747 परिवार अपात्र पाए गए थे। मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जीरो पॉवर्टी के तहत चिह्नित किए गए पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित करने के आदेश दिए हैं।

ऐसे में सीडीओ का प्रयास है कि सत्यापन में अपात्र करार दिए परिवार कहीं पात्र तो नहीं हैं और बाद में कोई मुद्दा न बने। इसको लेकर उन्होंने सभी विभागों को अपात्रों का फिर से सत्यापन कराने का आदेश दिया है। छह जून तक सभी विभागों से सत्यापन कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। वहीं, सत्यापन में पात्र मिले परिवार पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। अफसरों ने उसे भी जल्द ठीक कराने की बात कही है।

# दो अवैध कालोनियों पर बीडीए का चला बुलडोजर

**बरेली,अमृत विचार:** बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को दो जगहों पर बिना मानचित्र के बसाई जा रहीं कालोनियों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

दोपहर में प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम थाना इज्जत नगर ग्राम मुड़िया अहमद नगर पहुंची, जहां पर अश्वनी शर्मा की ओर से करीब 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क, बाउंड्रीवाल , भूखंडों का चिन्हांकन कर अवैध कॉलोनी का निर्माण निर्माण किया जा रहा था। नवनीत अग्रवाल की ओर से ग्राम मुड़िया अहमद नगर के नकटिया नदी के किनारे करीब 6000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध कालोनी बसाई जा रही थी।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# कस्टम इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर लोगों को दिखाता था रौब

- नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को देता था ऑनलाइन टिप्स
- वर्दी पहनकर गांव आया तो लोगों ने किया था हीरो जैसा स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूट्यूबर शहजाद की इंस्टाग्राम पर कई रील वायरल हो रही हैं। इसमें वह कस्टम इंस्पेक्टर की वर्दी पहने नजर आ रहा है। वह गांव के लोगों को खुद को कस्टम इंस्पेक्टर बताकर रौब गांठता था। यही नहीं, वह अन्य युवकों को नौकरी दिलाने के लिए उन्हें ऑनलाइन टिप्स भी देता था। उसके साथ चार-पांच युवक और हैं, जो रील बनाने में उसका साथ देते हैं। पत्नी के पोल खोल देने की वजह से उसकी असलियत लोगों के सामने आ गई और उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज हो गई है।

हाफिजगंज का रहने वाला यूट्यूबर शहजाद अहमद शातिर है। वह कस्टम इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर रील्स बनाता और सोशल मीडिया पर वायरल करता है। धीरे-धीरे उसने गांव के लोगों को बताना शुरू कर दिया कि वह कस्टम इंस्पेक्टर है। गांव में वर्दी पहनकर आता तो लोग उसका बड़े अधिकारी की तरह स्वागत करते। वह भी चौड़ा हो जाता और गांव के बच्चों से भी कहता कि वे लोग उसकी ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करके पुलिस या कस्टम विभाग में इंस्पेक्टर बन सकते हैं। गांव के लोग उसकी बातों पर यकीन करने लगे।

**पिता करते हैं दर्जी का कार्य :** आरोपी शहजाद के पिता की गांव में ही दर्जी की दुकान है। वह तीन भाई हैं। छोटा भाई पांचवीं में पढ़ता है, जबकि बीच वाला मोटर मैकेनिक है। गांव के लोगों ने बताया कि आरोपी ने गांव में कोचिंग सेंटर खोल लिया है। वह प्रति बच्चे से करीब 1500 रुपये प्रति माह फीस लेता है। लोगों को बताता था कि कोचिंग सेंटर पर आने वाले बच्चों को वह अपनी तरह ही वर्दी दिलवा देगा। उनका भविष्य बना देगा। सुबह को ही बुलेट बाइक से वर्दी पहनकर गांव से निकल जाता था। कहता था कि वह कस्टम में ड्यूटी करता है। उसकी ड्यूटी जिले की सीमाओं पर लगती है।

**हिरासत के बाद दो बार पड़ा बीमार :** इकरा ने शहजाद अहमद और उसकी मां शहनाज के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी शहजाद को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में उसकी दो बार तबियत बिगड़ गई। दोनों बार पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि शहजाद अहमद बीए पास है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि अब तक वर्दी नहीं मिली है। वर्दी मिलने के बाद ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


दोस्तों संग कस्टम इंस्पेक्टर की वर्दी में शहजाद अहमद (बीच में)। ● सोशल मीडिया से

### कई तरह के फोटो और रील्स की वायरल

आरोपी ने इंस्टाग्राम पर कई रील्स बनाकर वायरल की हैं। इनमें एक रील में वह गांव के लोगों के साथ बड़े ही रौब के साथ चलता हुआ दिख रहा है। रील पर कैप्शन लिखा है कि 'ट्रेनिंग के बाद दोस्तों से पहली बार मुलाकात' दूसरे फोटो में उसके साथ पांच लोग हैं। इसके कैप्शन में अंग्रेजी में लिखा है ' 'टीम रेडी फार रेड' एक फोटो में वर्दी पहने लिखा पढ़ी कर रहा है। एक रील में वह लोगों से ऑनलाइन बैच ज्वाइन करने की अपील कर रहा है। उसमें भी वह वर्दी पहने हुए दिख रहा है। इस तरह की कई रील्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

### इकरा के घर वाले भी नहीं समझ सके हकीकत

पुलिस को दी तहरीर में इकरा ने बताया कि वह शहजाद अहमद से बात करती थी। दोनों एक-दूसरे को चाहते थे। शहजाद ने उसके पिता ने कुछ लोगों से शादी करने के लिए कहलवाया, लेकिन पीड़िता के पिता ने मना कर दिया। इसके बाद सितंबर के आखिरी सप्ताह में शहजाद गांव में कस्टम इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर आया। लोगों को बताया कि उसकी नौकरी कस्टम विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर लग गई है। इसके बाद आरोपी ने दोबारा रिश्ता भेजा और गांव के संभ्रात लोगों से दबाव बनवाया। तब लोगों ने कहा कि लड़का कस्टम विभाग में नौकरी करता है। शादी कर दो। लोगों के कहने पर उसके पिता ने 18 दिसंबर 2024 को निकाह कर दिया। निकाह के कुछ दिन बाद शहजाद और उसकी मां शहनाज दहेज को लेकर ताने देने लगे। परेशान होकर पीड़िता के पिता लेने गए तो पीड़िता को घर भेज दिया।

### लंबे समय तक ड्यूटी पर न जाने से खुला भेद

इकरा ने बताया कि वह और शहजाद एक ही गांव में रहते हैं। कई माह से जब शहजाद ड्यूटी पर वापस नहीं गया तो उसके भाई को शक हुआ। उसने शहजाद से पूछताछ की तो वह टरकाने लगा। इसके बाद पीड़िता के भाई को यकीन हो गया कि शहजाद वर्दी पहनकर गांव वालों और उनके परिवार को बेवकूफ बना रहा है। वहीं पीड़िता को भी जब हकीकत पता चली तो वह सदमे में चली गई कि उसके साथ इतना बड़ा धोखा हुआ है। इसके बाद इकरा ने थाना बारादरी में तहरीर देकर शहजाद और उसकी मां शहनाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी यूट्यूबर को हिरासत में ले लिया।

## गौवध प्रयास के आरोपी को 5 वर्ष की कैद, जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** गौवध प्रयास के आरोपी फरीदपुर ग्राम मेवा शर्फापुर निवासी आरिफ को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने 5 वर्ष कारावास व 5 लाख 50 रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। वहीं तीन को बरी कर दिया।

सरकारी वकील सुनील पाण्डेय ने बताया कि फरीदपुर ग्राम गूजर गौटिया निवासी वादी मुकदमा रामराज ने थाना फरीदपुर में तहरीर देकर बताया था कि 17 जून 2023 को रात 9:30 बजे उनकी गाय गांव के बाहर घेर के पास बैठी थी, तभी 3-4 लोग एक पल्सर बाइक से आए और अंधेरे में मांस की बिक्री करने के इरादे से उसका वध करने लगे। गाय के रंभाने पर जाकर देखा तो 3-4 लोग गाय को पकड़ कर छुरियों से काट रहे थे। उनके पुकारने पर गांव वाले आ गये। इस पर उन्हें देखकर गौवध करने वाले भागने लगे, तीन लोग भागने में सफल हो गये, आरिफ को मौके पर पकड़ लिया।

## दीवार में नकब लगाकर नकदी और जेवर चोरी

**नवाबगंज, अमृत विचार:** दीवार में नकब लगाकर चोरों ने एक ग्रामीण के मकान से नकदी और जेवर पार कर दिया । सुबह घर वाले नींद से जागे तो उन्हें चोरी का पता चला तो उनके पैरों के तले स जमीन घीसक गई। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव पिपरा निगाही निवासी राशिद ने बताया सोमवार रात 12 बजे चोर दीवार में नकब लगाकर उसके घर में घुस आए और 25 हजार की नकदी और आभूषण चुरा ले गए । उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी है ।

## जोगी नवादा में नालियों का पानी रोड पर भरा, लोग परेशान


कमिश्नरी में ज्ञापन देने पहुंचे किसान नेता। ● अमृत विचार

- शिकायत के बाद भी नगर निगम समस्या का समाधान नहीं कर रहा
- मंडलायुक्त को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त प्रशासन को सौंपा
- भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने उठाईं समस्याएं, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने नगर निगम से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए मंगलवार को प्रदर्शन कर अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। इसमें जलभराव, सड़क, सफाई और लाइटों आदि की समस्या के निदान की मांग उठाई गई।

पदाधिकारियों ने बताया कि समस्या के निदान के लिए 3, 15 और 26 मई को नगर निगम के अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, मगर स्थिति जस की तस है। ज्ञापन में बताया है कि वार्ड 33 जोगी नवादा में नालियों का पानी रोड पर भरा हुआ है। इसके कारण लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। यहां पर सफाई के लिए कर्मचारी नहीं आते हैं। मोहल्ले में छुट्टा पशु और कुत्तों का आतंक है, इन्हें पकड़वाने की व्यवस्था की जाए। गलियों में लगी लाइटें हमेशा जलती हैं, इससे बिजली बर्बाद हो रही है। नगर निगम हाउस टैक्स का गलत बिल भेज रहा है, जिसे लोगों को दिक्कत आ रही है। ग्राम बाकर नगर सुंद्रासी में श्मशान भूमि को जाने के लिए रास्ता न होने के कारण लोगों को बारिश के दिनों में काफी परेशानी होती है। मोहल्ला नवादा की मुख्य सड़क खराब है। गुसाईं गौटिया वार्ड 46 में नालियो गंदगी से बजबजा रही हैं। दुर्गा नगर में अतिक्रमण से लोग परेशान हैं। ज्ञापन देने वालों में रनवीर सिंह फौजी, साहिल पटेल, नंद किशोर, दुर्गा प्रसाद गौरवती, दीपक फौजी, जीसुख लाल, नरेश कुमार, नरायन दास आदि शामिल रहे।

# भंडारे से लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में गई जान

## नवाबगंज में दोनों रहकर कर रहे थे पढ़ाई, शवों को रौंदते रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली/नवाबगंज


सुमित और पुष्पेंद्र का फाइल फोटो

- हादसे के बाद दोनों शव हो गए थे बुरी तरह से क्षत-विक्षत
- एक युवक का नहीं मिला सिर एक का कट गया था हाथ
- पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरखन गांव रोड पर ईंट भट्टे के पास सोमवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक से जा रहे दो युवकों कुचल दिया। दोनों युवक चेना से भंडारा खाकर नवाबगंज वापस आ रहे थे। हादसे के बाद तेज रफ्तार वाहन दोनों दोस्तों के शवों को रौंदते रहे, जिससे दोनों शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गए। एक युवक का सिर पूरी तरह कुचल गया, जो नहीं मिला है। घटना की सूचना मिलने पर दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया।

चेना गांव निवासी पुष्पेंद्र (22) और क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव पूरेनिया निवासी सुमित (20) आपस में दोस्त हैं। दोनों नवाबगंज में रहकर बीफार्मा की पढ़ाई कर रहे हैं। चेना गांव में सोमवार को भंडारा था। पुष्पेंद्र के कहने पर सुमित भी भंडरा खाने के लिए चेना चला गया। सोमवार को रात करीब 12 बजे दोनों बाइक से वापस नवाबगंज आ रहे थे। रास्ते में बरखन रोड पर ईंट भट्टा के सामने किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार वाहन दोनों दोस्तों को बुरी तरह से रौंदते हुए निकल गया। हादसे में पुष्पेंद्र का एक हाथ कट गया और पेट कुचल गया। वहीं सुमित का सिर धड़ से लग हो गया। रातभर दोनों के शवों के ऊपर से तेज रफ्तार वाहन गुजरते रहे, जिससे दोनों के शव क्षत-विक्षत हो गए। पुलिस ने सुबह चार बजे के करीब दोनों की शिनाख्त कराई और परिजनों को घटना की सूचना दी।

### दोनों में थी अच्छी दोस्ती

लोगों ने बताया कि पुष्पेंद्र और सुमित अच्छे दोस्त थे। दोनों नवाबगंज स्थित एक निजी कॉलेज से बीफार्मा कर रहे थे। पुष्पेंद्र का मकान नवाबगंज में ही बना है। वह अपने मकान पर रहता था, जबकि सुमित किराये के मकान में रहता था। दोनों का मंगलवार सुबह 10 बजे से पेपर था। हालांकि पुष्पेंद्र के परिजनों ने दोनों को रोकने का प्रयास किया था, लेकिन दोनों ने कह दिया कि वे लोग रात में पहुंचकर सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई कर लेंगे, इसलिए परिजनों ने भी इजाजत दे दी।

### परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

चेना गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार के पिता खेमकरन लाल कोटेदार हैं। पुष्पेंद्र सबसे छोटा बेटा था। बड़े बेटे सूरज गंगवार व मोहित कुमार सराफा का कारोबार करते हैं। सुमित कुमार की मां उर्मिला देवी और भाई अमित कुमार ने बताया सुमित बीफार्मा का छात्र था। दोनों का शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। खेमकरन लाल बेटे का शव देखकर बेहोश होकर गिर गए। वहीं सुमित की मां उर्मिला देवी भी दहाड़े मारकर गिर गईं। जो भी दोनों को संभालने की कोशिश करता। वह भी रोने लगता।

> सुमित और पुष्पेंद्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। पुलिस वाहन का पता कर रही है। दोनों छात्र थे।
> – राहुल सिंह, थाना प्रभारी नवाबगंज

## अनुबंध में आनाकानी पर आवंटन निरस्त कर कब्जे में लेंगे दुकान

**बरेली, अमृत विचार :** डेलापीर मंडी में बिना अनुबंध चल रहीं दुकानों का एग्रीमेंट कराने में कई व्यापारियों की ओर से आनाकानी की जा रही है। इसको लेकर मंडी सचिव सख्त हो गए हैं। उन्होंने अनुबंध नहीं कराने पर दुकानों का आवंटन निरस्त कर कब्जे में लेने की चेतावनी दे दी है। एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसके बाद कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

डेलापीर शहर की सबसे पुरानी और बड़ी मंडी हैं। करीब साढ़े तीन सौ दुकानें हैं, मगर किसी का एग्रीमेंट नहीं है। ऐसे में शासनादेश के अनुसार, दुकानों का संचालन अवैध माना गया है। स्थिति यह है कि 1997 से लेकर समय-समय पर बीच में हुए दुकानों का आवंटन तो कर दिया गया, मगर अनुबंध नहीं किया गया। अब मंडी सचिव संतोष कुमार इसको लेकर गंभीर हो गए हैं। पिछले माह उन्होंने व्यापारियों के साथ बैठक करके दुकानों का एग्रीमेंट कराने के लिए अपील की थी। इसके बाद व्यापारी इसके लिए राजी हो गए थे। सुपर मार्केट के 14 व्यापारियों की ओर से दुकानों का अनुबंध करा लिया गया है और बड़ी संख्या में व्यापारी इसके पक्ष में है। वे एग्रीमेंट कराने की तैयारी में हैं, लेकिन कुछ आढ़ती ऐसे भी हैं, जो आनाकानी कर रहे हैं। वे एग्रीमेंट नहीं कराना चाहते हैं। मंडी सचिव संतोष कुमार ने बताया कि बैठक के बाद व्यापारियों के कुछ सवाल थे। उनका समाधान करा दिया गया है।

# जीआरपी हेड कांस्टेबल की ट्रेन से कटकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली


हेड कांस्टेबल विनीत कुमार (फाइल फोटो)

- मुरादाबाद स्क्वायड ड्यूटी करके लौट रहे थे जंक्शन जीआरपी के हेड कांस्टेबल विनीत कुमार
- हेड कांस्टेबल की मौत पर पहुंचे आला अफसर, पुलिस अलग-अलग एंगल से कर रही जांच

**अमृत विचार :** जीआरपी के हेड कांस्टेबल की मंगलवार को भोर में बेगमपुरा एक्सप्रेस से ड्यूटी से लौटते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर जीआरपी और सिविल पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है।

जीआरपी इंस्पेक्टर परवेज अली के अनुसार जीआरपी बरेली में तैनात हेड कांस्टेबल विनीत कुमार यादव (27) पुत्र विनीत कुमार यादव मूलतः फर्रुखाबाद जिले के थाना क्षेत्र कंपिल के गांव बलीपुर गढ़ी निवासी थे। वह सोमवार को स्क्वायड ड्यूटी पर मुरादाबाद गए थे और मंगलवार को भोर में करीब चार बजे बरेली लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वह गेट पर खड़े थे। जंक्शन से कुछ दूर पहले सुभाषनगर थाना के सामने ट्रेन पहुंची थी कि इसी दौरान वह ट्रेन से नीचे गिर गए।

जीआरपी इंस्पेक्टर ने बताया कि गंभीर हालत में विनीत को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर एसएसपी अनुराग आर्य, सीओ द्वितीय अजय कुमार, सीओ जीआरपी एके सिंह भी पहुंच गए। विनीत के पिता सुरेश चंद्र यादव दिल्ली में आईएचसी कालेज में लिपिक पद पर कार्यरत हैं। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर पत्नी नेहा, बेटी प्रियांशी और बेटा वंशी का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

### दबंगों ने पिता और बेटी को पीटा

**भुता, अमृत विचार :** गांव खजुरिया श्रीराम में मंगलवार सुबह गोबर लेकर जाते समय किशोरी से रंजिशन महिलाओं ने मारपीट की। बचाने आए उसके पिता से महिला के परिजनों ने मारपीट की, सिर में बांका मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल डालचंद को अस्पताल में भर्ती कराया। ग्राम खजुरिया श्रीराम में सुबह डालचंद की बेटी अंशिका गोबर लेकर जा रही थी। तभी पड़ोसी महिलाएं उसे गाली देते हुए पीटने लगीं।

# आरटीओ के बाहर से हटाए दलालों के ठिकाने

- सुबह हुई ठिकाने हटाने की कार्रवाई, दोपहर बाद फिर सज गईं दुकानें
- कई बार बुल्डोजर चलाने की कार्रवाई के बाद भी नहीं हट रहे दलाल

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के बाहर बैठने वाले दलालों की दुकानों पर मंगलवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करके हटाया, लेकिन सुबह की गई कार्रवाई का असर दोपहर तक ही रहा। दलालों ने दोपहर के बाद फिर से कार्यालय के बाहर अपनी दुकानें सजा लीं। कई बार इन अवैध दुकानों पर बुल्डोजर चलाकर कार्रवाई हो चुकी है। उसके बाद भी यह दुकानें नहीं हट पा रही हैं।

परिवहन विभाग में सभी काम आनॅलाइन होने के बाद भी नकटिया स्थित आरटीओ के बाहर दलालों की दुकानें सजी रहती हैं। कार्यालय के बाहर लगने वाली अवैध दुकानों को कई बार हटाने के साथ ही बुल्डोजर की कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन दलाल हटने का नाम नहीं ले रहे हैं। एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने मंगलवार की सुबह कार्यालय के बाहर लगने वाली दुकानों को हटाकर उन्हें चेतावनी दी कि दोबारा से कार्यालय के बाहर दुकानें नहीं लगाएं। अधिकारियों की सख्ती के बाद कार्यालय के बाहर से दुकानें हट गईं, लेकिन दोपहर के बाद फिर से कार्यालय के बाहर पहले की तरह दुकानें सज गईं। आरोप है कि कार्यालय के बाहर बैठने वाले लोग आवेदकों से अधिक पैसे वसूलकर उनका काम कराते हैं। बताया जा रहा है कि कार्यालय के अंदर बैठने वाले कर्मचारियों से गठजोड़ होने के चलते दलालों द्वारा भेजे गए आवेदकों के काम जल्दी हो जाते हैं। एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने बताया कि जल्द पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

## दो पक्षों में मारपीट 11 लोग घायल

**भमोरा, अमृत विचारः** चकमार्ग के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले मारपीट में 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 37 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। रामपुर कांकर में सोमवार दोपहर राजस्व टीम चकमार्ग को नापने गई थी। इस दौरान गांव के पूर्व प्रधान और पूर्व कोटेदार पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को थाने ले आई, वहीं कुछ लोगों ने समझौता कर दिया। गांव पहुंचने पर दोनों पक्ष फिर भीड़ गए।

# लालच देकर खाता खुलवाने वाले ठग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पुलिस हिरासत में ठगी करने के आरोपी। ● अमृत विचार

- आरोपियों के कब्जे से एटीएम कार्ड, वोटर आईडी समेत अन्य दस्तावेज हुए बरामद

**अमृत विचार :** लोगों को लालच देकर खुलवाने वाले चार साइबर ठगों को प्रेमनगर पुलिस ने पीलीभीत रोड गंदा नाला के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एटीएम, वोटर आईडी, चार मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया है।

प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि मंगलवार सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि पीलीभीत रोड पर गंदानाला के पास चार लोग भोले-भाले लोगों का लालच देकर खाता खुलवाते हैं। इसके बाद खाता बुक, खाता से लिंक मोबाइल नंबर का सिम, एटीएम कार्ड ले लेते हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी फजल निवासी कोहाड़ापीर थाना प्रेमनगर, फैज, शाहनवाज निवासी भूड़ कब्रिस्तान और आमिर निवासी चाहबाई हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चार एटीएम कार्ड, चार खाता पर्ची, एक वोटर आईडी, एक पैन कार्ड, चार मोबाइल और 5,89,975 रुपये के बैंक लेन-देन के स्क्रीन शॉट लिए हैं। चारों आरोपियों को पुलसि ने जेल भेज दिया है।

### लालच देकर किराये पर लेते हैं खाता

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनका चाहबाई गुड़ बाग में अलीम अलवी जनसुविधा केंद्र है। उनका साथी फजल लोगों को खाता खुलवाता है। बदले में वह खाता धारकों को हर माह तय रकम देता है। इसमें वे लोग फजल का सहयोग करते हैं। इन खातों का प्रयोग वे लोग साइबर ठगी में करते हैं।

# ब्रांच लाइन डालने को छह माह पहले बनी सड़क खोदी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


सीवर लाइन डालने के लिए नई सड़क को मशीन से तोड़ते मजदूर। ● अमृत विचार

- सिकलापुर में ब्रांच लाइन नहीं डाले जाने की कई बार हुई थी शिकायत
- नगर निगम को लगा लाखों का चूना, आने-जाने में भी लोगों को परेशानी

**अमृत विचार :** नगर निगम ने सिकलापुर वार्ड में एक सड़क लाखों रुपये खर्च कर करीब छह माह पहले निर्माण कराया था। समय से सीवर लाइन की ब्रांच लाइन डालने का कार्य न कराये जाने के कारण अब सड़क बनने के कुछ माह बाद ही खुदाई करनी पड़ रही है। इस वजह से नगर निगम को लाखों रुपये की चपत तो लगी ही है, लोगों को आवागमन में भी दुश्वारियों को झेलना पड़ रहा है।

वार्ड 64 सिकलापुर में कालीबाड़ी रोड से बट्टू लाल चौक तक सीसी सड़क का निर्माण छह माह पहले किया गया था। पर ब्रांच सीवर लाइन का काम न होने के वजह से सिकलापुर के आजाद मंदिर रोड सहित कुछ अन्य जगहों पर जलभराव हो जाता है। इसको लेकर पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि ब्रांच लाइन को मेन सीवर लाइन से जोड़ा जाए ताकि वार्ड की जलभराव की समस्या दूर हो सके। लापरवाही के कारण जिम्मेदारों ने ब्रांच लाइन डालने के पहले ही सड़क का निर्माण करा दिया, जबकि ब्रांच लाइन डालने के लिए ठेका में भी देरी हो गई। अब सड़क बनने के करीब छह माह बाद फिर से सड़क की खुदाई कर ब्रांच लाइन डाली जा रही है। इसके कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पार्षद का आरोप है कि सड़क बनने से पहले सीवर की ब्रांच लाइन डालने के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब खुदाई करने से बारिश में लोगों को आने-जाने में असुविधा होगी। सही कार्ययोजना न होने के कारण वार्ड में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जा रही है। इसका निदान होना चाहिए।

## पति को दी अधिवक्ता पत्नी को उठा लेने की धमकी

**आंवला, अमृत विचारः** एक व्यक्ति ने अपने छह- सात साथियों के साथ एक रेहड़ी (ठेला) लगाने वाले को रोककर मारपीट की और उसकी अधिवक्ता पत्नी को घर से उठा लेने की धमकी दी है। अधिवक्ता पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तहसील के समीप निवासी चन्द्रवती सिंह एडवोकेट ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति गौतम सिंह राजपूत कस्बे के एक रिसॉर्ट तिराहा पर रेहड़ी लगाते हैं। दो दिन पहले शाम 7 बजे उसके पति के पास अजय निवासी मोहल्ला अनुपुरा पहुंच गया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर देख लेने की धमकी दी।

# विहिप-बजरंग दल पर अभद्र टिप्पणी में नदीम कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव का बयान
- हिंदू संगठनों के रोष व्यक्त करने के बाद प्रेम नगर थाने के दरोगा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** ऑल इन्डिया मजलिस इन्तेहादुल मुस्लमीन के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी ने सोमवार को विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। उनका ये बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हिंदू संगठनों में रोष उत्पन्न हो गया। कुछ लोगों ने एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की थी। इसके बाद प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा वीरेश भारद्वाज ने नदीम कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा वीरेश भारद्वाज ने बताया कि मौलानगर निवासी नदीम कुरैशी आल इंडिया मजलिस इन्तेहादुल मुस्लमीन के प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने सोमवार को बजरंगदल और विहिप कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के संबंध में गलत शब्द का प्रयोग किया था। इससे दोनों संगठनों और हिंदू संगठनों में रोष है। दरोगा ने बताया कि नदीम कुरैशी साम्प्रादियक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है। जिस वजह से उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### नदीम कुरैशी को मिली धमकी

नदीम कुरैशी के बयान के बाद लोगों में रोष है। अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति ने एक्स पर ट्वीट करके उनका सिर तन से जुदा करने की अपील की है। इस संबंध में नदीम कुरैशी के समर्थकों ने थाना प्रेमनगर में पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। उनके समर्थकों ने नदीम कुरैशी की सुरक्षा और परिवार की सुरक्षा के लिए इंस्पेक्टर प्रेमनगर से मांग की है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# शहर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी ने चुनावी समीकरणों पर की चर्चा



शहर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी निर्मोज यादव का स्वागत करते लोग।

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के सेक्टर और जोन प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक करने पहुंचे शहर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी निर्मोज यादव सोमवार की रात पार्टी प्रवक्ता मयंक शुक्ला के आवास पर भी गए, जहां पर पुष्प गुच्छ देकर प्रभारी का स्वागत किया गया। इस दौरान प्रभारी निर्मोज यादव ने शहर विधानसभा क्षेत्र के समीकरण, पूर्व के चुनाव की परिस्थितियों और 2027 को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रभारी ने कहा कि पार्टी को यह सीट जीत कर देना ही हम सब का संकल्प है।

इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख आदेश यादव ने शहर विधानसभा क्षेत्र की क्षेत्रवार और जातीय समीकरणों पर चर्चा की। इस मौके पर शिक्षक सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष भुवनेश यादव, परवेज यार खान, मुशाहिद खान मौजूद रहे।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण 30 तक पूरा करें

## जिलाधिकारी ने एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि, कार्यदायी संस्थायें निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान दें। किसी भी कीमत पर गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। समीक्षा के दौरान सामने आया कि बदायूं सिंचाई परियोजना का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग नई दिल्ली को भेजा गया है। अभी प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है। इसकी वजह से परियोजना लंबित है।

डीएम ने कहा कि उप्र. राजकीय निर्माण निगम की ओर से 47.53 लाख रुपये की लागत से क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण हो रहा है। कार्य पूरा करने की तिथि 30 जून है। कहा कि



अफसरों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। • अमृत विचार

- **समय सीमा बढ़ाने के लिए लिखा गया पत्र, बदायूं सिंचाई परियोजना का प्रस्ताव भी लंबित**

काम समय से पूरा नहीं होता है तो रैंकिंग प्रभावित होगी। कार्यदायी संस्था ने बताया कि लागत के सापेक्ष अभी 39 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। 90.6 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। कार्य पूरा करने के लिए तिथि आगे बढ़ाने के लिए पत्र भेजा गया है। डीएम ने जल निगम नगरीय की शीशगढ़ नगर पंचायत में पुर्नगठन पेयजल योजना, बिशारतगंज नगर पंचायत में पुर्नगठन पेयजल योजना, आंवला नगर पालिका परिषद (जोन-1) पुर्नगठन पेयजल योजना, पेयजल योजना वार्ड-23 इंदिरा नगर के कार्य को मानकों के अनुसार ही करने के लिए कहा। फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत पुर्नगठन पेयजल योजना (अमृत 2.0 कार्यक्रम) को लेकर बताया गया कि, इस योजना के लिए हाईवे क्रास करके 500 मीटर लाइन डाली जानी है। एनएचएआई की अनापत्ति के लिए डीएम ने बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। तहसील बहेड़ी के रिछा में राजकीय महाविद्यालय का कार्य, राज्यकर विभाग में फायर फाइटिंग का कार्य पूरा हो चुका है। हैंडओवर की प्रक्रिया चल रही है। राजकीय पौधशाला डेलापीर, किसान कल्याण केंद्र फरीदपुर, बिथरीचैनपुर का कार्य पूरा हो गया है।

### विभागों की गिरती रैंकिंग को लेकर जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मंगलवार को आईजीआरएस की समीक्षा बैठक में विभागों की स्थिति को लेकर नाराजगी जाहिर की। कहा कि, कई विभागों की रैंकिंग में लगातार गिरावट आ रही है। यह सही नहीं है। उन्होंने इस पर सुधार करने के निर्देश दिए। कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का समय और पारदर्शी तरीके से निस्तारण नहीं होने के मामले प्रकाश में आ रहे हैं, जिसकी वजह से रैंकिंग प्रभावित होती है। डीएम ने सभी एसडीएम से कहा कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायत का समय से रिपोर्ट लगाकर निस्तारित किया जाए और जिन शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान कराया जाए उनसे फोन पर बात कर फीडबैक जरूर लें। शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करें। एसडीएम से कहा कि अच्छा कार्य करने वालों लेखपालों को प्रोत्साहित किया जाए। कोर्ट के केस का समय से निस्तारण करें। डीएम ने कहा कि, इस समय सबसे ज्यादा शिकायतें आंगनबाड़ी में भर्ती के लिए जारी किए गए आय प्रमाण पत्र से जुड़ी आ रहीं हैं।

### बाढ़ निरोधक कार्य की ड्रोन से वीडियोग्राफी के आदेश

बैठक में कटान को रोकने के मद्देनजर नदियों के पास कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। देवहा नदी के दाईं ओर, रामगंगा नदी के दाईं ओर, बहगुल नदी के बाईं ओर, दोजोरा नदी के किनारे कटान निरोधक कार्य समेत 9 बाढ़ निरोधक कार्य बाढ़ खंड करा रहा है। डीएम ने कार्य से पहले व बाद की ड्रोन वीडियोग्राफी कराने निर्देश दिए हैं।

# जवानों के वेतन भत्ते के मामलों का त्वरित निस्तारण होगा



वेतन लेखा कार्यालय के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के मौके पर मौजूद रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा व अन्य अफसर।

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट स्थित जाट रेजिमेंटल सेंटर के निकट निर्मित वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी) के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मंगलवार को रक्षा लेखा महानियंत्रक (आईडीएएस) डॉ. मयंक शर्मा ने किया। उन्होंने जवानों के वेतन एवं भत्तों के त्वरित निस्तारण के लिए कर्मचारियों से कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने का आह्वान किया।

रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ आईडीएएस तरुण कुमार जाजोरिया ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस भवन में पर्याप्त कार्यालय कक्ष, कामकाजी महिलाओं के लिए आराम गृह, बच्चों के लिए क्रेच, आधुनिक तकनीक से सुसज्जित सम्मेलन

- **रक्षा लेखा महानियंत्रक ने वेतन लेखा कार्यालय के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन**

कक्ष, जलपान गृह, आगंतुक कक्ष व रक्षा पेंशनर्स के लिए विशेष स्पर्श कक्ष का निर्माण किया गया है। इस दौरान स्पर्श सर्विस सेंटर का भी शुभारंभ किया गया। इसके जरिये डिजिल प्लेटफार्म पर जल्द शिकायतें निस्तारित हो सकेंगी। प्रभारी सहायक नियंत्रक मनोज कुमार ने आभार जताया।

चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल राजेंद्र राय, एसएम, कमांडेंट ब्रिगेडियर मनीष कुकरेती, मुकेश शर्मा, अजय श्रीवास्तव, आशीष सेठी, समीर कुमार, शंभू शरण, मनोज शुक्ला, एसके दीक्षित, प्रशांत सक्सेना, नेत्रपाल शर्मा, प्रताप शंकर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# कतई परेशान न हों, एक-एक पात्र को मिलेगा आवास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नोडल अधिकारी ने भोजीपुरा ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में सर्वे का किया सत्यापन**
- **सर्वे में शामिल लोगों के घरों का जाना हाल, कहा, पात्रता के आधार पर मिलेगा आवास**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लाभान्वित करने के लिए साढ़े चार माह तक चले सर्वे के सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी गिरजा गुप्ता मंगलवार को भोजीपुरा ब्लॉक क्षेत्र में पहुंची। नोडल अधिकारी ने दो ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सर्वे में शामिल लोगों से बातचीत की। उनके घरों की स्थिति देखी। आश्वासत किया कि अगर सत्यापन में पात्र मिले तो सभी को आवास का लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए एक जनवरी से शुरू हुआ सर्वे 15 मई तक चला। इस दौरान 63301 लोगों को सूचीबद्ध किया गया। टीमों ने 38602 का सर्वे किया और 24699 लोगों ने सेल्फ सर्वे किया। पात्रता के मानकों पर परखने के लिए लाभार्थियों का तीन स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। पूरे हो चुके सर्वे में कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं की गई है, इसका सत्यापन करने के लिए ग्राम्य विकास आयुक्त के आदेश पर एसआईआरडी की उपायुक्त निरिजा गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त



चौपारा जनूबी में सत्यापन के दौरान जानकारी लेतीं नोडल अधिकारी। • अमृत विचार

किया गया है।

वह मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण के लिए नामित किए गए भोजीपुरा ब्लॉक क्षेत्र के गांव बोहित और चौपारा जनूबी पहुंची। यहां पर उन्होंने सर्वे में शामिल लोगों के घरों की स्थिति देखी। कौन, किस हालत में गुजर-बसर कर रहा है, इसका भी मुआयना किया। लोगों से बातचीत की। ग्रामीणों की ओर से कहा गया कि वे लोग गरीब हैं और आवास की जरूरत है। नोडल अधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि सर्वे के बाद सत्यापन किया जाएगा। इसमें अगर आप लोग पात्र पाए जाएंगे तो जरूर आवास मिलेगा। परेशान होने की जरूरत नहीं है। नोडल अधिकारी ने एक ग्राम पंचायत में टीम के सर्वे का सत्यापन किया और दूसरे में सेल्फ सर्वे का 10 से 15 प्रतिशत सत्यापान किया। इस दौरान बीडीओ भोजीपुरा कमल श्रीवास्तव, सचिव रेखा रानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**आज क्यारा ब्लॉक की दो पंचायतों में जाएंगी नोडल अधिकारी :** नोडल अधिकारी गिरिजा गुप्ता मंगलवार को भोजीपुरा में सत्यापन के बाद सर्किट हाउस लौट गईं। बुधवार को उनकी ओर से क्यारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खजुहाई मुस्तकिल, अंगुरी ठाकुरान में जाकर सर्वे का सत्यापन किया जाएगा।

# बिजली संविदा कर्मचारियों को बांटी सुरक्षा किट

**बरेली, अमृत विचार :** मिशन सब स्टेशन पर प्रशिक्षण के बाद मंगलवार को बिजली संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा किट बांटी गई।

दरअसल, पिछले माह मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने संविदा कर्मचारी सुरक्षा किट मुहैया कराने वाली कंपनी को पत्र लिखा था। मंगलवार को शहर के मिशन सबस्टेशन पर 50 संविदा कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर सुरक्षा किट दी गई। अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सुरक्षा किट में सेफ्टी वेल्ट, दस्ताने, हेलमेट आदि सामान है।

# यह कैसा लगाव : डिस्चार्ज के बाद भी घर नहीं जा रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में एक-एक बेड पर दो मरीज भर्ती करने पड़ रहे**
- **आरोप- कुछ मरीज बेहोशी का नाटक कर रहे, वार्ड प्रभारी ने एडीएसआईसी से की शिकायत**

**अमृत विचार :** डिस्चार्ज करने के बाद भी जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड से कई मरीज घर जाने के लिए तैयार नहीं हैं। इसकी वजह से वार्ड में एक एक बेड पर दो-दो मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। वार्ड प्रभारी का आरोप है कि कुछ मरीज बेहोशी का नाटक कर रहे हैं। ठीक होने के बाद भी घर नहीं जा रहे हैं। उन्होंने मामले की शिकायत एसडीएसआई से की है।

अस्पताल में बड़ों के लिए टीबी वार्ड के पास डायरिया बनाया गया है। वार्ड मरीजों से फुल चल रहा है। डॉक्टर के डिस्चार्ज करने के बाद भी कई मरीज यहां से घर नहीं जा रहे हैं। इससे अन्य मरीजों को इलाज प्रभावित हो रहा है। स्टाफ के पूछने पर डिस्चार्ज होने वाले मरीज



डायरिया वार्ड में एक बेड पर भर्ती दो मरीज। • अमृत विचार

अजीबोगरीब तर्क रहे हैं कि यहां समय पर भोजन मिलता है। इसलिए वे अभी घर नहीं जाना चाहते हैं। स्टाफ के अनुसार मरीज स्वास्थ्य होने के बाद बेहोश होने का नाटक कर रहे हैं। स्टाफ के वहां से चले जाने के बाद यही मरीज बेड से उठकर बैठ जा रहे हैं। स्टाफ का आरोप है कि डिस्चार्ज होने वाले मरीज जन प्रतिनिधियों से शिकायत करने की धमकी देते हैं।

### गंभीर मरीजों को भर्ती करने का संकट

दरअसल, डायरिया वार्ड में मरीजों के लिए कुल 12 बेड आरक्षित हैं। मंगलवार को यहां 18 मरीज भर्ती थे। स्वस्थ होकर मरीज घर नहीं जा रहे हैं, जिससे बेड खाली नहीं हो रहे हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को भर्ती करने का संकट पैदा हो गया है। हालांकि अस्पताल प्रशासन अब ऐसे मरीजों के तीमारदारों से संपर्क कर उन्हें घर ले जाने का प्रयास कर रहा है।

> डायरिया वार्ड प्रभारी ने सूचना दी है कि स्वस्थ होने पर भी मरीज घर जाना नहीं चाह रहे हैं। बेहतर सुविधा का हवाला दे रहे हैं, लेकिन इससे गंभीर मरीजों को दिक्कत होगी। हालांकि समस्या का समाधान किया जा रहा है।
> **डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल।

# बाजार लगती नहीं बनवा दिया स्थल, अब पाथे जा रहे उपले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **2.56 लाख रुपये खर्च कर बनवाया हाट बाजार, प्रधान समेत तीन पर प्रस्तावित की प्रथम सूचना रिपोर्ट**
- **कार्य कराने के बाद बोर्ड नहीं लगवाए, बीडीओ समेत सात से निकाली साढ़े तीन लाख की रिकवरी**

**अमृत विचार :** विकास के नाम सरकारी धन का किस तरह से दुरपयोग किया जाता है, इसकी बानगी क्यारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खजुहाई मुस्तकिल में देखने को मिली। बाजार लगती नहीं, मगर फिर भी जिम्मेदारों ने हाट बाजार स्थल बनवाकर निर्माण में ढाई लाख रुपये से ज्यादा की रकम खर्च कर डाली और अब उस स्थल पर उपले पाथे जा रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद जिला लोकपाल मनरेगा की जांच में जिम्मेदारों की मनमानी उजागर हुई है। चार और कराए गए विकास कार्यों के स्थलों के पर बोर्ड नहीं लगाया गया। बीडीओ, प्रधान, लेखाकार, पंचायत सचिव



हाट बाजार स्थल पर पाथे जा रहे उपले व जांच करते लोकपाल मनरेगा।

समेत सात लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए साढ़े तीन लाख रुपये की रिकवरी निकाली गई है। रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है।

ग्राम पंचायत के निवासी उदयवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, कुलदीप आदि लोगों ने ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी पर अनियमितता के आरोप लगाते हुए कराए गए कार्यों की जांच की मांग जिला लोकपाल मनरेगा शिशुपाल मौर्य से की थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए लोकपाल मनरेगा ने बीडीओ क्यारा को 19 मार्च को मामले की जांच कर सात दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे, मगर इसके बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं दी गई। रिमाइंडर भेजने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया। 29 अप्रैल को स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि खजुहाई मुस्तकिल में उस जगह पर हाट बाजार स्थल का निर्माण करा दिया गया, जहां पर बाजार कभी लगी ही नहीं। इस निर्माण पर दो लाख 56 हजार 503 रुपये खर्च किए और मौके पर ग्रामीणों की ओर से उपले पाथे जा रहे हैं। जिला लोकपाल मनरेगा के अनुसार, बाजार स्थल न होने के बाद भी हाट बाजार का निर्माण कराकर सरकारी धन का दुरपयोग किया गया है। इसके लिए ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक को जिम्मेदार माना गया है।

तीनों पर निर्माण में खर्च की गई शत प्रतिशत धनराशि दो लाख 56 हजार की रिकवरी निकाली गई है। वहीं, जांच में पाया गया कि रामऔतार के खेत से दीनदयाल के खेत तक सड़क, अस्थाई गोशाला विस्तार, गोशाला के चारों ओर तार कसी, गोशाला में भूसा शेड केयर टेकर पानी की टंकी, गोशाला चराई निर्माण के कारर्य कराने के बाद नागरिक सूचना बोर्ड नहीं लगाए गए। इसके लिए बीडीओ, लेखाकार, एपीओ और टीए को दोषी मानते हुए एक लाख रुपये की रिकवरी निकाली गई है।

# मंदिरों में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया

## जेठ के चतुर्थ बड़े मंगलवार को कई जगह भंडारों का हुआ आयोजन, हनुमान लला का दरबार सजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जेठ के चौथे बड़े मंगलवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। दिनभर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। कई जगहों पर प्याऊ लगाए गए। लोगों ने उत्साह के साथ जलसेवा का कार्य किया।

सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर, बड़ा बाग हनुमान मंदिर, स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर, अलखनाथ मंदिर, श्री हरि मंदिर, करगैना स्थित बालाजी मंदिर समेत कई स्थानों पर सुंदरकांड का पाठ हुआ। लोगों ने हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। भक्तों ने हनुमानजी को चोला चढ़ाया। मंदिरों में हनुमान लला का दरबार की भव्य सजावट की गई। भव्य भजन संध्या में हनुमानजी के भजनों के साथ जयश्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। कई मंदिरों में छप्पन भोग लगाया गया। भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

**हनुमान लला के भजनों पर झूम उठे भक्त : बरेली, अमृत विचार :** श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट की ओर से सिकलापुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में जेठ माह के चतुर्थ बड़े मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन हुआ। सुंदरकांड पाठ पंडित ऋषि शर्मा ने किया। हनुमान लला के भजनों पर भक्त झूम उठे। प्रसाद वितरण किया गया। संजीव अग्रवाल, राकेश गर्गया, दिनेश कटियार, राजेश वडेरा, रिशुल, अनुज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, समित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**प्रसाद भोज का हुआ आयोजन : बरेली, अमृत विचार :** जेठ के माह के चौथे बड़े मंगलवार को अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी की ओर से लल्ला मार्केट में प्रसाद भोज का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल और संरक्षक अजय कुमार अग्रवाल ने बताया जेठ के हर मंगलवार को हनुमानजी को समर्पित भंडारा और प्रसाद का वितरण किया जाता है। महामंत्री दिनेश कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी हर्ष कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल , कार्यक्रम संयोजक प्रदीप अग्रवाल (आयकर), सुधीर अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, कमल गोयल, आलोक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर में लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार


श्री जगन्नाथ मंदिर में भजन संध्या में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### राहगीरों को शरबत का वितरण किया



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय हनुमान दल की ओर से चौकी चौराहा पर राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष देवता शर्मा, सचिन खंडेलवाल, महानगर अध्यक्ष प्रभात गुप्ता, जिला मंत्री कार्तिक खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष विवेक यादव, जिला उपाध्यक्ष शशि कपूर, कैंट विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष विनय सिंह राणा, महानगर उपाध्यक्ष गौतम गुप्ता, माधव मिश्रा, महानगर मंत्री हितेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### हनुमान चालीसा से जीवन होता है भयमुक्त



**बरेली, अमृत विचार :** बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने जेठ के चौथे बड़े मंगलवार को बदायूं स्थित पैतृक ग्राम घटपुरी में बाल रामायण की प्रस्तुति के साथ सामूहिक रूप से संगीतमयी हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा पढ़ने और समझने में सरल है, इसका नियमित पाठ करने से जीवन भयमुक्त होता है। इस दौरान हरिओम शरण शास्त्री, आचार्य मुनीश, सोनू पंडित, श्याम सुंदर आदि उपस्थित रहे।


प्रसाद भोज का वितरण करते अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के पदाधिकारी।



### हनुमान लला को चांदी का मुकुट अर्पित किया

**बरेली, अमृत विचार :** जेठ माह के चतुर्थ मंगलवार पर महानगर कॉलोनी स्थित संकटमोचन मंदिर में मुकुट महोत्सव मनाया गया। श्री संकट मोचन हनुमानजी को एक भक्त ने चांदी का मुकुट अर्पित किया। एक अन्य भक्त ने वाटर डिस्पेंसर मंदिर सेवा में अर्पित किया। सुबह सुंदरकांड पाठ के बाद सायंकाल में संकटमोचन के विग्रह को मुकुट अर्पित किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें 1500 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति से अरविंद चौहान,अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शर्मा, महामंत्री जयसिंह चौहान, जीके शर्मा, अध्यक्ष जयसिंह चौहान, महामंत्री अजय शर्मा, कोषाध्यक्ष रवींद्र वंसल, सचिव विवेक सक्सेना, सचिव गिरीश चंद्र उप्रेती आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डिप्लोमा इन गाइडेंस साइकोलॉजी के आवेदन 10 जून तक करें

**बरेली, अमृत विचार :** प्रयागराज स्थित मनोवैज्ञानिक कार्यशाला से डिप्लोमा इन गाइडेंस साइकोलॉजी के लिए नए प्रवेश के आवेदन मांगे गए हैं। प्रवेश सत्र 2025-26 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिसकी अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित है। प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट www.bureauofpsychologyup.org पर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। काउंसलर यशिका वर्मा के अनुसार मनो विज्ञानशाला की ओर से नया टोल फ्री नंबर 1800-180-5311 जारी किया गया है।

### शिक्षिका के खिलाफ नहीं शुरू हुई विभागीय जांच

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय में तैनात शिक्षिका ने तबादले के चलते प्रधानाचार्य व सहायक शिक्षक पर धर्मांतरण का आरोप लगाया था, जो पुलिस की जांच में झूठा पाने के बाद अभी बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जांच शुरू नहीं हो सकी है। खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र जोशी ने बताया शिक्षिका ने एक साल पहले शिकायत की थी, जिसकी जांच अब पूरी हुई है। इससे पहले शिक्षिका आईजीआरएस पर भी इस तरह की शिकायत कर चुकी हैं। धर्मांतरण का सवाल ही नहीं है, क्योंकि विद्यालय में केवल दो शिक्षक ही दूसरे समुदाय से हैं, जबकि बाकी स्टाफ एक समुदाय का है। वहीं बीएसए संजय सिंह ने बताया शिक्षिका के मामले पुलिस विभाग से अभी कोई पत्र नहीं मिला है, हालांकि शिक्षिका ने अपने स्तर से सिफारिशें करानी भी शुरू कर दी हैं।

### एकता और अनुशासन है एनसीसी की पहचान

● दस दिवसीय एनसीसी शिविर का हुआ समापन

**बरेली, अमृत विचार :** उड़ान इंटरनेशनल स्कूल केसरपुर में 25 मई से चल रहे 21 वीं वाहिनी (बरेली ग्रुप) के दस दिवसीय एनसीसी कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। इस मौके पर कैडेटों ने कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। कैंप कमांडेंट कर्नल देवाशीष सिंह ने कहा कि कैंप में सिखाई गई बातों को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। एकता और अनुशासन ही एनसीसी की पहचान है। डिप्टी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल संजय नायर ने बताया कि कैंप में सेना के अधिकारियों द्वारा कैडेटों को फायरिंग, ड्रिल, बाधा दौड़, आपदा प्रबंधन, हेल्थ एवं हाइजीन, मैप रीडिंग, युद्ध कौशल, खेलकूद, नेतृत्व विकास के साथ-साथ एसएसबी का प्रशिक्षण दिया गया।

कैंप में बरेली ग्रुप की विभिन्न बटालियनों के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के 600 कैडेटों भाग लिया। सूबेदार मेजर प्रवीन कुमार, डॉक्टर अंचल अहेरी, लेफ्टिनेंट मुशाहिद रजा, अपर्णा यादव, अनिल कुमार, सोनी सिंह, प्रदीप कुमार गौतम, लक्ष्मण, हरि बहादुर छेत्री, किशोर, विनोद कुमार, टीकाराम शर्मा, सुधीर वर्मा, आशीष कुमार, तंजीम अहमद, आशुतोष मिश्रा, नरपत बिश्नोई, मुकेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

### प्रभु राम सा नहीं कोई संसार में उदार



**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने भगवान राम के उदार चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने बताया जहां आम इंसान यदि किसी को कुछ देता है तो दिखाता है, लेकिन भगवान राम का स्वभाव है कि बहुत कुछ देने के बाद भी अनुभव करते हैं कि हम अपने भक्त को कुछ नहीं दे सके। विभीषण को रावण की लंका सौंपने के बाद राम संकोच में पड़ गए कि हम अपने भक्त को कुछ दे नहीं पाए। लंका तो विभीषण की ही थी, ये सोच प्रभु की उदारता को दर्शाती है। इसी तरह गंगा के किनारे केवट को अपने चरण धोने का सौभाग्य देने के बाद भी श्री राम को लगता रहा कि वह केवट को कुछ नहीं दे पाए। इस हर व्यक्ति को केवल प्रभु राम से ही मांगना चाहिए। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि जेठ माह का चौथे मंगलवार पर महिला मंडल ने सुंदर कांड का पाठ किया। इसके साथ ही हनुमान व राम के भजन गाए। भक्तों को भंडारा का प्रसाद वितरित किया गया। सुशील अरोरा, अश्वनी ओबेरॉय, संजय आनन्द, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, राजेश अरोरा, कुल संजीव राय आहूजा आदि उपस्थित रहे।

### साइकिल रैली में 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व साइकिल दिवस पर फिट इंडिया मिशन के तहत खेल विभाग की ओर से मंगलवार को साइकिल रैली स्पोर्ट्स स्टेडियम से निकली गई। जिसमें हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि खेलों के 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौराना कोच हरिशंकर, सोनू श्रोत्रिया, अमित यादव, आशू भारती, शिल्पा, सुमित चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का समापन



**बरेली, अमृत विचार :** युगवीणा लाइब्रेरी स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में तीन दिवसीय सामूहिक राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का समापन मंगलवार को गया। मुख्य अतिथि डॉ. सबीन अहसन, विशिष्ट अतिथि मो. कलीमुद्दीन व डॉ. अमीन मुराद रहे। डॉ. अनु महाजन व जसप्रीत मोहन की पेंटिंग को दर्शकों ने सराहा। डॉ. रागिनी मिश्रा, वैष्णवी शर्मा, निर्दोष कुमार, दीक्षा, रुचि दिवाकर अनमोल शंखधार, चरितार्थ, रोशनी आदि कलाकारों की पेंटिंग प्रदर्शित की गईं। मयंक शुक्ला, परवेज यार खान, सलमान शम्सी, शिरोज कुरैशी, रजत मिश्रा, तनु अग्रवाल, गरिमा सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष परमानन्द, उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण, संस्थापक उमेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में कोरोना जांच की तैयारी पूरी

- सांस रोगियों की निगरानी एंटीजन जांच में संक्रमित मिलने पर होगी आरटी-पीसीआर जांच
- पैथोलॉजी लैब में सैंपल एकत्र किए जाएंगे, 10 बेड का वार्ड आरक्षित किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रदेश में कोरोना के नए मामले बढ़ रहे हैं। इसको लेकर शासन गंभीर है। डीएम अविनाश सिंह के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में कोरोना जांच की तैयारियां पूरी कर ली हैं। हालांकि मंगलवार को किसी भी मरीज में लक्षण न मिलने पर एक भी जांच नहीं हो सकी। पैथोलॉजी लैब में आने वाले मरीजों में लक्षण होने पर उसे तुरंत जिला अस्पताल के हार्ट वार्ड के सामने बनी कोरोना सैंपल एकत्रीकरण लैब में भेजा जाएगा।



सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के अनुसार सबसे पहले सांस रोगियों की जांच करने संबंधी आदेश प्राप्त हुआ है। जिसके लिए आईडीएसपी स्तर से भी निगरानी की आरंभ कर दी गई है। इसके साथ ही अगर मरीज एंटीजन जांच में संक्रमित मिलता है तो तुरंत उसका सैंपल आरटी-पीसीआर के लिए भेजा जाएगा। जिले के तीनों मेडिकल कॉलेजों के साथ ही निजी अस्पतालों में भी कोविड का प्रकोप बढ़ने पर कोविड वार्ड बनाकर बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही तीन सौ बेड अस्पताल में पूर्व में आए 32 वेंटिलेटर युक्त बेड में से 10 बेड का एक वार्ड बनाकर तैयार कर लिया गया है।

### स्वास्थ्य केंद्रों पर बनेगी फीवर डेस्क

कोरोना के बढ़ते प्रकोप के चलते बुखार और सांस रोगियों की निगरानी का आदेश शासन स्तर से दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग तैयारियां चाक चौबंद करने में जुट गया है। जिला अस्पताल समेत जिले की समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर फीवर डेस्क बनाई जाएंगी। जिससे ओपीडी में आने वाले बुखार रोगियों की स्क्रीनिंग होगी। कोरोना के लक्षण मिलने पर मरीज की कोविड जांच कराई जाएगी।

## एलएलबी व एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज से आवेदन

● रुविवि परीक्षा नियंत्रक बोले- जल्द घोषित होगी प्रवेश परीक्षा की तिथि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षिक सत्र 2025-26 में एलएलबी, एलएलएम और एमएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए बुधवार से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 4 से 25 जून तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के माध्यम से पूरी की जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा, जो प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के अनुसार तैयार की जाएगी। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा करना होगा। आवेदन के दौरान छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता, पहचान पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तिथि जल्द घोषित की जाएगी।

### अवंतीबाई में आज से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**बरेली ,अमृत विचार :** अवंतीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष (बीए, बीएससी और बीकाम) में बुधवार से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश संबंधी सूचना जारी कर दी है। महाविद्यालय की वेबसाइट पर चार जून से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया आरंभ होगी।

## आउटसोर्स कर्मचारी देने वाली फर्म पर लटक रही ब्लैकलिस्ट की तलवार

**बरेली,अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती जिन फर्मों के माध्यम से हुई, अब उन फर्मों पर ब्लैकलिस्ट की तलवार लटक रही है। पूर्व सीडीओ जगप्रवेश ने इन फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने के संबंध में परियोजना कार्यालय को 5 माह पहले पत्र भेजा था। इसके आधार पर विभाग कार्रवाई को विचार कर रहा है।

विभाग में केजीकेटी व फ्रीडाइम दोनों फर्मों के माध्यम से बीएसए कार्यालय से लेकर हर ब्लॉक कार्यालय में आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार पूर्व सीडीओ ने एक आउट सोर्स कर्मचारी की सेवा समाप्त करने के बाद यह निर्णय लिया था। वहीं बीएसए संजय सिंह का कहना है दोनों फर्में पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं। इसलिए नई फर्म की बिडिंग की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। हालांकि फर्म बदल जाने के बाद भी कर्मचारियों पर असर नहीं पड़ेगा, उन्हें नई फर्म से जोड़ लिया जाएगा।

# एंबुलेंस सेवा है तो मामूली जांच के लिए रेफर कर रहे मरीज

- राजकीय मेडिकल कॉलेज है फिर भी शुरू नहीं हो सकी वायरल लोड की जांच
- एंबुलेंस से मामूली जांच के लिए कर रहे बरेली रेफर, पीलीभीत का प्रबंधन उदासीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल प्रबंधन उस समय हैरत में पड़ गया जब पीलीभीत के राजकीय मेडिकल कॉलेज से एंबुलेंस से उतरने के बाद मरीज ने कहा कि उसे हेपेटाइटिस के वायरल लोड की जांच के लिए भेजा गया है। नोडल अफसर ने जिला अस्पताल बरेली की एडीएसआईसी को सूचना देकर पीलीभीत राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन की उदासीनता की शिकायत दर्ज कराई है।

**बरेली में सीएचसी पर भी जांच, वहां मेडिकल कॉलेज में भी नहीं :** इस संबंध में बरेली के हेपेटाइटिस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि बरेली जिला अस्पताल में बीते एक साल से वायरल लोड की जांच हो रही है। वहीं जिले की दो सीएचसी बहेड़ी और नवाबगंज में भी वायरल लोड की जांच हो रही है, लेकिन हैरत की बात ये है कि पीलीभीत में राजकीय मेडिकल कॉलेज होने के बाद भी उदासीनता के चलते वायरल लोड की जांच की सुविधा मरीजों को नहीं मिल रही है।

हजारों का तेल हो रहा खर्च, गंभीर रोगियों की जान से खिलवाड़

सरकारी एंबुलेंस सेवा गंभीर मरीजों को फौरन अस्पताल पहुंचाने के लिए आरंभ की गई है, लेकिन जिस प्रकार से पीलीभीत से मामूली जांच के लिए मरीज यहां एंबुलेंस से भेजे जा रहे हैं। इसमें हजारों रुपये का डीजल खर्च होने के साथ ही गंभीर मरीजों की जान से भी खिलवाड़ हो रहा है। बीते माह चार ऐसे मरीज बरेली जिला अस्पताल स्थित हेपेटाइटिस क्लीनिक पहुंचे जो कि सरकारी एंबुलेंस से सिर्फ वायरल लोड की जांच कराने के लिए आए थे।

## बरेली कॉलेज के शिक्षक सीखेंगे एनईपी की बारीकियां

**बरेली ,अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के सफल क्रियान्वयन को लेकर बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय के नेतृत्व में 25 जून को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कॉलेज के लगभग 120 शिक्षक भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को एनईपी 2020 की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें इसके तहत आने वाले शैक्षणिक बदलावों के लिए तैयार करना है।

प्राचार्य ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। ऐसे में शिक्षकों को नीति की मूल अवधारणाओं, क्रेडिट सिस्टम, मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच, स्किल डेवलपमेंट और मूल्यांकन प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देना आवश्यक है।

## शाहजी मियां के कुल शरीफ की रस्म अदा की

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के कंघी टोला में स्थित नूरी मस्जिद में मंगलवार को शाहजी मियां के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। सुबह महफिल का आगाज कुरान की तिलावत से किया गया। उसके बाद मौलाना शाहनवाज आलम ने शाहजी मियां की जिंदगी पर रोशनी डाली। कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। परवेज नूरी, जावेद खान, जुनैद खान, नदीम खान, हारून बेग, समीर बेग, अमजद खान, हस्सान खान, तबरेज खान, शानू खान, सद्दाम रजा, शोएब रजा, आसिफ मिर्जा आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सके जूनियर बॉक्सर

- झांसी में 3 जून से शुरू हुई चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता
- मंडल से चुने गए थे 4 खिलाड़ी, कोच नहीं होने का हवाला देकर नहीं भेजी गई टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारें चाहे जितने प्रयास कर लें, पैसा खर्च कर दें, लेकिन महकमे के अधिकारी और खेल संघ के पदाधिकारी अपनी मानसिकता में बदलाव नहीं ला पा रहे हैं। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग (अंडर 17) प्रतियोगिता 3 से 6 जून के बीच झांसी में आयोजित हो रही है, लेकिन कोच नहीं होने का हवाला देकर बरेली मंडल की टीम को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ही नहीं भेजा गया। आरएसओ ने दो मंडलों की व्यस्तता का हवाला देकर टीम के न जाने की जानकारी होने से ही इनकार कर दिया।

प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग (अंडर 17) प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए चार खिलाड़ियों का चयन किया गया था। इनमें अनमोल, जयवर्धन, अरिहंत और मानव आर्य 30 मई को ट्रायल के जरिये चयनित हुए थे। खेल विभाग ने बदायूं के कोच की टीम लेकर जाने की ड्यूटी लगाई थी। आरोप है कि बदायूं के कोच ने सोमवार को विभाग को अपनी पारिवारिक परेशानी का हवाला देकर टीम को लेकर जाने में असमर्थता जता दी। विभाग इसके बाद किसी अन्य कोच या टीम मैनेजर का इंतजाम खिलाड़ियों के साथ जाने के लिए नहीं कर सका। यही नहीं जिला बॉक्सिंग संघ के सदस्यों ने ही टीम भेजने में कोई रुचि दिखाई। खेल विभाग और बॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों की उदासीनता से निराश खिलाड़ियों का कहना है झांसी नहीं जाने से प्रदेश स्तर पर खेलने का मौका हाथ से निकल गया है।

आरएसओ जितेंद्र यादव ने बताया वे इस समय मुरादाबाद में हैं। इस बात की जानकारी नहीं है कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में नहीं पहुंच सके। हालांकि कोच द्वारा सूचित किया गया कि वे नहीं जा सकते हैं। स्टाफ की कमी के चलते खिलाड़ियों के परिवार में से किसी को साथ जाने को कहेंगे, इसके बाद कोई सूचना नहीं मिली। वहीं जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव आर्यन चौधरी ने बताया इस प्रतियोगिता में विभाग के कोच के बजाय बॉक्सिंग संघ से जुड़े किसी सीनियर खिलाड़ी को टीम के साथ भेजने का प्रस्ताव दिया था, जिसे पहले ही मना कर दिया गया। वहीं प्रदेश स्तरीय बालक-बालिका प्रतियोगिता में से एक प्रतियोगिता का आयोजन झांसी के बजाय जिले में प्रस्तावित थी, जिसे विभाग मना कर चुका है। ये बॉक्सिंग के प्रति विभाग की उदासीनता है।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly | MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक

30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता

महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।


चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant

महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।

जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist

पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।

पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।

निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।

सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द

सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177


## एक घंटे तक जाम में फंसे रहे लोग



अटल सेतु चौपुला पुल पर शाम 5 बजे से एक घंटे तक वाहन चालक जाम में फंसे रहे। दरअसल पुलिस लाइन की तरफ से आ रही स्कूल बस बदायूं पुल की तरफ मुड़ रही थी इसी दौरान जाम लग गया। मौके पर किसी ट्रैफिक पुलिस कर्मी के नहीं होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। ● अमृत विचार


Admission Open
Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU College of Management

UG Programs
● BBA (Finance & Taxation)
● B.Com (Hons.)
● BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)

PG Programs
● MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
● M. Com. ● MCA
● MHA ● MPH

Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# युवाओं में नौकरी की बढ़ी चाह पंजीकरण की पकड़ी राह

## विभाग की कैरियर काउंसिलिंग का दिखा असर, चार साल में 27 हजार ने कराया पंजीकरण

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** रोजगार मेलों के जरिये पढ़े-लिखे और काबिल बेरोजगार युवाओं को नौकरी मुहैया कराने से लोगों में दिलचस्पी भी बढ़ी है। इसी का नतीजा है कि, पिछले चार सालों में सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर जिले भर से करीब 27 हजार से ज्यादा बेरोजगार युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया है। बेरोजगार युवाओं का आंकड़ा 93 हजार के पार हो गया है। हालांकि, यह आंकड़ा तो उन युवाओं का है, जो विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत हुए हैं।

दरअसल, पढ़ाई-लिखाई में उम्र के तमाम साल और लाखों रुपये फूंकने के बाद भी बड़ी संख्या में युवा माथे पर बेरोजगार का दाग लेकर घूम रहे हैं। बेरोजगारी के बढ़ते संकट के बीच राज्य सरकार की ओर से युवाओं के स्किल (हुनर) के अनुसार निजी कंपनियों में नौकरी दिलाने के लिए रोजगार मेले आयोजित कराती है। सेवायोजन विभाग शासन से मिलने वाले लक्ष्य के अनुसार रोजगार मेले लगाकर युवाओं का नौकरी के लिए चयन कराती है, इससे पहले अलग-अलग शिक्षण संस्थानों में कॅरियर काउंसिलिंग कराकर युवक-युवतियों को जागरूक किया जाता है। सेवायोजन विभाग के आंकड़े बता रहे हैं कि जागरूकता का असर युवाओं पर पड़ रहा है। रोजगार मेलों के लिए युवाओं का नौकरी के लिए चयन होने से रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है।

सेवायोजन कार्यालय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में पोर्टल पर दर्ज बेरोजगार युवाओं की संख्या 65985 थी, जो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 83002 पर पहुंच गई। यानि 17017 लोगों ने एक साल में रोजगार हासिल करने के लिए खुद का रजिस्ट्रेशन कराया। वि2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 86479 पर पहुंच गया यानि इस साल 3477 लोगों ने ही पंजीकरण कराया।, वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 93090 तक पहुंच गई। इस साल में 6611 बेरोजगारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। चालू वित्तीय वर्ष में भी बेरोजगार युवा पंजीकरण करा रहे हैं। आंकड़ा एक लाख पहुंच सकता है।



भुता में रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र के साथ युवा। (फाइल फोटो)

● **पोर्टल पर 2020-21 में पंजीकृत थे 65 हजार बेरोजगार युवा, अब आंकड़ा 93 हजार के पार**



सरकार का प्रयास है कि बेरोजगारों के हाथ में रोजगार हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभाग रोजगार मेले लगाकर युवाओं को नौकरी दिलाई जाती है। कॅरियर काउंसिलिंग के लिए लगने वाले शिविरों से जागरूकता बढ़ी है, तभी बेरोजगार बड़ी संख्या में पंजीकरण करा रहे हैं। -**त्रिभुवन सिंह**, सहायक निदेशक सेवायोजन

**304** कॅरियर काउंसिलिंग के लिए चार सालों में लगे शिविर

**26378** युवाओं ने शिविरों में किया प्रतिभाग

**54888** बेरोजगार युवक हैं पंजीकृत

**38142** बेरोजगार युवतियां हैं पंजीकृत

### आठ सालों में लगे रोजगार मेले और मिलीं नौकरियां

| वर्ष | मेले का लक्ष्य | लगे रोजगार मेले | प्रतिभाग करने वालों की संख्या | मिलीं नौकरियां |
|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | 12 | 12 | 3103 | 657 |
| 2016-17 | 12 | 12 | 2348 | 509 |
| 2017-18 | 15 | 16 | 6821 | 2657 |
| 2018-19 | 15 | 12 | 29179 | 4749 |
| 2019-20 | 16 | 21 | 6733 | 2769 |
| 2020-21 | 18 | 33 | 23281 | 8041 |
| 2021-22 | 19 | 23 | 16212 | 5387 |
| 2022-23 | 14 | 28 | 18576 | 6801 |

### साल दर साल पंजीकृत बेरोजगारों की बढ़ रही संख्या

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020-21 में पंजीकृत बेरोजगारों में 41990 युवा थे, जबकि 23995 युवतियां थीं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंजीकृत बेरोजगारों में 51661 युवा और 31541 संख्या युवतियों की थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 52752 का आंकड़ा बेरोजगार युवाओं का था, जबकि 33727 की संख्या युवतियों की रही। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेरोजगार युवाओं की संख्या 54888 और युवतियों का आंकड़ा 38142 पर पहुंच गया। आंकड़ा बता रहा है कि युवाओं के साथ ही युवतियों की संख्या भी हजारों में बढ़ रही है।

**कॅरियर काउंसिलिंग के लिए शिविरों में प्रतिभागी युवाओं का 3 से 11 हजार पहुंचा आंकड़ा :** साल दर साल बढ़ते रोजगार मेलों के लक्ष्य के साथ कॅरियर काउंसिलिंग के लिए शिविरों की संख्या इसकी गवाही दे रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 में जिले भर में विभाग की ओर से 21 शिविर लगाए गए, जिसमें 2959 युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में शिविरों की संख्या बढ़कर 65 हो गई। इस वर्ष 5069 युवाओं ने प्रतिभाग किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 95 शिविर लगाए गए, जिसमें 6745 युवाओं ने प्रतिभाग किया। इसी तरह से वित्तीय वर्ष 2024-25 में शिविरों की संख्या 103 पर पहुंच गई। इस साल प्रतिभागी युवाओं का आंकड़ा 11578 पर पहुंच गया।


# बार एसोसिएशन सचिव ध्यानी पंचतत्व में विलीन

विधि संवाददाता, बरेली

● **बार सचिव के निधन पर कचहरी में शोक की लहर**

**अमृत विचार :** बरेली बार एसोसिएशन के तीन बार के सचिव वीरेंद्र प्रसाद ध्यानी (56) का सोमवार रात निधन हो गया, वह पांच माह से कैंसर से लड़ रहे थे, सोमवार रात परिजन उन्हें पीजीआई लखनऊ से लेकर लौट रहे थे, रास्ते में उन्होंने अंतिम सांस ली।

वकीलों के तेज तर्रार नेता ध्यानी के निधन की सूचना पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को अधिवक्ता पूरे दिन कार्य से विरत रहे। दोपहर 11:30 बजे संजय नगर स्थित श्मशान भूमि पर उनके बड़े पुत्र नमन ने उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। इस दौरान काफी संख्या में अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी, समाजसेवी, विभिन्न राजनैतिक दलों के नेतामौजूद रहे। जिला जज सुधीर कुमार और बार अध्यक्ष मनोज हरित की अध्यक्षता में दोपहर 1:30 बजे जिला जज की अदालत में बार बेंच की संयुक्त शोक सभा हुई। इसमें अधिवक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वह इस समय इज्जतनगर करमपुर चौधरी में निवास कर रहे थे। मूल रूप से पौढ़ी गढ़वाल, उत्तराखंड सेंडली तल्ली के निवासी थे। उन्होंने शिक्षा बरेली कॉलेज से पूरी कर कचहरी पर 1998 से अपना विधि व्यवसाय शुरू किया था। उनके परिवार में दो पुत्र, पत्नी व मां हैं।



बीपी ध्यानी (फाइल फोटो)।

# सूदखोर ने पांच हजार रुपये के बना दिए 5.50 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **धोखे से करा लिया जमीन का इकरारनामा, विरोध पर घर में घुसकर की मारपीट**

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला को सूदखोर ने पांच हजार रुपये देकर धोखाधड़ी करके जमीन का इकरारनामा करा लिया। जानकारी होने पर जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने घर में घुसकर महिला की बहू से छेड़छाड़ और मारपीट की। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़िता ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला गजेंद्र सूदखोर है। वह 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से रुपये उधार देता है। पीड़िता ने 28 मार्च को उससे 5 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। एक माह बाद जब पीड़िता 5500 रुपये वापस करने गई तो आरोपी ने कहा कि तुमने जमीन का सौदा किया है। तुमने 5.50 लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये दो या फिर जमीन दे दो। जमीन देने से इन्कार करने पर आरोपी ने पीड़िता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर इकरारनामा करा लिया। विरोध करने पर 1 मई को रात 9 बजे आरोपी गजेंद्र, ममता और धर्मेंद्र पीड़िता के घर में घुस गए और उसके बेटे -बहू से मारपीट करने लगे। उसके साथ भी मारपीट की। पीड़िता की बहू छेड़छाड़ की। शिकायत के बाद भी पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। 28 मई को दोबारा आरोपियो ने पीड़िता के बेटे को घेर लिया और मारपीट करने लगे।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में बरेली रेंज फिर प्रथम

कार्यालय, संवाददाता, बरेली

● **डीआईजी के निर्देशन में पुलिस कर रही बेहतर कार्य**

**अमृत विचार :** आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में बरेली रेंज ने पूरे प्रदेश में मई माह में एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बरेली रेंज लगातार 10 माह से प्रदेश में टॉप पर है। अगस्त 2024 से मई 2025 तक बरेली रेंज नंबर वन बना हुआ है। पिछले महीने की रैंकिंग में परिक्षेत्र के पीलीभीत ने प्रदेश में पहला, शाहजहांपुर ने 13वां, बरेली ने 22 वां और बदायूं ने 25 वां स्थान प्राप्त किया है। डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी ने बताया कि आईजीआरएस सेल में तैनात दरोगा शालू कंप्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और सिपाही सलिल सक्सेना को उनके काम के लिए इनाम और प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। जिन थानों और जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा, उनके काम की जांच होगी।

## स्वास्थ्य शिविर में बढ़ रही मरीजों की संख्या

**रिठौरा, अमृत विचार :** रूहेलखंड अस्पताल की ओर से संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिठौरा में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगा। जिसमें पिछले शिविर के अपेक्षा अधिक मरी पहुंचे। शिविर में डॉ. रश्मि कात्याल के नेतृत्व में डॉ. गौस अहमद, डॉ.रजत, डॉ. यश कुमार की टीम ने दर्जनों रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं दीं।


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरुवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559


# रिटायर्ड बीमा कर्मी से 20 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **चार नामजद सहित अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**अमृत विचार:** सुभाषनगर क्षेत्र की रहने वाले एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को व्यापार में रुपये लगाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये ठग लिए गए। जब उसने रकम वापस मांगी तो दबंगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट की और तमंचा तान कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर सुभाष नगर पुलिस ने चार नामजद सहित अन्य अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सुभाषनगर के दुर्गा नगर निवासी सरजू दयाल ने बताया उनकी पत्नी भी सरकारी नौकरी में थीं और उनके निधन के बाद उन्हें सेवाओं के एवज में एकमुश्त धनराशि मिली थी। उनके जानकार ज्ञान प्रकाश सक्सेना ने भरोसे में लेकर कहा कि वह बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबार करते हैं, अगर वह पैसा लगाएं तो मुनाफा दोनों में बराबर बंटेगा। पीड़ित का आरोप है कि मई 2023 में दो बार 5-5 लाख और एक बार 10 लाख रुपये ज्ञान प्रकाश सक्सेना को दिए। बदले में 20 लाख रुपये का चेक और स्टांप पेपर पर उधारी की रसीद दी। इस लेन-देन के समय उनके बेटे शशांक और दामाद राजीव भी मौजूद थे। इस बीच ज्ञान प्रकाश की मौत हो गई, उसके बेटे ने रुपये देने से मना कर दिया।

## एक नजर

### सांड़ के हमले में दो महिलाएं घायल

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** पुराना बाजार में मंगलवार शाम हिंसक हुए साड़ ने बाजार से सब्जी खरीदने आई दो महिलाओं को उठाकर पटक दिया, जिससे दोनों घायल हो गई। सांड़ के हमले से बाजार में भगदड़ मच गई। शाम के समय बाजार में घूम रहे सांड़ ने सब्जी मंडी के पास हमला कर कस्बे के वार्ड पांच की निवासी मोमीना को उठाकर पटक दिया। इसके बाद एक और महिला को भी उठाकर पटक दिया ।कस्बे में बड़ी संख्या में छुट्टा पशु है जो आए दिन लोगों पर हमला करते रहते है।

### उर्स-ए- शाहजी कुल शरीफ के साथ संपन्न

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** मदरसा गौशुल बरा में मंगलवार को शहर- ए- कुतुब पीलीभीत हाजी शाहजी मोहम्मद शेर मियां की कुल शरीफ की महफिल सजी, जिसमें नातो मनकबत और शाहजी बाबा की शान में तकरीरें की। इसके बाद कुल शरीफ की फातिहा हुई जिसमें मुल्क के खुशहाली और अमनों सुकून की दुआ मांगी गई। उर्स- ए- शाहजी के दौरान लंगर तकसीम किया गया। इस दौरान मौलाना जुनैद रजा हाफिज, सहाबुद्दीन सूफी, समसुल मियां, पीर मोहम्मद, गौस मोहम्मद, नजमुल हसन, मोहम्मद हसन, अजराअंसारी, मुजाहिद मोहम्मद, मुजीब मोहम्मद समेत अन्य शामिल हुए।

### गोकशी का आरोपी चाकू के साथ गिरफ्तार

**शेरगढ़ ,अमृत विचार :** पुलिस ने गोकशी के अपराधों में संलिप्त रहे अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर देवरनिया एवं शेरगढ़ में कई मामले दर्ज हैं। शेरगढ़ थाना में गैंगस्टर एक्ट और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई भी शामिल है। थानाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने बताया पुलिस ने गोकशी के अपराधों में संलिप्त रहे अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को गांव बंजरिया जागीर निवासी बाबू को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

### महिला को पीटा, दी जान से मारने की धमकी

**बहेड़ी, अमृत विचार :** दबंगों ने एक महिला को उसके घर में घुसकर मारपीट, इसके साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया शनिवार रात करीब 10 :15 बजे वह घर पर अकेली थी, तभी मोहल्ले के कुछ लोग उसके घर में तमंचे और चाकू लेकर घुस आए। उससे उसके बेटे को बुलाने की मांग की और उसे जान से मारने की धमकी दी। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ अश्लीलता करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके घर पहुंचे मेहमानों ने उसे और उसके बेटे को बचाया। पीड़िता का आरोप है थाना बहेड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और उन्हें डांटकर भगा दिया गया।

# घर से बुलाकर मारी गोली इलाज के दौरान तोड़ा दम

## पिता की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी



- आरोपियों ने पिता के सामने अखिलेश के सीने में मारी थी गोली

> मृतक के पिता की तहरीर पर करन उर्फ छोटा एवं एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।
> –प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी

**अमृत विचार :** चार दिन पहले गोली लगने से घायल किशोर ने मंगलवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बेटे अखिलेश की मौत के बाद घर में मचा कोहराम। पुलिस ने दो हत्यारोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव टियूलिया निवासी सुरेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 31 मई की शाम करन उर्फ छोटा पुत्र प्रेमशंकर उनके बेटे अखिलेश गंगवार (17) को घर से बुलाकर ले गया था। कुछ देर बाद जब उन्होंने अपने बेटे की खोजबीन शुरू की तो डालचंद बाल्मीकि के घर के पास करन और एक अज्ञात को अखिलेश से बहस करते देखा। सुरेंद्र के अनुसार, जैसे ही उन्होंने अपने बेटे को आवाज दी तो करन ने तमंचे से अखिलेश के सीने में गोली मार दी और दोनों वहां से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। परिजन घायल अखिलेश को तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। अखिलेश को भोजीपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया।

# दुष्कर्म के आरोपी मदरसा संचालक को भेजा जेल

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- शिक्षिका को मदरसे में बहाने से बुलाकर किया था दुष्कर्म

**अमृत विचार :** पांच दिन पहले बहाने से शिक्षिका को बुलाकर दुष्कर्म करने वाले मदरसा संचालक को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

परिजनों के अनुसार पांच दिन पहले मदरसा संचालक जुबैर ने जुमे की छुट्टी के दिन मदरसे में अरबी पढ़ाने वाली शिक्षिका को नोट्स बनाने के बहाने सुबह 9:00 बजे बुलाया था। पीड़िता का भाई उसे बाइक से मदरसे में छोड़कर चला गया। पीड़िता जब अंदर पहुंची तो मदरसा संचालक कार्यालय में अकेला था। आरोपी जुबैर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की थी। किसी तरह पीड़िता ने फोन कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर घर वाले जब पहुंचे तो पीड़िता की हालत देखकर आरोपी को जमकर पीटकर पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने पीड़िता का इलाज के बाद मेडिकल कराया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद कोर्ट में कलम बंद बयान कराने के बाद आरोपी जुबैर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया।



दुष्कर्म का आरोपी।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप से निखर रही छात्रों की प्रतिभा



**आंवला, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद और प्रथम संस्था के माध्यम से आयोजित समर कैंप में ग्रामीण बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है। इस कैंप में बच्चे विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न जानकारियां हासिल कर सकेंगे और अपनी रचनात्मकता को विकसित कर सकेंगे। विभिन्न खेल और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं और बच्चों को नई जानकारियां देकर उनमें अपनी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं।

### प्याऊ लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत



**शेरगढ़ , अमृत विचार :** गांव डूंगरपुर देहात में प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। मंगलवार को नगरिया कलां-शेरगढ़ मार्ग पर गांव डूंगरपुर देहात में प्रताप गंगवार के नेतृत्व में प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस दौरान दूरदराज के बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत पीकर अपना जीवन धन्य बनाया तथा गर्मी से राहत महसूस की। हालांकि सांय के समय तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया तथा लोगों को गर्मी से खासी राहत मिली। इस अवसर पर प्रताप गंगवार, युवराज, राजीव गंगवार, भवन तथा प्रांशु आदि का सहयोग रहा।

### मंदिर श्री बालाजी धाम में हुआ शरबत वितरण

**कैंट, अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार को सौ फिटा रोड की एमईएस कॉलोनी में स्थित मंदिर श्री बालाजी धाम के महंत जी अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं शरबत वितरण किया । तपती धूप में लोगों ने प्यास बुझाई। इस दौरान अनुपम गोयल, संजय अग्रवाल, श्रेयांश अग्रवाल, सुशील यादव, पुजारी पवन पाठक, रितेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा कैंट के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के पास स्थित काली माता के मंदिर में बाबा ब्रह्मदेव सेवा ट्रस्ट की ओर से लोगों को सरबत वितरित किया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम में रितेश कुमार मिश्रा, अजय कुमार, सुरेंद्र कुमार मिश्रा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गर्मी से बचाने के लिए लोगों को पिलाया शरबत



**नवाबगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज बाईपास पर मंगलवार को किन्नर शबनम और किरन राहगीरों को गर्मी से बचाने के लिए शरबत पिलाया। शबनम ने बताया इससे पहले भी वह कई स्थानों पर शरबत वितरण और भंडारे का आयोजन कर चुकी है। इस कार्य में किन्नर तनु ,अल्का, विमला, रेशमा ने सहयोग किया। प्रधान पति मोहम्मद कलीम आजाद किन्नर समाज के साथ रहे। शबनम ने बताया 5 जून को वह नवाबगंज बाजोरिया रोड स्थित मंदिर पर एक भंडारा करने जा रहे हैं।

### चौथे मंगलवार को राहगीरों को शरबत पिलाया

**रिठौरा, अमृत विचार :** रामदास मिश्रा की स्मृति में ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा, डॉ. मयंक मिश्रा, सूचिन मिश्रा, अंकुर मिश्रा, नेहा मिश्रा, प्रीति मिश्रा, भूमि, रूद्र मिश्रा आदि ने राहगीर को तपती दोपहरी में शरबत पिलाया। जिसे राहगीरों को गर्मी से राहत मिली। इस दौरान राशिद, प्रहलाद यादव, रजत शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सपा पदाधिकारियों से पीडीए को मजबूत करने की अपील



सपा की पीडीए पंचायत में शामिल पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** सपा की की बैठक मंगलवार को एक बरात घर में हुई, जिसमें निष्क्रिय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करके पीडीए को मजबूत करने की अपील की गई। वक्ताओं ने 2027 में सपा सरकार बनने का दावा किया। विधानसभा प्रभारी दिग्विजय सिंह देव ने कहा अखिलेश यादव के पीडीए के निर्णय ने पार्टी को और मजबूत करने का काम किया है। आंवला क्षेत्र से सांसद की अनुपस्थिति को लेकर कहा अभी एक वर्ष हुआ है। बहुत जल्द इस समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र के विकास को लेकर जनता से क्षमा मांगते हुए कहा सांसद का क्षेत्र पांच विधानसभाओं में है। हर जगह विकास करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के एजेंडे में स्कूल, अस्पताल, सड़क नहीं है। भाजपा रोजगार नहीं दे पाई, लेकिन वह 24 घंटे खेत की रखवाली में लगे रहते है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, पूर्व विधायक पंडित आरके शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य, अमितराज यादव, बीडी वर्मा सर्मथ मिश्रा, इंद्रपाल यादव, मशकूर खान, भारती चौहान, डॉक्टर जीराज यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

### बैठक में नहीं पहुंचे सांसद

आंवला सांसद नीरज मौर्य को लेकर सपाइयों में चर्चा का बाजार गर्म है। होली के अवसर पर सपा की ओर से सपा के दिग्गज नेता के बरात घर में कार्यक्रम किया गया था। जिसमें सांसद शामिल नहीं हुए। बात रखने के लिए कह दिया गया कि सांसद आवश्यक कार्य से दिल्ली गए हुए हैं। इसके बाद सांसद ने कस्बे में ही एक स्थान पर अपना अलग से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इसी क्रम में मंगलवार को सपा की बैठक में सांसद शामिल नहीं हुए। यह बैठक भी दिग्गज नेता के बरात घर में आयोजित की गई थी। भले ही मात्र संयोग हो, परंतु सपाइयों समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मारपीट-फायरिंग के मामले में 19 पर केस

संवाददाता, कैंट

- जमीन पर कब्जे के विवाद में आरोपियों ने की थी मारपीट

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक प्लॉट के कब्जे को लेकर पीड़ित और सपा नेता पक्ष में मारपीट हो गई। आरोप है एक पेट्रोल पंप पर मैनेजर के पद पर कार्यरत एक व्यक्ति ने साथियों के साथ पीड़ितों पर लाठी डंडे और तमंचे से लैस होकर हमला कर दिया।

हमले में महिला के पति के दांत टूट गए। एसएसपी के आदेश पर कैंट थाने में 19 हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपियों पर जानलेवा हमला करने, फर्जी वसीयत के आधार पर भूमि हड़पने और धमकी देने के आरोप हैं। कैंट के गांव मोहनपुर ठिरिया निवासी सितवत परवीन पत्नी दुलारे अली ने 2009 में धनीराम पुत्र बुद्धी से जमीन खरीदी थी। आरोप है पीड़िता की सगी बहन नसरीन बेगम ने उस जमीन को फर्जी वसीयत के आधार पर बेटे एजाज के नाम दान करा दिया। न्यायालय ने फर्जी दान पत्र को शून्य घोषित कर दिया था। इसके बाद पीड़ित पक्ष कोर्ट गया। कोर्ट ने आरोपियों का दावा अवैध घोषित कर दिया। इसके बाद कैंट थाने में 28 मई 2025 को आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज हुआ था। मारपीट और जालसाजी की एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी पक्ष बौखला गया। शनिवार सुबह 8:00 बजे जब पीड़िता, उसका पति दुलारे अली, पुत्र कासिफ एवं परिजन मुरादन विवादित जमीन पर मौजूद थे। इसी दौरान नसरीन बेगम, बिट्टन अली, एजाज, इन्जमामुल हक, अनीश, माहरूख, नसीम अली, शबनूर तथा दस अन्य अज्ञात लोग असलहों से लैस होकर मौके पर पहुंचे, और हमला बोल दिया।

### जान से मारने की दी धमकी

आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बिट्टन अली ने तमंचा निकालकर दुलारे अली पर प्रहार किया, जिससे उनके दांत टूट गए। एजाज ने सितवत का गला दबाकर हत्या की कोशिश की। उसके पुत्र कासिफ ने रोका। इसी दौरान बिट्टन ने जान से मारने की नीयत से कासिफ पर गोली चला दी, जो बाल-बाल बच गया। कैंट पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**आंवला, अमृत विचार :** हिंदू युवा वाहिनी की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के लोगों ने 60 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्धराज सिंह रहे।

इस दौरान शिवेक खंडेलवाल, आयुष गुप्ता, राजेश सिंह, विक्की सोलंकी, राजा खंडेलवाल, मुरली मनोहर, उत्कर्ष अग्रवाल, जयपाल लोधी, वरुण अग्रवाल, विजय प्रताप सिंह, संजय सिंह, अमित गुप्ता, अंकित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, हरिओम सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# परिवार गया मेला देखने, घर को साफ कर गए चोर

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** एक परिवार रविवार को मेला देखने गया था, मौका देखकर चोरों ने घर में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर गया। पीड़ित मकान मालिक ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

अरविंद कुमार निवासी ग्राम बहरोली ने मंगलवार को तहरीर देकर बताया रविवार रात 10:00 बजे वह मेला देखने गए थे, मकान को बाहर से बंद कर गए थे। रात में चोर घर में छत से घुसे नकदी और जेवर लगभग छह लाख रुपये के चुरा ले गए। वह और उसका परिवार रात में 12:30 बजे घर आए तो चोरी का पता चला। इसके बाद उन्होंने यूपी 112 को सूचना दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चला। उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति पर चोरी का आरोप लगाया। बताया वह कई बार घर के पास घूमते हुए दिखाई दिया। इससे पहले भी गांव में उसके बड़े भाई के घर में चोरी कर चुका है और कई बार अन्य घटनाओं को भी अंजाम दे चुका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाइक फिसलने से युवक घायल

**बिशारतगंज, अमृत विचार:** मझगवां ब्लॉक के बेहटा बुजुर्ग गांव में रोड के किनारे लगे घूरे के ढेर में गिरकर राहगीर घायल हो रहे है।

मंगलवार को बारिश के बाद सड़क पर हुई फिसलन से बाइक फिसलने से कई लोग चोटिल हो गए। नूरपुर गांव निवासी राम भरोसे कश्यप ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया बिशारतगंज आने के लिए उनके गांव का रास्ता बेहटा बुजुर्ग गांव से होकर है। बेहटा बुजुर्ग गांव में लोगों ने सड़क के किनारे घूरे के ढेर लगा रखे हैं, पशु भी सड़क के किनारे बांधते हैं। मंगलवार को बारिश के कारण सड़क पर फिसलन होने की वजह से उनकी बाइक फिसल गई और वह चोटिल हो गए। राम भरोसे ने पुलिस को तहरीर देकर घूरा हटवाने की मांग की है।

# बार सचिव वीपी ध्यानी को दी श्रद्धांजलि

**रिठौरा, अमृत विचार:** बरेली बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट वीरेंद्र प्रसाद ध्यानी के निधन पर क्षेत्र के वकीलों ने श्रद्धांजलि दी। शोक व्यक्त करते हुए एडवोकेट जसवीर सिंह राणा ने कहा कि बीपी ध्यानी वकीलों के बड़े ही कर्मठ ,जुझारू नेता थे। उन्होंने वकीलों की समस्याओं के समाधान के लिए दिन-रात मेहनत की। एडवोकेट अजय शर्मा ने उनको वकीलों के हित में काम करने वाला और एडवोकेट जसेंद्र कुमार सम्राट ने बीपी ध्यानी को वकीलों की आवाज बताया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में एडवोकेट गप्पू, अंकित कुमार सक्सेना , निर्भय यादव , बृजेश कुमार , वीर सिंह ,वीरेंद्र गुप्ता , इंद्रपाल सिंह समेत अन्य रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2983101, इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0424025, बीए अंकपत्र अनुक्रमांक 1302235, बीएड अंकपत्र अनुक्रमांक E138096503 एवं एमए अंकपत्र अनुक्रमांक 1430059 वास्तव में कहीं खो गये है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले हैं। **अजीत सिंह पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी ग्राम बडरा कासमपुर पो. सुकुटिया मढ़ी तह. फरीदपुर जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित व उसकी पत्नी सूर्यकला को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रमेश चन्द्र पुत्र स्व. राम किशन निवासी मोहल्ला माली कस्बा फतेहगंज (प.) तहसील मीरगंज जिला बरेली**

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स हमारा पम्प गंगा फिलिंग स्टेशन, पता:- ग्राम गुटेटी उत्तर शमशाबाद रोड, तह. कलान जिला शाहजहांपुर उ.प्र. जिसकी पंजीकरण सं. SHA/0013700 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 04.01.2022 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म में दो साझेदार नक्षत्रपाल सिंह पुत्र श्री कबितान सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर पो. सिंगहा युसुफपुर तह. कलान जिला शाहजहांपुर व श्रीमती राजेश्वरी पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार सिंह नि. ग्राम व पो. नई बस्ती तह. कलान जिला शाहजहांपुर उ.प्र. साझेदार है। अब दोनों साझेदार दिनांक 26.05.2025 अपने व्यक्तिगत कारणों से अपनी फर्म बन्द कर रहे हैं। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है उक्त विघटन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गयी हैं।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/ Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/ Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है, जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है, जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# महत्व और चुनौतियां

देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। मानसून भारत की कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मानसून वार्षिक वर्षा में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। मानसून के कारण देश में जल संसाधनों का पुनर्भरण होता है, जिससे जल विद्युत उत्पादन और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। परंतु मानसून राहत के साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश से कैसे हालात पैदा होंगे, इसका सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। दक्षिण-पूर्व मानसून का आगमन मूसलाधार बारिश के साथ हुआ है और अनुमान के मुताबिक ही उसने तबाही मचाई है। मानसून के आगमन से पहले विभिन्न राज्यों में भारी बारिश से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में भी बारिश का दौर जारी है। उत्तर सिक्किम में, लगातार बारिश से सड़कें बाधित होने के साथ ही भूस्खलनों के चलते लगभग सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं। त्रिपुरा में भी सप्ताहांत के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई और लगभग पूरे सप्ताह अत्यधिक वर्षा होने का अनुमान है।

आधिकारिक आकलनों के मुताबिक, बारिश के चलते भू-स्खलन, बाढ़, औचक बाढ़ और बिजली गिरने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में 29 मई तक 30 जानें गईं और 31 मई को 22 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक बस उफनाती तीस्ता नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और बाकी यात्री लापता हैं। खबरें हैं कि आने वाले समय में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अभी तो जून की शुरुआत ही है और मानसून 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर करता है। मानसून के सामान्य से अधिक रहने के अनुमान को देखते हुए आपदाओं की बाढ़ का अनुमान स्वाभाविक माना जाएगा। जब तक बाढ़ और जल प्रबंधन की प्रक्रिया सतत जारी रखने की परंपरा विकसित नहीं होगी, चुनौतियों से पार नहीं पाया जा सकता। जल निकासी प्रणाली में सुधार न होने से बड़े शहरों में बारिश के दौरान जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो जाते हैं। चिंता की बात है कि जलाशयों का रास्ता नहीं मिलने से बारिश का पानी व्यर्थ बह जाता है। मानसून की बारिश को नुकसान के बजाय अधिकाधिक लाभ में बदला जाना चाहिए। इस दिशा में भी दीर्घकालीन नीतियों बनाने की जरूरत है। दरअसल देश को मजबूत मानसून प्रबंधन तंत्र की जरूरत है।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं।

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है। बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृहमंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो, लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदूवादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदूवादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबरा गई। अंततः हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया।

दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में ज़बरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलनकारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की, कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता।

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिलीजुली साझा सरकार भले ही है, लेकिन ये जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं।

अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस लेकर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर, उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है।

एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनॉरिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। मजे की बात यह है कि नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उन पर गहरा असर पड़ा है। तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं, इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है, लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे, लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है।

प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निस्संदेह उनकी भी छवि भारत विरोधी ही रही है, लेकिन इनमें खास यह है कि ये राजनीतिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है। ओली उत्तराखंड के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और काला पानी क्षेत्र को मुद्दा बनाकर भारत के खिलाफ रहते हैं। वहीं प्रचंड इस मुद्दे को दोनों देशों के बीच बातचीत से हल करना वाजिब मानते हैं। वे इसके बदले दार्जिलिंग में जमीन की मांग करते हैं। वे यह जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन कम से कम बातचीत का माहौल तो बनाए रखना चाहते हैं।

प्रचंड नेपाल के लिए चीन के महत्व को नकारते नहीं हैं, लेकिन भारत को दरकिनार कर चीन की गोद में बैठ जाना भी नेपाल के हित में नहीं मानते। बीते कुछ महीनों में भारत के प्रति प्रचंड के नजरिए में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। वे साफ कहते हैं कि भारत के बिना नेपाल अधूरा है। भारत का भी प्रचंड के प्रति नजरिया बदला है। प्रचंड इस बात को लेकर मुत्मइन हैं कि भारत चूंकि स्वयं को लोकतंत्र की जननी कहता है इसलिए नेपाली लोकतंत्र के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा सकता और न ही लोकतंत्र विरोधियों को शह दे सकता है। बेशक भारत के हिंदूवादी संगठन चाहते हैं कि नेपाल हिंदू राष्ट्र फिर बन जाए या राज संस्था की बहाली हो जाए, लेकिन ऐसा भारत भी चाहता हो यह जरूरी नहीं, क्योंकि वह जानता है कि नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र अब राजा लायक नहीं रह गए। हां आज यदि स्वर्गीय वीरेंद्र शाह का कोई वंश बचा होता तो हिन्दू राष्ट्र और राज संस्था दोनों की बहाली आसान होती।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता। प्रचंड यह भलीभांति जानते हैं कि उनके प्रधानमंत्री बनने में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। भारत भी भारत के लिए नेपाल की राजनीति में प्रचंड को जरूरी मान रहा हो, यह जरूरी नहीं, लेकिन नेपाल के राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियां देखते हुए भारत को अपना हित ध्यान में रखते हुए प्रचंड पर दांव लगाने पर सोचना चाहिए।

## प्रसंगवश

# शहरीकरण की बेरहम कहानी



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों के फैलते नक्शे में सबसे पहले मिटने वाला स्थान अक्सर तालाब होता है। कभी गांव - कस्बों के मध्य में बने तालाब जीवन का केंद्र हुआ करते थे- पूजा, विवाह, तीज-त्योहार, खेलकूद, पानी भरना, जानवरों को नहलाना सबकुछ इन्हीं के चारों ओर होता था, लेकिन आज वही तालाब कंक्रीट की बस्तियों के नीचे दब रहे हैं। नगरों के शहरी विकास ने पारंपरिक जल-संरचनाओं की अहमियत को भुला दिया है।

भूमाफिया और रियल एस्टेट लॉबी ने इन्हें जमीन के खाली टुकड़े मान लिया है और जब शासन-प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत हो, तो ये तालाब धीरे-धीरे नक्शे से भी गायब हो जाते हैं। पहले पाटे जाते हैं, फिर रेत और मलबे से भरे जाते हैं, और अंततः प्लॉटिंग कर दी जाती है। यही प्लॉट कुछ वर्षों में दुकान, मकान या शॉपिंग मॉल में बदल जाता है। पानी, जो कभी वहां का आधार था, अब वहां से भटककर बस्तियों में घुस आता है। इस अतिक्रमण से भूजल स्तर गिरता है, बारिश का जल ठहरता नहीं और शहर जलजमाव से कराहते हैं। तालाब का मरना केवल एक प्राकृतिक संसाधन का अंत नहीं, एक सांस्कृतिक मृत्यु भी है और विडंबना यह है कि यह मृत्यु हमारी आंखों के सामने, हमारी सहमति से हो रही है। अतिक्रमण की इस कहानी के उदाहरण देशभर में बिखरे पड़े हैं, जिनमें प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय दबाव साफ दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सुंदरवल गांव का मामला सामने आया, जहां सरकारी तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े दुकानें बना दी गईं। स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग मौन रहा।

अयोध्या के मीरापुर मोहल्ले में स्थित एक ऐतिहासिक तालाब लगभग पूरी तरह पाट दिया गया। 90 प्रतिशत हिस्से में अब निर्माण हो चुका है। बिजनौर जिले के नहटौर कस्बे में 120 बीघा तालाब पर वर्षों से अवैध कब्जा था, जिसे प्रशासन ने हाल ही में मुक्त कराया। ये घटनाएं बताती हैं कि अतिक्रमण केवल गरीबों की जरूरत से नहीं, बल्कि पैसे और सिफारिश की ताकत से होता है। कहीं तालाब को स्कूल बनाने के बहाने कब्जाया जाता है, तो कहीं पार्क का नाम देकर दीवार खड़ी कर दी जाती है। फिर वो दीवार साल-दर-साल पक्के निर्माण में बदल जाती है। अफसोस की बात है कि जिन दस्तावेजों में तालाब दर्ज हैं, वहां भी प्रशासनिक रिकॉर्ड को नकार दिया जाता है। इससे यह साबित होता है कि कागज की लड़ाई सिर्फ ईमानदार नागरिक ही हारते हैं, भूमाफिया नहीं। प्रशासन की चुप्पी इस संकट की सबसे खतरनाक परत है। जब शिकायतें दर्ज होती हैं, तो उन्हें 'पुराना मामला' या 'न्यायालय में लंबित' कहकर टाल दिया जाता है। फाइलें महीनों चलती हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो सरकारी रिकॉर्ड से तालाब की पहचान ही मिटा दी जाती है या तो उसे 'खाली भूमि' दर्ज कर दिया जाता है या 'अराजी' घोषित कर दिया जाता है। यही वह प्रशासनिक चाल है, जिससे जमीन का मालिकाना बदल जाता है। स्थानीय नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से तालाब पाटे जाते हैं और जमीन का नक्शा बदल जाता है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश शहरों और कस्बों में आज के तालाब केवल 'कहानी' रह गए हैं। बच्चे पूछते हैंः "तालाब क्या होता है?" और हम तस्वीर दिखाकर बताते हैं। यह एक सांस्कृतिक शून्यता है, जो चुपचाप हमारे चारों ओर पनप रही है। इसलिए प्रश्न अब केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है कि हम क्या खो रहे हैं?

अंततः, तालाबों का संरक्षण केवल जल प्रबंधन का सवाल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और भावी पीढ़ियों के अधिकार का सवाल है। यह अतिक्रमण केवल भूमि हथियाने की कहानी नहीं, बल्कि एक सभ्यता के स्मृति-चिन्हों को मिटाने की साज़िश है। अगर हमने अब भी नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में बच्चों को तालाब केवल किताबों में मिलेंगे जैसे आज सिंधु घाटी की सभ्यता मिलती है। हमें यह समझना होगा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, सामाजिक एकता, परंपरा और पर्यावरण का बुनियादी आधार हैं। प्रशासन को सख्त नीति अपनानी होगी, तालाबों का डिजिटल नक्शा तैयार कर सार्वजनिक करना होगा और प्रत्येक अवैध निर्माण पर सज़ा तय करनी होगी। साथ ही हमें शिक्षा, संवाद और सामूहिक प्रयासों के जरिए यह चेतना फैलानी होगी कि "तालाब बचाओ" केवल नारा नहीं, आवश्यकता है। यदि हम सच में एक जीवंत समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें उसके 'जल स्रोत' को नहीं, 'जल चेतना' को पुनर्जीवित करना होगा।

# समुद्री सीमा पर मंडराता प्रदूषण का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है।

लाइबेरियाई कंटेनर जहाज केरल के अलपुजा तट पर थोतापल्ली से कोई 14.6 समुद्री मील दूर समुद्र में डूबने के बाद सारे क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। यह शनिवार 24 मई को एक तरफ झुकना शुरू हुआ और रविवार 25 मई की सुबह लगभग 7.50 बजे पूरी तरह से डूब गया। भारतीय तटरक्षक दल ने तो तत्परता से जहाज पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन समुद्र कैसे बचे, इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जहाज में भरा तेल और भट्टी में जलाने के काम आने वाला तेल तो सागर के जैविक संसार के लिए खतरनाक है ही, उसमें लदे कंटेनर में भरे रासायनिक पदार्थ लंबे समय तक तबाही का कारण बन सकते हैं। इस जहाज में कुल 640 कंटेनर लदे थे। इस लेख को लिखे जाने तक कम-से-कम 54 कंटेनर कोल्लम (43), तिरुवनंतपुरम (9) और अलप्पुझा (2) के समुद्र तटों पर बहकर आए हैं। इसके बावजूद, केरल के तट के पास उच्च समुद्र की लहरों से क्षतिग्रस्त कंटेनरों का मलबा केरल के दक्षिणी समुद्र तटों पर आ सकता है। तिरुवनंतपुरम के तट पर छोटे-छोटे प्लास्टिक और पॉलीथीन के दाने बहकर आए हैं, जो लंबे समय तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का खतरा बन सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि रबर सॉल्यूशन समुद्र के पानी के साथ प्रतिक्रिया कर चुका है, जिसके कारण प्लास्टिक के ये दाने पाए जा रहे हैं। अभी तक इनके सुरक्षित तरीके से निपटाने का कोई स्पष्ट समाधान नहीं है।


राज्य सरकार ने इसे प्रादेशिक स्तर की आपदा घोषित कर स्वयंसेवकों की मदद से समुद्र तट की सफाई शुरू की है। कैल्शियम कार्बाइड वाले पांच कंटेनर, जो एक और प्रदूषण का खतरा हैं, समुद्र के तल पर पड़े हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाना आवश्यक है ताकि वे नुकसान न करें। मुख्य चिंता यह है कि जो चीजें लदी थीं, उनमें से 13 को "खतरनाक कार्गो" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और 12 में कैल्शियम कार्बाइड था। इसके अलावा, जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस तेल भी है। ये कंटेनर कोई तीन किलोमीटर की गति से समुद्र में बह रहे हैं और कहा नहीं जा सकता कि कौन-सा कंटेनर किस दिशा में कहां जाए और क्या-क्या नुकसान करे। केरल सरकार ने भी नुकसान कम करने, इसका आकलन करने की दिशा में कुछ फौरी कदम उठाए हैं। 20 समुद्री मील की दूरी तक मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ सफाई करने के ख्याल से हर 100 मीटर पर वॉलिंटियर लगाए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के अलावा तेल रिसाव की स्थिति पर नजर रखी जा रही। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने समुद्री पर्यावरण पर जहाज दुर्घटना के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। दरअसल मानसून समय से पहले आ गया है और मुख्य चिंता यह है कि यह समय समुद्री जीवों, खासकर मछलियों का प्रजनन काल होता है। ऐसे में तेल और ख़तरनाक रसायन का रिसाव समुद्री उत्पादकता को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा और गंभीर रिसाव होने पर समुद्री जीवों का दम घुट सकता है, जिससे दूरगामी नुकसान की आशंका है। शुरुआती आकलन यह है कि इस जहाज में लदे कैल्शियम कार्बाइड से भरे कंटेनरों से सबसे भयावह नुकसान की आशंका है। जहाज की ईंधन टंकी में रखे डीजल की बड़ी मात्रा का रिसाव भी समुद्र के लिए घातक है। तेल अगर समुद्र तटों, मैंग्रोव जंगलों और दलदली भूमि पर जमा हो गया, तो यह संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। जहाज में लदा फर्नेस तेल वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल (वीएलएसएफओ) कहलाता है। पेट्रोलियम के इस उत्पाद का उपयोग जहाजों के इंजन में ईंधन के रूप में किया जाता है। इसमें गंधक की मात्रा कम होती है, लेकिन कुप्रभाव डीजल की तरह ही होता है।

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्यपालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इनमें से 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। केन्द्र सरकार भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाजों की उम्र तय करने पर विचार कर रही हैं। जलयान विभाग के महानिदेशक श्याम जगन्नाथन के मुताबिक, जहाज की उम्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत कोई बंधन नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है कि भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाज समुद्री मानदंडों का पालन करें।

## सोशल फोरम

# इतिहास का एक सबक



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बांग्लादेश देश बनने के बाद से पाकिस्तान ने 'हजार घाव देकर भारत का खून बहाते रहने' की नीति अपना ली, जिसे वह निरंतर आतंकी हमलों के माध्यम से अंजाम देता रहा है। लिहाजा दोनों के बीच लगातार छद्मयुद्ध जारी है। 22 मई 2025 को पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड को इस दीर्घ सिलसिले की अंतिम कड़ी कहने की तीव्र इच्छा होने के बावजूद, निश्चित रूप से इसे अंतिम कहना कठिन है।

इतिहास गवाह है कि विभाजन के बावजूद भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का हल नहीं हुआ। दोनों देशों में रह गए अल्पसंख्यकों का सवाल किसी ने नहीं उठाया। कांग्रेस ही उठा सकती थी, किंतु वह पाकिस्तान प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने के बावजूद अपने इतिहास से, एक राष्ट्र सिद्धांत से बंधी हुई थी। लिहाजा पश्चिमी पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया हो गया। पूर्वी पाकिस्तान में यह काम किस्तों में हुआ। विभाजन के समय, फिर 1950 में, जो नेहरू लियाकत पैक्ट की पृष्ठभूमि बना। फिर बांग्लादेश युद्ध के पूर्व और उसके दौरान। फिर शेख हसीना के तख्तापलट के पहले और उसके बाद। भारत में भी अल्पसंख्यकों की स्थिति सामान्य नहीं है। चीन ने 1963 से ही पाकिस्तान से होकर अरब सागर में ग्वादर तक 3000 किमी लंबा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण की योजना पर काम करना शुरू कर दिया था।

इस गलियारे की काफी दूरी पाकिस्तान अधिकृत (गिलगित-बाल्टिस्तान के) तथा चीन-अधिकृत (शक्सगाम घाटी के) भारतीय भूक्षेत्र से होकर गुजरती है। हमारे दोनों शत्रु नाभिकीय अस्त्रों से संपन्न हैं। दोनों देशों के इस सामरिक और आर्थिक गठजोड़ ने भारत की सुरक्षात्मक स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। देश का विरोधी पक्ष युद्ध विराम के लिए सरकार को लगातार कोस रहा है। सरकार भी, शायद फेससेविंग के तहत, पाकिस्तान को लगातार ललकार रही है। बस भूलकर भी चीन का नाम नहीं लेती। जैसे किसी यूटोपिया में जी रही हो।

**-फेसबुक वॉल से**

# कोविड संक्रमण से बचने के लिए चमगादड़ों पर अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है।

कोविड-19 विषाणु के संक्रमण से फैली महामारी से छुटकारा मिला ही था कि इस विषाणु के दो नए विभेदों (वेरिएन्ट्स) ने फिर से दुनिया में खतरा पैदा कर दिया है। ये दोनों वेरिएन्ट्स अत्यधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन अधिक खतरनाक नहीं है। भारत में इस समय सार्स कॉव-2 के दो वेरिएन्ट्स एलएफ़.7और एनबी.1.8.1 सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर इसका तकनीकी सलाहकार समूह (टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप-कोविड-वैक्सीन) नियमित रूप से कोविड-19 वैक्सीन के उक्त वेरिएन्ट्स पर असर का आकलन करना जारी रखता है ताकि वैक्सीन संरचना के अपडेट पर निर्णय लेने में मदद मिल सके।

15 मई 2025 को प्रकाशित नवीनतम अनुशंसा में तकनीकी सलाहकार समूह ने सलाह दी कि कोविड-19 वैक्सीन के लिए जेएन.1 या केपी.2 रेकॉम्बिनेंट/ मोनोवैलेंट एंटीजन असरदार बने रहेंगे। मोनोवैलेंट एलपी.8.1 एक उपयुक्त वैकल्पिक वैक्सीन एंटीजन है। भारत में अभी उक्त वेरिएन्ट्स से 4000 से अधिक व्यक्ति प्रभावित हो चुके हैं और कम से कम 32 व्यक्तियों की मौत भी हो चुकी है। स्थिति पर भारत सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च एवं आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल पूरी तरह से नज़र रखे हुए हैं। गत शनिवार 31 मई 2025 को इस बाबत बैठक हो चुकी है। प्रांतीय सरकारों के स्वस्थ्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु की बायोलॉजी, जूनॉटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, विषाणु और संक्रमित व्यक्ति के संबंधों (होस्ट-पैथोजन रिलेशनशिप), विषाणुओं के व्यवहार और इनके रिजर्वायर (चमगादड़) के अलावा इनकी किस्मों के बारे में अध्ययन के अलावा टीका विकसित करने के लिए विषाणुओं की जरूरत और टीका का विकास के बारे में सोचें तो वैज्ञानिकों का सबसे पहला ध्यान चमगादड़ पर ही जाता है। लंबे समय से दुनिया के वैज्ञानिक दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले चमगादड़ों के शरीर में निवास करने और पलने वाले अनेक किस्म के विषाणुओं का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन इन्हें प्रयोगशाला में उत्पन्न करने और टीका विकास में इनका इस्तेमाल करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। मौजूदा समय में जो दर्जनभर टीके दुनिया में माइक्रो-रायिबोन्यूक्लिक (एम-आरएनए) टेक्नोलॉजी और पुराने तरीके से विषाणु को कमज़ोर करके (एटेन्युएटेड एवं किल्ड वायरस) इस्तेमाल से शरीर में एंटीबाडीज विकसित करने के लिए किए गए हैं। उनके लिए विषाणु को संक्रमित मनुष्यों से ही प्राप्त किया गया था। इस प्रकार प्राप्त विषाणुओं के करैक्टरायिज़ेशन और प्रोटीन संरचना को समझ कर टीका विकसित किया गया ताकि वायरल प्रोटीन के विरुद्ध एक इच्छित स्तर तक प्रतिपिंड बना सके।

साइंस पत्रिका के 15 मई सन् 2015 के अंक में प्रकाशित लेख -एक्स्पैन्डेड यूटिलिटी बेल्ट फॉर टैक्लिंग बैट वायरसेस के माध्यम से मालूम हुआ है कि वैज्ञानिकों को चमगादड़ों से प्राप्त ऊतकों में कोरोना वायरस को विकसित करने में सफलता मिली है। इससे टीका विकास में सटीकता आएगी। चमगादड़ों में वायरस की एक बड़ी और विविध श्रृंखला होती है, जिसमें उन वायरस के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जिनकी वजह से मनुष्यों में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस), मध्य-पूर्व देशों में देखे गए श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस) और कोविड-19 महामारी का प्रकोप हुआ था। फिर भी इन वायरस को ले जाने वाले चमगादड़ों में बीमारी के न्यूनतम लक्षण दिखाई देते हैं।

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने रूसेट्टस इजीप्टियाकस चमगादड़ के फेफड़ों और आंत की भीतरी झिल्ली के ऊतकों का इस्तेमाल किया। चमगादड़ की यह किस्म मिस्र देश में होती है और फलों को खाती है। चमगादड़ की यह किस्म अफ्रीका, मध्य-पूर्व के देशों, भूमध्य सागर के निकट के देशों और भारत में भी पाई जाती है, जिसकी छह प्रजातियां हैं। सन् 1810 से इस चमगादड़ पर अध्ययन किए जा रहे हैं और सतत निगरानी भी रखी गई है। ये चमगादड़ ईरानी बकैण, जंगली खजूर, संतरा, केला, लोकाट और गूलर के फल खाते हैं। इनके शिकारी पक्षी जब इन चमगादड़ों को खाते हैं, तो इनके शरीर में भी वायरस और परजीवी प्रवेश करते हैं। संक्रमित पक्षियों से भी मनुष्य में संक्रमण प्रवेश कर सकता है। जानकार हैरानी हो सकती है कि संसार में चमगादड़ों की 1400 किस्मों के शरीर में अब तक 8176 प्रकार के विषाणुओं के बारे में मालूमात दर्ज की गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# आगरा में छह लड़कियां यमुना में डूबीं, 4 की मौत

**आगरा, एजेंसी**

आगरा जिले में मंगलवार की सुबह हुए एक बड़े हादसे में यमुना नदी में नहाने गईं छह लड़कियां डूब गईं। इनमें से दो लड़कियों को बचा लिया गया जबकि चार अन्य की डूबने से मौत हो गई।

यह हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम नगला नाथू में हुआ। मृत लड़कियों की आयु नौ से 18 साल के बीच बताई गई है। सभी एक ही परिवार के भाइयों की संतानें थीं। मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन थी। स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें नदी से निकाला। बचाई गई दो लड़कियों की हालत गंभीर है, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे से पूरा गांव शोकाकुल है।बताया गया है कि थाना सिकंदरा के गांव नगला नाथू की 7-8 लड़कियां सुबह 10 बजे के करीब यमुना नदी में नहाने पहुंच गईं। यह गांव नदी से बमुश्किल आठ सौ मीटर दूर है। लड़कियों ने नदी किनारे मोबाइल फोन से रीलें भी बनाई। नदी में नहाने के दौरान लड़कियां गहरे पानी में डूबने लगीं, उनका शोर सुनकर थोड़ी दूर स्थित खेतों मे काम कर रहे किसान नदी की ओर दौड़ पड़े। गांव के ही कुछ गोताखोरों ने लड़कियों को बचाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, तब तक चार की सांसें थम चुकी थीं। मृत लड़कियां एक ही परिवार के भाइयों की बेटियां थीं और आपस में चचेरी बहनें थीं।

राम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन विधि-विधान से हुआ पूजन, प्रथम तल की तस्वीरें आईं सामने

# अनुष्ठान का श्रीगणेश, देव प्रतिमाओं का किया गया शुद्धिकरण

**कार्यालय संवाददाता, अयोध्या**

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण में प्रथम तल पर राम दरबार समेत परकोटा के छह देव स्थलों पर मंगलवार को अनुष्ठान शुरू हुआ। मुख्य विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने सभी देव पीठ स्थलों पर सुबह 6:30 से विधि-विधान पूर्वक पूजन शुरू किया, जो पांच जून को सुबह 11 बजे तक होगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार पर मुख्य यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने वैदिक आचार्यों के साथ पूजन कराया। अलग-अलग देवालायों में गर्भगृह को वैदिक आचार्यों ने पवित्र जल समर्पित कर मूर्तियों का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान प्रारंभ किया। पहले दिन यज्ञशाला में 51 वैदिक आचार्य के द्वारा वेदी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व 1975 मंत्रोच्चारण से यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन से पूजन किया जा रहा है। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा, फिर मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू होगी।


ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को जारी की गई राममंदिर के प्रथम तल की तस्वीर।

### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बोले-प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। दर्शन करने को ही आएं।

### अनुष्ठान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना रहा वर्जित

राम मंदिर परिसर में आयोजित द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कर्मकांड आचार्य से लेकर इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों तक को मोबाइल व अन्य किसी भी प्रकार का समान ले जाना वर्जित किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे अनुष्ठान पर निगरानी रखी जा रही है।

## यूपी पुलिस को 6 को मिलेंगे 34 नए डीएसपी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** यूपी पुलिस को 6 जून को 34 नए डीएसपी मिल जाएंगे। डॉ. भीमराव आंबेकडर पुलिस अकादमी में एक साल 15 दिन के कठिन प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को इनकी पासिंग आउट परेड होगी। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी संभावना है। उनके न आने पर डीजी ट्रेनिंग तिलोत्पमा वर्मा दीक्षांत परेड की सलामी लेंगी।

सिविल लाइंस स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी आगामी शुक्रवार को डीएसपी की पासिंग आउट परेड कराने जा रही है। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित हुए अभ्यर्थियों में से 36 को ट्रेनिंग के लिए अकादमी भेजा गया था। इनमें से दो अभ्यर्थी किसी कारण से बाद में ट्रेनिंग शुरू किए थे। शेष 34 डीएसपी 12 माह 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा कर लिए हैं। इसमें 9 महिला और 18 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। इन्हें आतंरिक और बाह्य विषयों को बारीकी से पढ़ाया गया। परीक्षा कराने के बाद गौरव उपाध्याय को सर्वांग सर्वोत्तम चुना गया है।

# मायके जा रही पत्नी की सरे राह बांका मारकर की हत्या

## पीलीभीत के गांव जल्लूपुर में दिनदहाड़े हुई वारदात

**संवाददाता, घुंघचिहाई**

**अमृत विचारः** पति से हुए विवाद के बाद अपनी मां के साथ मायके जा रही विवाहिता की हत्या कर दी गई। आरोप है कि पति और देवर ने रास्ते में घेरकर बांके से वार कर दिए। इसके बाद भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार से कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी गई है।

मूल रूप से बरखेड़ा थाना क्षेत्र के पतरसिया गांव की रहने वाली नन्ही देवी (38) की शादी घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम जल्लूपुर के रहने वाले अखिलेश मिश्रा से करीब 17 साल पहले हुई थी। उसके चार बच्चे काजल (16), दामिनी (15), आनंद (12) और आदेश (10) हैं। बताते हैं कि सोमवार को दंपती के बीच झगड़ा हो गया था, जिसके बाद विवाहिता ने मायके वालों को कॉल कर दी थी। जिस पर मंगलवार को विवाहिता नन्ही देवी की मां अनीता उसकी सुसराल पहुंची और बातचीत की, मगर दंपती के बीच विवाद की सुलह नहीं हो सकी।

इस पर नन्हीं देवी अपनी मां अनीता के साथ मायके जा रही थी। आरोप है कि पीछे से पति और देवर आ गए। इसके बाद धारदार हथियार से नन्हीं देवी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही बेसुध होकर गिर गई। उसे मरा समझकर दोनों आरोपी भाग गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई।

आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर घुंघचिहाई पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


हत्यारोपी अखिलेश मिश्रा के मकान के बाहर सन्नाटा। ● अमृत विचार

## पीजी करने के बाद 7 सरकारी डॉक्टर लापता

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** पीजी (पोस्ट ग्रेजुएशन) की पढ़ाई पूरी करने के बाद 7 सरकारी डॉक्टर अपने तैनाती स्थलों से गायब हैं। ये डॉक्टर उच्च शिक्षा के लिए सरकारी खर्चे पर भेजे गए थे, लेकिन पढ़ाई पूरी होने के बाद ये सभी न तो ड्यूटी पर लौटे और न ही किसी प्रकार की सूचना दी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इन डॉक्टरों को सेवा अनुबंध के अंतर्गत पीजी पूरी करने के बाद राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में सेवा देना अनिवार्य था, लेकिन इन्होंने न तो ज्वाइनिंग रिपोर्ट दी और न ही ये किसी प्रकार से संपर्क में हैं। विभाग अब इन डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी में है। विभाग ने इन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद इन डॉक्टरों के कार्यस्थल के बारे में कोई अधिकृत जानकारी नहीं है। सूत्रों के अनुसार, इनमें से कुछ डॉक्टर प्राइवेट अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं तो वहीं, कुछ के विदेशों में कार्यरत होने की आशंका जताई जा रही है।

# भ्रष्टाचार मामले में दो आईएएस समेत 12 अधिकारी निलंबित

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** धामी सरकार ने भ्रष्टाचार पर एक और कड़ा प्रहार किया है। नगर निगम हरिद्वार में कूड़े की जमीन करोड़ों रुपये में खरीदने के आरोपों की जांच के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर दो आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी और एक पीसीएस (प्रांतीय सिविल सेवा) अधिकारी समेत सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया।

निलंबित अधिकारियों में हरिद्वार के वर्तमान जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह भी शामिल हैं। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में ही निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की सेवाएं समाप्त की जा चुकी हैं। इस प्रकरण में अब तक 12 अधिकारियों और कार्मिकों पर कार्रवाई हो चुकी है।

इस भूमि का विक्रय पत्र निरस्त करते हुए घोटाले की विजिलेंस जांच के साथ ही ऑडिट और रिकवरी भी कराई जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने नगर निगम हरिद्वार के चर्चित जमीन घोटाले पर सख्त रुख अपनाकर प्रदेश के भ्रष्ट अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है।

मामले के अनुसार, हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हेक्टेयर भूमि को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिस पर मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सात आरोपी अधिकारियों हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और हरिद्वार के मौजूदा जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया।

**इन पर हो चुकी कार्रवाई**

- रविंद्र दयाल- प्रभारी सहायक नगर आयुक्त (सेवा समाप्त)
- वेदपाल- सम्पत्ति लिपिक (सेवा विस्तार समाप्त)
- आनंद सिंह मिश्रवाण- प्रभारी अधिशासी अभियंता (निलंबित)
- लक्ष्मी कांत भट्ट- कर एवं राजस्व अधीक्षक (निलंबित)
- दिनेश चंद्र कांडपाल- अवर अभियंता (निलंबित)

- **हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाले में उततराखंड के मुख्यमंत्री का सख्त रुख**

## अमरोहा में पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष के बेटे ने गोली मार की आत्महत्या

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

- **पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से मारी गोली, दिल्ली में सीए की पढ़ाई कर रहा था अश्वनी**

**अमृत विचार :** बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त वह घर पर अकेला था। बसपा नेता अपनी पत्नी व बेटी के साथ मेरठ दवाई लेने गए थे। पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना कर रिवाल्वर के अलावा अश्वनी का लैपटॉप और मोबाइल सील कर शव को पोस्टमार्टम कि लिए भेजा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी प्रथम निवासी बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम अवतार सिंह वर्तमान में मुरादाबाद मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी हैं। उनकी बेटी शिवानी और बेटा अश्वनी दिल्ली में रहकर पढ़ाई करते थे। सीए कर रहे अश्वनी का इस साल फाइनल था। फिलहाल दोनों भाई- बहन घर आए थे। राम अवतार और उनकी पत्नी किरन लता सोमवार दोपहर बेटी शिवानी के साथ दवाई लेने मेरठ गए थे। अश्वनी घर पर अकेला था। रात करीब 10:30 बजे वे लौटे तो गेट भीतर से बंद था। दूसरी चाबी से गेट खोलकर सभी घर की दूसरी मंजिल पर चले गए।

शिवानी प्रथम तल पर बने कमरे में पहुंची तो अश्वनी का खून से लथपथ शव देख चीख पड़ी। उसके पास राम अवतार की लाइसेंसी रिवाल्वर पड़ी थी। दाईं कनपटी से सटाकर मारी गई गोली सिर के पार हो गई थी। बेटी की चीखें सुनकर राम अवतार और किरन लता भी नीचे आ गए। सूचना मिलते ही सीओ सिटी शक्ति सिंह, इंस्पेक्टर पंकज तोमर मौके पर पहुंचे। एएसपी एके भदौरिया ने भी मुआयना किया।


अश्वनी।

# अब अच्छी नहीं लगती, कहकर दिया तलाक

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

- **दहेज उत्पीड़न के तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :**
बाराबंकी में महिला उत्पीड़न के मामले बढ़ते जा रहे हैं। तीन प्रकरणों में विवाहिताओं ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। एक मामले में विवाहिता को तीन तलाक कह घर से निकाल दिया गया।

बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम किन्तूर की नगमा पुत्री असलम का निकाह शहर कोतवाली क्षेत्र के दशहराबाग निवासी मोहम्मद हसीब से हुआ था। विवाह के बाद से ही दहेज में बाइक के लिए मानसिक, शारीरिक रूप से प्रताड़ित की जा रही नगमा को 5 मार्च के दिन इस कदर मारा गया कि पांच माह की गर्भवती नगमा गंभीर रूप से घायल हो गई, उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आरोप है कि इसके बाद 13 मार्च को पति मोहसीब ने उसे कथित रूप से "तुम अब अच्छी नहीं लगती" कहकर तीन बार "तलाक" बोलकर घर से निकालने के साथ ही उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। स्थानीय पुलिस चौकी द्वारा डक्टरी परीक्षण व रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार करने पर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई, तब जाकर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरैंया मोतबर निवासी जवाहर लाल की पुत्री सुमन देवी का विवाह मई 2022 में लवकुश वर्मा निवासी ग्राम गौरा गजनी कोतवाली फतेहपुर से हुआ था। दहेज में मोटरसाइकिल, फ्रिज, टीवी, गहने, 4 लाख नकद समेत लाखों का सामान दिया गया, इसके बावजूद ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त 4 लाख और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी।

पति द्वारा शराब पीकर आए दिन मारपीट की जाती रही। 25 मई 2024 को उसे गांव के बाहर पीटकर छोड़ दिया गया। सुमन ने बड्डूपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के कई प्रयास किए, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसने एसपी से गुहार लगाई। तब जाकर पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज की। इसी थाना क्षेत्र के ग्राम कतुरी खुर्द निवासी अजरूद्दीन की पत्नी सहरीन बानो ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व अजरुद्दीन से हुई थी।

दहेज में कार की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। 23 मई को ससुराल पक्ष के 6 लोगों ने मिलकर उसे मारापीटा और 8 माह की बच्ची सहित घर से निकाल दिया। उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।



## हाइड्रोजन गैस हमारे भविष्य का ईंधन : नितिन गडकरी

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

- **केंद्रीय राजमार्ग मंत्री और मुख्यमंत्री धामी ने किया ग्राफिक एरा में दीक्षांत को संबोधित**

**अमृत विचार :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि, केंद्र सरकार निरंतर ग्रीन एनर्जी पर कार्य कर रही है। हाइड्रोजन गैस हमारे भविष्य का ईंधन है। ऑर्गेनिक म्युनिसिपल वेस्ट से हाइड्रोजन बनाने का कार्य किया जा रहा है, जो बहुत सस्ता विकल्प है। वे स्वयं हाइड्रोजन गैस पर चलने वाली गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं।

केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून स्थित ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पीएचडी की उपधियां और डिग्रियां प्रदान की गईं। केंद्रीय मंत्री को भी दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देहरादून में जाम की समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने पर सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्रिज, टनल, सड़क, हाइवे जैसे निर्माण के क्षेत्र में बीते वर्षों में कई कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। दुनिया की टॉप कंपनियों में भारतीय मूल के सीईओ हैं, जो भारत की शक्ति और प्रतिभा दर्शाता है। हमें डोमेस्टिक हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़ाने पर भी कार्य करना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी धारणा नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाली होनी चाहिए। युवाओं को सपने देखने के साथ पूरा करने का साहस भी रखना होगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, ग्राफिक एरा के अध्यक्ष प्रो. कमल घनसाला, कुलाधिपति एवं सदस्य नीति आयोग डॉ. वीके सारस्वत, कुलपति प्रो. नरपिंदर सिंह मौजूद रहे।

## लखनऊ में बनेगी देश की पहली स्वदेशी फैब लाइन

**लखनऊ, अमृत विचार :** राजधानी में आईआर डिटेक्टरों के निर्माण के लिए देश की पहली स्वदेशी फैब-लाइन स्थापित होगी। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 25 एकड़ क्षेत्र में इसका निर्माण होगा। इस परियोजना पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लगभग 650 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

सोमवार को लोकभवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आईआरडीई) देहरादून और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। एमओयू के तहत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधीन एक अग्रणी प्रयोगशाला आईआरडीई, आईआर डिटेक्टरों के विकास और निर्माण के लिए फैब-लाइन की स्थापना होगी। इस अवसर पर आईआरडीई के निदेशक डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुधीर खरे, आदि मौजूद रहे।

# भू-उपयोग परिवर्तन व विकास शुल्क में मिलेगी छूट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- **प्लेज पार्क योजना के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने तैयार किया खाका**
- **10 प्रतिशत व्यवसायिक व वाणिज्यकीय गतिविधियों की मिली स्वीकृति**

**अमृत विचार।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने प्लेज पार्क योजना को बढ़ावा देने के लिए नई कार्ययोजना बनाई है। विकासकर्ता को भूमि के उपयोग परिवर्तन व विकास शुल्क में छूट के साथ कई सहूलियतें देने पर जल्द मुहर लगेगी। विकास कर्ता को 10 प्रतिशत तक ही व्यवसायिक व वाणिज्यकीय गतिविधियां अनुमन्य होगीं।

प्लेज पार्क योजना पूरा नाम ''प्रमोटिंग लीडरशिप एंड एंटरप्राइज फॉर डेवलपमेंट ऑफ ग्रोथ इंजन'' है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) द्वारा प्रस्तावित संशोधनों को लेकर एक खाका तैयार किया गया है, जिसे स्वीकृति मिलने पर योजना में नए प्रावधानों को शामिल किया जाएगा। योजना तहत निजी औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए निजी निवेशक 10 से 50 एकड़ जमीन का उपयोग करके एक औद्योगिक पार्क बना सकते हैं। प्रस्तावित नई कार्ययोजना में प्लेज पार्क के अंतर्गत अधिकतम 10 प्रतिशत व्यवसायिक व वाणिज्यकीय गतिविधियों को अनुमन्य करने का प्रावधान शामिल किया गया है। प्लेज पार्क नीति में नवीनतम संभावित संशोधन में भू-उपयोग परिवर्तन तथा विकास शुल्क में छूट के प्रावधान को भी शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, ले-आउट व भवन मानचित्र की मंजूरी के लिए निदेशक व आयुक्त (उद्योग) को अधिकृत किया जा सकता है।

वहीं, प्लेज पार्क के लिए स्टाम्प ड्यूटी में एकरूपता लाने पर विशेष तौर पर फोकस किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, भूमि क्रय में स्टाम्प ड्यूटी में छूट के लिए वर्तमान में केवल जिलाधिकारी अधिकृत हैं तथा नए संशोधन में उपायुक्त उद्योग को भी अधिकृत किया जा सकता है। वहीं, प्लेज पार्क में उत्तम कनेक्टिविटी के लिए सड़कों के संजाल को विकिसत करने पर फोकस किया जाएगा, जबकि बाहरी संपर्क मार्ग की चौड़ाई को 12 मीटर से घटाकर 7 मीटर तक करने की रियायत भी डेवलपर्स को मिल सकेगी।



## अध्यक्ष के बयान पर बिजली कर्मियों ने किया पलटवार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** ऊर्जा निगमों के निजीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व बिजली कर्मियों के बीच टकराव और बढ़ गया। सरकार की नीति में कर्मचारी संगठनों की भूमिका न होने को लेकर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष के बयान पर कर्मियों ने पलटवार करते हुए कहा कि जब कर्मचारी नहीं, तो वितरण निगमों को लेकर बनाया गया एसोसिएशन भी सरकार की नीति नहीं तय कर सकता। कर्मियों ने कहा कि घंटों तक चलने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की नीति कथित आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन भी नहीं तय करेगा, जिसके जनरल सेक्रेटरी कॉरपोरेशन के वर्तमान अध्यक्ष हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि नवंबर 2024 के दूसरे सप्ताह में लखनऊ में वितरण निगमों की एक बैठक पांच सितारा होटल में हुई।



### 20 साल से नहीं हुई ज्वाइंट मैनेजमेंट काउंसिल की बैठक

संघर्ष समिति ने कहा कि वर्ष 2000 में उप्र सरकार ने ऊर्जा निगमों में ज्वाइंट मैनेजमेंट काउंसिल बनाने का निर्णय लिया गया था। ज्वाइंट मैनेजमेंट काउंसिल के सामने नीतिगत विषय रखे जाते थे और इस काउंसिल में सभी मान्यता प्राप्त और बड़े कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधित होते थे। पिछले 20 वर्षों से ज्वाइंट मैनेजमेंट काउंसिल की कोई बैठक नहीं हुई। ऐसे में नीतिगत मामलों पर कर्मचारी संगठनों का पक्ष भी प्रबंधन और सरकार के सामने नहीं आ रहा है।

## नौकरानी की आत्महत्या मामले में सपा विधायक जाहिद बेग को राहत

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग नौकरानी की आत्महत्या मामले में भदोही से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक जाहिद बेग और उनके परिवार को बड़ी राहत देते हुए उनकी जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। अब विधायक का जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया, साथ ही विधायक की पत्नी सीमा बेग की अग्रिम जमानत अर्जी और बेटे जईम बेग उर्फ सैफी की भी जमानत अर्जी मंजूर कर ली गई है।

मालूम हो कि 14 सितंबर 2024 को भदोही थाने में एसआई हरदत्त पांडेय की तहरीर पर सपा विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ नाबालिग किशोरी से मजदूरी कराने और नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था।

# जहरीली बिरयानी खाने से पांच कुत्तों की मौत, पांच गंभीर

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **राजाजीपुरम के सपना कालोनी में मंगलवार सुबह हुई घटना**
- **तालकटोरा थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** तालकटोरा के राजाजीपुरम स्थित सपना कालोनी में जहरीली बिरयानी खाने से पांच कुत्तों की मौत हो गई। वहीं, पांच गंभीर रुप से बीमार हो गये। मंगलवार सुबह इस घटना खुलासा हुआ। बीमार कुत्तों को गोमतीनगर स्थित नगर निगम के पशु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, सपना कालोनी निवासी पशु प्रेमी गौरव जुनेजा की तहरीर पर तालकटोरा थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक सपना कॉलोनी में अज्ञात व्यक्ति ने बिरयानी में जहरीला पदार्थ मिलाकर कुत्तों को दिया है। यह किसने किया, इसके बारे में जानकारी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। मौके से बिरयानी और दस्ताना मिले हैं। नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। गौरव के मुताबिक मंगलवार सुबह लोग घरों से बाहर निकले तो मृत पड़े कुत्तों को देखकर नगर निगम को सूचना दी। पुलिस भी बुलाई गई।

छानबीन के दौरान सड़क पर ही जगह जगह जहरीला पदार्थ रखा था। पुलिस ने पशु चिकित्साधिकारी को मामले की जानकारी दी। मौके पर पशु चिकित्साधिकारी की टीम पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए लेकर गए। अस्पताल में भर्ती पांचों कुत्तों की हालत नाजुक बताई जा रही है। इंस्पेक्टर कुलदीप के मुताबिक यह घटना साजिश के तहत की गई है या इसके पीछे कोई और रहस्य है। इसके बारे में पता लगाया जा रहा है। साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार पर परिवहन कर्मी होंगे दंडित

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार करने वाले परिवहन निगम कर्मी दंडित होंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की। यात्रियों का विस्तृत रिकॉर्ड बनाने व चालक-परिचालकों को संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाय। यह रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए।

# सभी जिलों में सीटी स्कैन होगा निःशुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई जिलों में सीटी स्कैन के लिए जमा कराए जा रहे थे 500 रुपये
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर मरीजों को दी गई राहत
- 12 मेडिकल संस्थानों में 464.70 लाख से बढ़ेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी जिलों में अब निःशुल्क सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लागू हुई इस सुविधा से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

दरअसल, सभी जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचों की भांति सीटी स्कैन भी निःशुल्क हो रहा है, लेकिन छह जिलों में सीटी स्कैन जांच के एवज में मरीजों से 500 रुपये शुल्क जमा कराया जा रहा था। लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद एवं रायबरेली में सीटी स्कैन जांच के लिए रोगी कल्याण निधि में बतौर यूजर चार्जेज 500 रुपये जमा कराए जा रहे थे। ब्रजेश पाठक की पहल पर यह शुल्क माफ कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज व कानपुर के दो संस्थानों में मरीजों के हितों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसमें आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, जालौन, कन्नौज व बदायूं और कानपुर के हृदय रोग संस्थान, जेके कैंसर संस्थान के लिए 464.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस क्रम में अवमुक्त धनराशि में से प्रति मेडिकल कॉलेज को 33.5 लाख तथा जेके कैंसर संस्थान को 31 लाख रुपये आवंटित किया गया है। इससे मेडिकल कॉलेज व संस्थान आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म व हत्या चिंतनीय

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में अनुसूचित वर्ग के नाबालिग के साथ दुष्कर्म, चाकू से गोदकर मारने व पटना अस्पताल में इलाज में लापरवाही से मौत की घटना बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। यह अति निंदनीय व चिंतनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि बिहार सरकार दोषियों के खिलाफ त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सुनिश्चित करे।



# मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

## प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में योगी ने कार्यकर्ताओं को समझाई रणनीति




लखनऊ में कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व अन्य पार्टी नेता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से मंगलवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनजागरण की रणनीति समझाई और बूथ स्तर तक संवाद करने का मंत्र दिया। कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में देश को मोदी जैसा नेतृत्व मिलना हम सबका सौभाग्य है।

'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष' थीम पर हुई इस कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से हुई।

### पेशेवर समूहों को जोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित न रहें, बल्कि आम जन, पेशेवर समूहों, और लाभार्थियों को भी अभियान से जोड़ें।

मुख्यमंत्री योगी ने 9 जून से 21 जून तक कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। योगी ने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की रूपरेखा का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित करने का समय है, जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां शामिल होंगी। योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं से यूपी में आए व्यापक बदलावों और विकास की विस्तार से चर्चा की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, बसंत त्यागी, भूषण सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल समेत भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारी राशन बांटने को बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

## यूपी कैबिनेट का फैसला : हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 भवन बनाए जाएंगे, सरकारी खजाने से होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत बनाने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा भवन योजना शुरू करने जा रही है। हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों के निर्माण को गति देने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में सरकारी खजाने से भी इनका निर्माण कराने का फैसला लिया गया है। यह भवन ग्राम समाज की आय का साधन भी बनेंगे। यहां राशन के अलावा अन्य सामान की भी बिक्री हो सकेगी।

इस बाबत वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुंदेलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केंद्र सरकार की योजना से अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग बचत से धनराशि की व्यवस्था करेगा। सुरेश खन्ना के अनुसार, 484 वर्ग फुट में इसे बनाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन का निर्माण 8.50 लाख रुपये में कराया जा रहा है।

### विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी

अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय शुरू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। इसके लिए लेटर आफ परमिशन (एलओपी) जारी किया गया है। वहीं, गाजियाबाद स्थित अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कालेज को निजी विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा गया है। इसके अलावा, सिद्धार्थनगर जिले में स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के भवन निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है।

**5 मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति :** कैबिनेट ने उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रालि., बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रालि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपये, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

**नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत :** हल्दीराम स्नैक्स प्रा.लि. गौतमबुद्ध नगर में 662 करोड़ रुपये से खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग तैयार करने की इकाई स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में इस संदर्भ में एलओसी (लेटर आफ कंफर्ट) जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

**दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति :** राज्य में डाटा सेंटर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 के अंतर्गत निवेशक मेसर्स एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रालि. को दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्ति का लाभ प्रदान किए जाने के संबंध में कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

## राम वन गमन पर विशेष डाक आवरण जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव, अयोध्या प्रधान डाकघर के सीनियर पोस्टमास्टर अनुज कुमार सिंह व प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल ने प्रधान डाकघर अयोध्या में मंगलवार को राम वन गमन पर विशेष डाक आवरण जारी किया। प्रवर अधीक्षक ने कहा कि श्री राम को त्याग का प्रतीक माना जाता है। राम वन गमन के विशेष आवरण से ज्ञान का प्रकाश संचार सम्भव है। प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष ने बताया कि राम वन गमन के विशेष आवरण से देश-विदेश के पर्यटक अयोध्या दर्शन करने को बढ़ावा मिलेगा। विशेष आवरण का मूल्य 25 रुपये रखा गया है।

# 47 जिलों में मोटे अनाज की खेती को आगे आई सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 24 जिलों में ज्वार, 38 में बाजरा, 13 में कोदो व 12 में सावां की खेती की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज/श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने की व्यापक योजना तैयार की गई है।

यह योजना वर्ष 2025-26 की राज्य कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत संचालित की जाएगी। अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में इसकी पूरी योजना तैयार कर ली गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए छोटे और मझोले किसानों को लाभान्वित करना है। जिससे एक ओर किसानों की आमदनी में इजाफा हो और दूसरी ओर लोगों को पोषणयुक्त अनाज उपलब्ध कराया जा सके। इसमें ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे परंपरागत और स्वास्थ्यवर्धक अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**इन जिलों में ज्वार की फसल से बढ़ेगी आमदनी :** अयोध्या, बाराबंकी, बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, जालौन, हमीरपुर, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, महोबा, रायबरेली, प्रयागराज, अमेठी, सोनभद्र, सीतापुर, हरदोई, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी।

### बरेली सहित इन जिलों में बाजरे से होगा मोटा मुनाफा

आगरा, बदायूं, अलीगढ़, फिरोजाबाद, सम्भल, हाथरस, एटा, मथुरा, कासगंज, इटावा, औरैया, प्रयागराज, कानपुरदेहात, मैनपुरी, गाजीपुर, बरेली, जालौन, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, भदोही, फतेहपुर, वाराणसी, फर्रुखाबाद, जौनपुर, चन्दौली, बांदा, कन्नौज, शाहजहांपुर, हरदोई, अमरोहा, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, कानपुरनगर एवं सीतापुर।

**इन जिलों में सावां के जरिए बढ़ेगी कमाई :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, जौनपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, भदोही, वाराणसी, चन्दौली एवं हमीरपुर।

**इन जिलों में कोदो की फसल से बदलेगी किसानों की तकदीर :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, फर्रुखाबाद, चन्दौली, भदोही, प्रतापगढ़, जौनपुर, हरदोई, वाराणसी, मुरादाबाद एवं हमीरपुर।

# फर्जी नियुक्ति पत्र मामले में आरोपी की जमानत खारिज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) कोर्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशा सिंह की अदालत ने फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लाखों रुपये की ठगी के गंभीर आरोपों में प्रतापगढ़ जिले के अन्तू थाने के अडगवा मिश्राने निवासी आरोपी संतोष पांडेय उर्फ संजय मिश्रा उर्फ मनोज उर्फ राजीव भाटिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ल के अनुसार, आरोपी ने अपने सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी ज्वॉइनिंग लेटर जारी कर भादर खरगपुर निवासी वादी बृजलाल व उसके परिचितों से नगद व खाते के माध्यम से लाखों रुपये की ठगी की। केस डायरी के अनुसार, पुलिस जांच में यह नियुक्ति पत्र फर्जी पाया गया और पीड़ितों से करीब 1.5 लाख रुपये की ठगी की पुष्टि हुई। वहीं आरोपी की ओर से पक्ष रखते हुए यह कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है और उसके खाते में कोई रकम नहीं आई है, न ही किसी दस्तावेज पर उसके हस्ताक्षर हैं। सरकारी अधिवक्ता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि आरोपी का गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है। अदालत ने सभी तथ्यों व केस डायरी के अवलोकन के बाद आरोपी की जमानत याचिका को निरस्त कर दिया।

## जेल में निरुद्ध महिला को मिली जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव ने नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में जेल में बंद महिला आरोपी सुशीला को सशर्त जमानत प्रदान की है।

कूरेभार थानाक्षेत्र निवासी सुशीला के विरुद्ध किशोरी को भगाने के आरोप में बीते वर्ष 12 सितंबर की घटना में केस दर्ज कर जेल भेज दिया था। प्राथमिकी में सुशीला नामजद नहीं हैं। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद महिला आरोपी की जमानत मंजूर कर ली है।

# पांच डॉक्टर होंगे बर्खास्त, कई अन्य पर भी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव को बछरावां में तैनात चिकित्सकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मरीजों के प्रति असंवेदनशील और कार्य में लापरवाह पांच चिकित्सक बर्खास्त होंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार और डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। मरीजों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। ब्रजेश पाठक के मुताबिक, बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अपर निदेशक, लखनऊ मंडल के निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरांवा से बलिया में स्थानांतरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं, अनधिकृत रूप से बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई (वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई) में 21 जनवरी 2021 को की गई थी, लेकिन डॉ. बृजेश यादव ने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। ऐसे में दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद डॉ. बृजेश यादव को लखनऊ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय, जबकि डॉ. संदीप कुमार को आजमगढ़ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।

### लखनऊ के चिकित्सकों पर भी कार्रवाई

लखनऊ के लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. ऊषा चन्द्रा बिना सूचना गैरहाजिर हैं। उनके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश हैं। बलरामपुर स्थित मेमोरियल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा रंजन के विरुद्ध भी चिकित्सालय की साफ-सफाई न रखने, मरीजों के चिकित्सकीय कार्यों एवं पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने के लिए आरोप-पत्र देकर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं।

# श्रमिकों को मिलेगा डिजिटल न्याय, जल्द शुरू होगा ई-कोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार सिर्फ निवेश ही नहीं, बल्कि श्रमिक सम्मान का राष्ट्रीय मानक गढ़ने के लिए औद्योगिक विवादों के समाधान में डिजिटल तकनीक अपनाने की तैयारी है। श्रम न्यायालयों और अधिकरणों के निर्णयों का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और त्वरित बनाने के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था लागू होगी। साथ ही, श्रम आयुक्त की अनुमति के निरीक्षण नहीं होगा और निरीक्षण के 48 घंटे में रिपोर्ट सार्वजनिक करनी होगी।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग डिजिटल तकनीक के माध्यम से श्रम विवादों के समाधान को आसान बनाएगा। जल्द ही ई-कोर्ट के जरिए केस फाइलिंग से लेकर सुनवाई तक की सुविधा शुरू होगी। इससे धन व समय की बचत के साथ पारदर्शिता भी आएगी। इससे आनुतोषिक भुगतान, कर्मचारी प्रतिकर, वेतन भुगतान, समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, और श्रमजीवी पत्रकारों से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा।


## वर्ग पहेली- 451

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर; कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।




### वर्ग पहेली -450 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | गे | ला |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- नवमी 23 .54 तक तत्पश्चात दशमी।


मेष

आज पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वो पूर्ण हो सकता है। कारोबार में महत्वपूर्ण समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे।


वृष

आज आपको अपनी प्रबंधन क्षमताओं को दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट का लाभ उठा सकते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें, लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।


मिथुन

आज मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में समस्या होगी। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।


कर्क

आज बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को पदोन्नति मिल सकती है।


सिंह


आज संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखनी होगी। अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। गैस और कब्जियत की शिकायत होने की संभावना है।


कन्या

आज व्यापार की समस्याओं का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें।


तुला

आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। अपनी गलतियों को ढकने से बचें। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी को उधार देने से बचें।


वृश्चिक

आज व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे।


धनु

आज कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुनः प्रारंभ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। शुभ कार्यों में अधिक धन खर्च कर सकते हैं।


मकर

आज जॉब में अचानक ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।



कुंभ

आज अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है।


मीन

आज अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पूरी एकाग्रता से साथ सभी कार्य करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 5 जून 03 .35 तक तत्पश्चात हस्त।

## सुडोकू -175

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू - 174 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |

## एक नजर

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर 0.2% घटाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने विद्या लक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। बैंक ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसमें कहा गया, यह पहल उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है जो समूचे भारत में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं।

### भारत में कर व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाएं

**नई दिल्ली।** वैश्विक विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि भारत की कर प्रणाली को और भरोसेमंद बनाने की जरूरत है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि भारत के विमानन बाजार में वृद्धि दर चीन से अधिक होगी।

# जवाबी शुल्क पर दोहरी रणनीति अपनाएं

## नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में अमेरिकी शुल्क के संबंध में भारत को दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैरसंवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है।

आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए मूल्य



● अमेरिका से आयातित गैर संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर उच्च शुल्क कम करने का सुझाव

स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।

भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो जीन संवर्धित है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है ताकि उस देश में मांग पूरी की जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।

### अमेरिका से व्यापार समझौते पर सहमति की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा, आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है।

### पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# मेकमाईट्रिप ने शुरू की सीट उपलब्धता पूर्वानुमान सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी, यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें।

गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को प्रस्थान तिथि के बहुत करीब आने पर ही अंतिम रूप देते हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण कन्फर्म बुकिंग की अवधि बदलती रहती है। अप्रैल में



● मिलेगी जानकारी कब तक उपलब्ध रहेगा टिकट, समय पर बुकिंग करा सकेंगे रेलयात्री

अधिकतर हाई-स्पीड ट्रेन की टिकट प्रस्थान तिथि से करीब 13 दिन पहले ही बिक जाती हैं। मई तक बढ़ती मांग के कारण, वे आमतौर पर प्रस्थान से 20 दिन पहले ही बुक हो जाती हैं।

बयान में कहा गया कि इससे यात्रियों को यह पता होता है कि उन्हें कौन सी ट्रेन की टिकट लेनी है लेकिन वे इस बात का अंदाजा नहीं लगा पाते कि आखिर ये टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी। इससे समय पर योजना बनाना कठिन हो जाता है। यह सेवा मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध है।

# भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

**ओस्लो, एजेंसी**

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को यहां कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्सबर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता किया जिससे भारत को अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस मौके पर सोनोवाल ने कहा, यह समझौता उम्मीद और प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास



● नार्वे की कंपनी से हुआ समझौता स्वदेश में ही होगा निर्माण

के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सिर्फ एक पोत नहीं बना रहे, बल्कि नवाचार, खोज और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विरासत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता भारत की वैज्ञानिक खोज, ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान में क्षमता वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में योगदान का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यह पोत अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा, जिससे शोधकर्ता समुद्र की गहराई, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन और ग्रह के अतीत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी जुटा सकेंगे। यह भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रमाण होगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुये कहा मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब यह ध्रुवीय अनुसंधान पोत रवाना होगा।

### भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात 10 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिससे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की।

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही, जिससे सेंसेक्स 636 अंक और निफ्टी 174.10 अंक टूटकर नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली ने बाजार को काफी प्रभावित कर रखा है। घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन ऊर्जा, वित्त और आईटी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 636.24 अंक गिराकर 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 798.66 अंक तक टूटा



● विदेशी निवेशकों की निकासी और चौतरफा बिकवाली ने किया प्रभावित
● अदाणी ग्रुप की 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में भी दर्ज की गई गिरावट

था। एनएसई का निफ्टी 174.10 अंक टूटकर 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। उन्होंने कहा कि बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई।



## एक नजर

### लापता जवानों की तलाश के लिए छातेन पहुंची टीम

**गंगटोक।** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### कोरोना: पांच और की मौत सक्रिय मामले हुए 4026

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2700 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

### कन्नड भाषा पर टिप्पणी के लिए हासन को फटकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं। हासन की फिल्म ठग लाइफ के सहनिर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि हासन के माफी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

### क्षीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक क्षीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# संसद का विशेष सत्र बुलाएं प्रधानमंत्री

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री मोदी से किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं।

मंगलवार को एक बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया



● सशस्त्र बलों को धन्यवाद अदा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने की जताई मंशा

जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे।

हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम का एलान किए जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए, इस पर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया।

### राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप' के आगे नरेंदर सरेंडर

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के आगे सरेंडर करने का तीखा आरोप लगाया। राहुल यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत करने आए थे। उन्होंने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी जी, क्या कर रहे हो...'नरेंद्र सरेंडर'। और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी जी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे खानापूर्ति करना चाहते हैं।

### महबूबा ने कहा- पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री तथा पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है और किसी भी राजनीतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्हें अहम भूमिका निभानी होगी। महबूबा ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर कश्मीरी पंडितों के समुदाय को बधाई देने गंदेरबल जिले के तुलमुला गई थीं। गंदेरबल में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पंडितों बिना अधूरा है। पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बंदूकों से नहीं सुलझाया जा सकता। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है और आतंकवादियों की बंदूक भी इसका समाधान नहीं है। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीरी पंडित भाई-बहन कश्मीर में वापस नहीं लौटते, तब तक राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है।

# भगवंत मान के विवादित बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भाजपा की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की। मान ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा की घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना पर पूछे गए सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है।

उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांग रही है। इन लोगों ने 'सिंदूर' को मजाक में बदल दिया है। वे हर घर में सिंदूर भेज रहे हैं। क्या अब आप मोदी के नाम का 'सिंदूर' लगाएगे। पिछले

● पंजाब के सीएम ने कहा- क्या मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगी महिलाएं

दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के मद्देनजर भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी, हालांकि भाजपा ऐसा कोई कार्यक्रम चलाने का पहले ही खंडन कर चुकी है।

मान की टिप्पणी की भाजपा नेता एवं हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री पहले कॉमेडियन भी रहे हैं और राजनीति में भी ये कॉमेडी करना चाहते हैं।

### भविष्य के जांबाज



राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत द्रास (लद्दाख) के आर्मी गुडविल स्कूल छात्रों का एक समूह मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान उनसे भविष्य के इरादों के बारे में पूछा। एजेंसी

### पंजाब: गुरुद्वारे में एसी कंप्रेसर फटने से महिला की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** रूपनगर में सतलुज नदी के किनारे एक गुरुद्वारे में मंगलवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। यह घटना एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के बाद गुरुद्वारे में मौजूद लोग भागने लगे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो एसी के पास बैठी थीं। कुछ लोग इसके बाद हुई भगदड़ में घायल हो गए। मृत महिला की पहचान रूपनगर के हरगोबिंद नगर निवासी कश्मीर कौर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में रेफर कर दिया गया है।

# पॉक्सो मामले के आरोपी को सामुदायिक सेवा करने का दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के एक आरोपी को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने और युद्ध हताहत सेना कल्याण कोष में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा को पैसे की मांग पूरी न करने पर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देने वाले आरोपी के आचरण को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार डिजिटल मंच के घोर दुरुपयोग और सहमति और निजी गरिमा के प्रति चिंताजनक अनादर को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि आरोप निस्संदेह गंभीर हैं, जिसमें एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न और शोषण के आरोप शामिल हैं, जो सोशल मीडिया युग के नकारात्मक पहलुओं का प्रतीक है।

# संसद के अगले सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से

● संसदीय कार्य मंत्री विभिन्न दलों के नेताओं से करेंगे बात

बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

### प. बंगाल: बजरंग दल के तीन कार्यकर्ता फिर पुलिस रिमांड पर

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के माटीगाड़ा थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस से लदे वाहन में आग लगाने के आरोप में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) से संबद्ध बजरंग दल के तीन कार्यकर्ता एक बार फिर से पुलिस रिमांड पर भेजे गए हैं। आरोपियों में कृष्णा साह (25), अमित कुमार गुप्ता (35) और मिथलेश उर्फ योगेश गौहर (29) शामिल हैं। इन तीनों कार्यकर्ताओं को माटीगाड़ा पुलिस ने पहले की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से पुनः पांच दिनों की रिमांड की मांग की जबकि विहिप के लीगल सेल ने जमानत याचिका दाखिल की। सुनवाई के बाद अदालत ने तीन दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर दी। मामला माटीगाड़ा थाना कांड संख्या 350, दिनांक 30 मई 2025 के अंतर्गत दर्ज है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की कई गंभीर धाराएं और बीओएफ अधिनियम व राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धाराएं लगाई गई हैं।

# जी-7 में प्रधानमंत्री का भाग न लेना एक और कूटनीतिक विफलता


**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेना भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका को मध्यस्थता करने देने के बाद एक और कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों और जर्मनी के चांसलर का जी7 शिखर सम्मेलन 15 जून, 2025 से कनाडा के अल्बर्टा में हो रहा है। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपति और

● कांग्रेस ने किया दावा, कहा- पिछले छह सालों में पहली बार हो रहा है ऐसा

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी7 कई वर्षों तक जी8 था क्योंकि इसमें रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी8 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाता था जहां उनकी आवाज सुनी जाती थी। उन्होंने कहा, भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही। लेकिन अब 6 साल में पहली बार 'विश्वगुरु' कनाडा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भले ही बातों को घुमाने का प्रयास किए जाए, तथ्य यह है कि यह एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।




# आरसीबी ने पहली बार जीता आईपीएल खिताब

## पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर आईपीएल के आठवें चैंपियन बने रॉयल चैलेंजर्स



अहमदाबाद, एजेंसी

विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल की निराशाओं को आखिरकार भुलाते हुए पंजाब किंग्स को मंगलवार को 6 रन से हराकर पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब अपने नाम किया। जीत तय होते ही अपने आंसू पर काबू नहीं पा सके विराट मैदान पर घुटने के बल बैठकर रो पड़े। उनके साथ ही 18 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी के प्रशंसकों की आंखें भी नम हो गई। अब तक तीन बार फाइनल में मिली नाकामी की यादें भी खुशी के इन आंसुओं में धुंधली हो गई।

बल्लेबाजी की मददगार पिच पर खेले गए फाइनल में आरसीबी ने दबाव का बखूबी सामना करते हुए जुझारूपन नहीं छोड़ा और जीतकर ही दम लिया। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाये जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। 190 रन का स्कोर उतना बड़ा नहीं था लेकिन कृणाल पंड्या की अगुवाई में गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पंड्या ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये। वैसे मैच का निर्णायक पल रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट था। आखिरी ओवर में पंजाब को 29 रन चाहिये थे और जोश हेजलवुड ने दूसरी डॉट गेंद डालकर जीत तय कर दी ।पंजाब के लिये शशांक सिंह (30 गेंद में 61 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। दूसरे क्वालीफायर में शानदार पारी खेलकर आये अय्यर एक रन बनाकर आउट हो गए। जोश इंगलिस ने 23 गेंद में 39 रन बनाये लेकिन पंड्या ने 13वें ओवर में उन्हें लांग आन पर लपकवाया। इसके बाद से हर डॉट गेंद पर 'आरसीबी आरसीबी' का शोर बढता गया। आरसीबी के लिये खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल भी खास तौर पर इस मैच के लिये यहां पहुंचे थे।

पंजाब के लिये प्रभसिमरन सिंह ने 22 गेंद में 26 रन बनाये। भुवनेश्वर सिंह ने नेहाल वढेरा (15) और मार्कस स्टोइनिस (छह) को तीन गेंद के भीतर 17वें ओवर में पवेलियन भेजा । इससे पहले अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। आरसीबी के लिये कोहली 35 गेंद में 122.85 की स्ट्राइक रेट से 43 रन बनाकर आउट हो गए। कोहली ने अपनी पारी में सिर्फ तीन चौके लगाये। पावरप्ले में आरसीबी का स्कोर 1 विकेट पर 55 रन था लेकिन छठे से 11वें ओवर के बीच सिर्फ 42 रन बने।

फिल साल्ट (16) ने पहले ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया लेकिन अगले ओवर में विकेट गंवा बैठे। मिडआन पर खड़े पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दस कदम से अधिक पीछे की ओर लेते हुए जैमीसन की गेंद पर शानदार ऊंचा कैच लपका। साल्ट के आउट होने का आरसीबी की पारी पर बड़ा असर पड़ा क्योंकि मयंक अग्रवाल (24), रजत पाटीदार (26) और लियाम लिविंगस्टोन (25) अच्छी शुरूआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाये। जैमीसन ने सटीक लैंग्थ और लाइन के साथ गेंदबाजी की और विविधता से बल्लेबाजों को उलझाये भी रखा। उन्होंने चार ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप ने चार ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट चटकाये।

### रजत पाटीदार बोले- इस कप के हकदार कोहली



**अहमदाबाद।** जब आईपीएल चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान रजत पाटीदार ने 18 साल के टीम के इंतजार के बाद कहा ' ई साला कप नामडू' (इस साल कप हमारा है) तो प्रशंसक खुशी से चीख उठे। लेकिन जब उन्होंने कहा, इसके सबसे ज्यादा हकदार विराट कोहली हैं तो शोर कई गुना बढ गया। पाटीदार ने कहा , मेरे लिये यह खास है, विराट कोहली और सभी प्रशंसकों के लिये। जिन्होंने इतने साल तक टीम का साथ दिया, वे सभी इसके हकदार हैं। मेरे लिये यह बड़ा मौका है और मैने बहुत कुछ सीखा है। इसके हकदार सबसे ज्यादा विराट कोहली हैं। उन्होंने 17 रन देकर दो विकेट लेने वाले कृणाल पंड्या की तारीफ करते हुए कहा, कृणाल विकेट लेने वाला गेंदबाज है। जब भी विकेट चाहिये होते हैं, मैं उसे गेंद सौंपता हूं। सुयश और बाकी गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, टीम के हर खिलाड़ी पर गर्व है। कई युवाओं का यह पहला सत्र था। उन्होंने बेखौफ खेला। अभी काम अधूरा है। हम अगले साल इसे जीतेंगे।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**190/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 |
| विराट कोहली का और बो उमरजइ | 43 |
| मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल | 24 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन | 26 |
| लियाम लिविंगस्टोन पगबाधा बो जैमीसन | 25 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 |
| कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 |
| भुवनेश्वर कुमार का आर्य बो अर्शदीप | 1 |
| यश दयाल नाबाद | 1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### पंजाब किंग्स

**184/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का साल्ट बो हेजलवुड | 24 |
| प्रभसिमरन सिंह का कुमार बो पंड्या | 26 |
| जोश इंगलिस का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 1 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| मार्कस स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 6 |
| अजमतुल्लाह उमरजइ का भंडागे बो दयाल | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1

### खिलाड़ियों पर हुई पैसे की बरसात

| स्टेज | टीम | मिली राशि |
|---|---|---|
| चैंपियन | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 20 करोड़ रुपये |
| रनर-अप | पंजाब किंग्स | 12 .5 करोड़ रुपये |

| अवॉर्ड | इनामी राशि | विजेता |
|---|---|---|
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | जितेश शर्मा |
| फैंटसी किंग ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| ऑन द गो 4s ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | प्रियांश आर्या |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | क्रुणाल पांड्या |
| प्लेयर ऑफ द मैच | 5 लाख रुपये | क्रुणाल पांड्या |
| इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन | टाटा कर्व | वैभव सूर्यवंशी |
| फैंटसी किंग ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | निकोलस पूरन |
| ऑन द गो 4s ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | मोहम्मद सिराज |
| कैच ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | कामिंदु मेंडिस |
| फेयर प्ले अवॉर्ड | ट्रॉफी | चेन्नई सुपर किंग्स |
| पर्पल कैप | 10 लाख रुपये | प्रसिद्ध कृष्णा |
| ऑरेंज कैप | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| मोस्ट वैलुएबल प्लेयर ऑफ द सीजन | 15 लाख रुपये | सूर्यकुमार यादव |
| पिच एंड ग्राउंड अवॉर्ड | 50 लाख रुपये | दिल्ली एसोसिएशन |



**आईपीएल ऑरेंज कैप :** यह अवॉर्ड पूरे आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज को दिया जाता है।

**फेयर प्ले अवॉर्ड :** यह अवॉर्ड उस टीम को दिया जाता है जिसने पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा अनुशासन के साथ खेला है ।

**मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर :** उस खिलाड़ी को यह अवॉर्ड दिया जाता है जो पूरे आईपीएल सीजन में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में बेहतरीन रहा हो।

**आईपीएल पर्पल कैप :** इस अवॉर्ड का विजेता वह गेंदबाज होता है जिसने पूरे सीजन में सबसे अधिक विकेट लिए हैं।

**इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन :** यह अवॉर्ड सीजन में उभरते सितारे को दिया जाता है। विजेता को 10 लाख रुपये का चेक दिया गया।

### जब तक खेलूंगा, आरसीबी के लिए खेलूंगा : कोहली

जीत के बाद कोहली ने कहा कि यह टीम उतनी ही प्रशंसकों की है, जितनी की टीम की। 18 साल का लंबा समय। मैने अपनी जवानी, प्राइम और अनुभव सब कुछ इस टीम को दिया । मैने हर सत्र में जीतने की कोशिश की। जो भी मेरे पास था, दिया। फाइनल के बाद कोहली ने अपनी पत्नी अनुष्का को गले लगाया। उन्होंने कहा कि आखिरकार खिताब जीतना अविश्वसनीय अनुभव है। कभी सोचा नहीं था कि यह दिन आयेगा। आखिरी गेंद डाले जाने के समय मैं बहुत भावुक हो गया था। मैने अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दी थी और यह अद्भुत अहसास है। उनके जिगरी दोस्त उस समय सीमा रेखा के पास खड़े थे। कोहली ने उनके बारे में कहा कि एबीडी ने जो इस टीम के लिये किया, वह अद्भुत है। मैने उससे कहा कि यह जीत उतनी ही उसकी है , जितनी कि हमारी। मैं चाहता हूं कि तुम हमारे साथ जश्न में शामिल हो। वह चार साल पहले रिटायर होने के बाद भी सबसे ज्यादा बार प्लेयर आफ द मैच रहा। यह बताता है कि लीग पर, टीम पर और मुझ पर उसका क्या प्रभाव है। वह पोडियम पर रहने का हकदार है। कमेंटेटर मैथ्यू हेडन ने जब उनसे पूछा कि वनडे विश्व कप, टी-20 विश्व कप और चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद इस खिताब को वह कहां रखते हैं, कोहली ने कहा कि यह भी ऊपर है । मैने पिछले 18 साल में इस टीम को सब कुछ दिया । इस टीम के साथ ही रहा।

### समापन समारोह देशभक्ति से रहा सराबोर

**अहमदाबाद।** सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी और दुश्मन के छक्के छुड़ा दें , हम इंडिया वाले जैसे गाने आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल से पहले समापन समारोह में गूंजते रहे जिससे नरेंद्र मोदी स्टेडियम देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम पर सीमारेखा के पास मैच की जानकारी देने और विज्ञापनों के लिए इस्तेमाल होने वाले डिजिटल बोर्ड पर भारतीय सशस्त्र बलों का सम्मान, सशस्त्र बलों को सलाम और भारतीय सेना को धन्यवाद जैसे मैसेज चलते रहे। गायक शंकर महादेवन ने अपने बेटों सिद्धार्थ और शिवम के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया। युद्ध पर बनी फिल्म लक्ष्य का टाइटल गीत कंधों से मिलते हैं कंधे और ऐ वतन मेरे आबाद रहे तू और वंदे मातरम जैसे गीत इस तिकड़ी ने गाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच दुनिया के सबसे बड़े टी-20 टूर्नामेंट के 18वें सत्र के फाइनल से पहले समापन समारोह आयोजित हुआ। आरसीबी टीम पहले वार्मअप के लिये मैदान पर उतरी।



### खेल डायरी

#### विलियमसन ने फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूज़ीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए।

#### विंबलडन में चोटिल होने से नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने से इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन में अंतिम टूर्नामेंट खेला था।

## सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट**

- लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुए बाहर

जकार्ता, एजेंसी





दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने महिला एकल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन को पुरुष एकल में चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार मिली। भारत के इस खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। वहीं, सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

## एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

- गुकेश की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दूसरे दौर में मिली हार का लिया बदला

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी



भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया, जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।

# भारत तभी पाकिस्तान से बात करेगा जब वह आतंक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

- सांसद थरूर ने कहा- सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत

ब्रासीलिया, एजेंसी


कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उससे बातचीत कर सकता है।

ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा, हम अपने वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह पनाह क्यों देता है।

## अरब लीग के महासचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल


मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारत का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल।

**काहिरा।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की।



# एआई से बना रहे डीपफेक

**24** घंटे के भीतर शिकायत के बाद भारत में हटाना होगा वीडियो

**96%** गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी समाज के लिए खतरा

डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल झूठी जानकारी या प्रचार करके जनता को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। एआई-जेनरेटेड डीपफेक वीडियो में विश्व के किसी भी नेता या सेलिब्रिटी को कुछ ऐसा कहते हुए दिखाया जा सकता है जो उन्होंने नहीं कहा है, जिसे फेक न्यूज़ भी कहा जाता है जो जनता की राय बदल देता है। साइबर अपराधी डीपफेक प्रौद्योगिकी का उपयोग घोटाले, झूठे दावे और झांसे बनाने के लिए कर सकते हैं जो संगठनों को कमजोर और अस्थिर करते हैं। उदाहरण के लिए, कोई हमलावर किसी वरिष्ठ अफसर का कोई झूठा वीडियो बना सकता है जिसमें वह वित्तीय अपराध जैसे आपराधिक कृत्य को स्वीकार कर रहा हो या संगठन की गतिविधि के बारे में झूठे दावे कर रहा हो। इसे गलत साबित करने में समय और पैसा खर्च करने के अलावा, इससे व्यवसाय के ब्रांड, सार्वजनिक प्रतिष्ठा और शेयर की कीमत पर बड़ा असर पड़ सकता है।

### भारत में चर्चित मामले

**प्रधानमंत्री मोदी:** एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें प्रधानमंत्री जैसा दिखने वाला व्यक्ति गरबा करते हुए दिखाई दिया था। तब मोदी ने कहा था कि डीपफेक अराजकता पैदा कर सकते हैं, नागरिकों व मीडिया से सतर्क रहने को कहा था।

**प्रियंका चोपड़ा:** दिसंबर 2023 में एक वीडियो में एक ब्रांड का प्रचार करते और अपनी वार्षिक आय का खुलासा करते हुए देखा गया। वीडियो में प्रियंका का चेहरा नहीं बदला गया था। उनकी आवाज व मूल वीडियो की लाइन के ऑडियो को नकली ब्रांड विज्ञापन से बदल दिया गया था।

### ज्यादातर सेलिब्रिटी बनते हैं निशाना

- डीपफेक से होने वाला एक बड़ा खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी है, जो इंटरनेट पर 96% तक डीपफेक के लिए जिम्मेदार है। इनमें से ज्यादातर सेलिब्रिटी को निशाना बनाया जाता है। डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल बदला लेने के लिए पोर्न बनाने के लिए भी किया जाता है। नवंबर 2024 में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था।

### सांसद ने दिखाई एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर

- न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने 14 मई को संसद में अपनी एक एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर दिखाई। उनका मकसद लोगों को ये बताना था कि ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाना कितना आसान है और खतरनाक हैं। कहा कि उन्होंने गूगल सर्च के जरिए वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में डीपफेक तस्वीर बना ली।

### भारत में डीपफेक को लेकर नियम

- डीपफेक कंटेंट मिलते ही कोई भी एफआईआर करा सकता है। प्लेटफॉर्म यूजर्स से यह शपथ लेगा कि वह डीपफेक कंटेंट नहीं डालेगा। इस संबंध में अलर्ट मैसेज देंगे। सहमति के बाद ही यूजर अकाउंट एक्सेस कर सकेगा। डीपफेक कंटेंट को 24 घंटे में हटाना होगा। उसका अकाउंट बंद कर अन्य प्लेटफॉर्म को सूचना देनी होगी।

## एक नजर

### आतंकियों से संबंध रखने में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया। तीनों जेल में बंद हैं।

### पुलिस कार्रवाई से भारतवंशी व्यक्ति की हालत नाजुक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस द्वारा उसके गले पर कथित तौर पर घुटना रखने के बाद गंभीर हालत में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। पुलिस अधिकारी को लगा कि व्यक्ति घरेलू हिंसा में शामिल है, जिसके बाद उसने यह कार्रवाई की। यह घटना पिछले सप्ताह एडिलेड के पूर्वी हिस्से में रॉयस्टन पार्क के पेनहैम रोड पर हुई थी।

### पद से हटाने के बाद मुनीर पत्नी बुशरा के खिलाफ हो गए

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की प्रतिशोधी स्वभाव के बारे में बात करते हुए कहा कि इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक के पद से हटाए जाने के बाद फील्ड मार्शल उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ हो गए। खान ने कहा, जब मैंने प्रधानमंत्री के रूप में जनरल आसिम मुनीर को पद से हटाया, तो उन्होंने इस मामले पर चर्चा करने के लिए मध्यस्थों के माध्यम से मेरी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क करना चाहा। बुशरा ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया और कहा कि उनका ऐसे मामलों से कोई लेना-देना नहीं है।

### इजराइल से टैंक विध्वंसक मिसाइल प्रणाली करार रद्द

**मैड्रिड।** स्पेन ने एक इजराइली कंपनी की सहायक फर्म के साथ टैंक विध्वंसक मिसाइल प्रणाली की खरीद से जुड़ा करार रद्द करने का फैसला किया है। स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने खबरों की पुष्टि करते हुए यह जानकारी दी। स्पेन को 168 'स्पाइक एलआर2' टैंक विध्वंसक मिसाइल प्रणाली की खरीदारी करनी थी, जिनकी अनुमानित लागत 28 .5 करोड़ यूरो थी, लेकिन अब इस करार को रद्द करने का फैसला किया गया है।

# असम में बाढ़ से 5.35 लाख प्रभावित प्रधानमंत्री ने मदद का दिया आश्वासन

## मोदी ने सीएम हिमंत से की बात, 20 जिलों में स्थिति गंभीर, भारी बारिश का पूर्वानुमान

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।


भारतीय सेना के जवान मणिपुर के बाढ़ प्रभावित इलाके से लोगों को निकालते हुए।

### अरुणाचल: जान गंवाने वालों की संख्या 11 हुई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में दीवार गिरने की घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। इससे राज्य में लगातार जारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 पर पहुंच गई है। बयान में कहा गया है कि 23 जिलों के 156 गांवों में बाढ़ से कुल 938 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मिजोरम : पांच की मौत और 152 घर क्षतिग्रस्त

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से मकान और दीवारें ढहने से चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि बारिश से 152 मकान ढह गए।

## भारतीय अंतरिक्ष यात्री को आईएसएस ले जाने वाला मिशन 10 तक स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाला एक्सिओम स्पेस का मिशन 10 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह घोषणा एक्सिओम-4 मिशन के चालक दल के सदस्यों के साथ ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन के दौरान की गई। चालक दल के सदस्य आईएसएस की यात्रा से पहले वर्तमान में पृथक-वास में हैं। यह मिशन फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित होगा। अब यह मिशन 10 को शाम 5:52 रवाना होगा। यह अंतरिक्ष उड़ान मूलतः 29 मई के लिए निर्धारित थी तथा बाद में इसे आठ जून के लिए पुनर्निर्धारित कर दिया गया।

# बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा की अध्यक्ष

- रूस ने की गुप्त मतदान की मांग, 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा श्मिड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए श्मिड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है।



# द. कोरिया में वामपंथी ली जे-म्यांग बने राष्ट्रपति

सियोल, एजेंसी



- देश में कई महीनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल का अंत

दक्षिण कोरिया में विपक्षी उम्मीदवार ली जे-म्यांग मंगलवार देर रात को राष्ट्रपति निर्वाचित हो गए। यह जीत देश में कई महीनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल का अंत करेगी, जो अब अपदस्थ रूढ़िवादी नेता यून सुक येओल द्वारा मार्शल लॉ लागू करने के आश्चर्यजनक फैसले के कारण शुरू हुई थी।

यह स्पष्ट नहीं है कि ली के चुनाव से देश की विदेश नीति में कोई बड़ा व तात्कालिक बदलाव आएगा या नहीं। ली पर पहले आलोचकों द्वारा चीन व उत्तर कोरिया की ओर झुकाव और अमेरिका और जापान से दूर रहने का आरोप लगाया गया था। दक्षिण कोरिया के नये राष्ट्रपति के सामने सबसे कठिन बाहरी चुनौतियां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कर नीति और उत्तर कोरिया का बढ़ता परमाणु कार्यक्रम हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार ली 48.86 प्रतिशत मतों के साथ आगे थे। मुख्य रूढ़िवादी उम्मीदवार किम मून सू को 41.98 प्रतिशत मत मिले। किम ने ली को बधाई भी दी थी।

## पाकिस्तान: हिंदू व्यक्ति की पिटाई के मामले में मीडिया उद्यमी गिरफ्तार

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में मामूली सड़क दुर्घटना के बाद अपने अंगरक्षकों के साथ मिलकर एक हिंदू व्यक्ति की पिटाई करने के आरोप में मीडिया क्षेत्र के एक उद्यमी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक हिंदू व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद काफी आक्रोश फैल गया।

इसके बाद आरोपी सलमान फारूक और उसके साथियों को सोमवार देर रात कराची में गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक यह घटना रविवार को डिफेंस सोसाइटी इत्तेहाद इलाके में हुई। सुधीर धुन राज ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली अपनी बहन कल्पना को लेने आया था और इसके बाद वह अपनी सबसे छोटी बहन को लेने जा रहा था, तभी उसकी मोटरसाइकिल फारूक की कार से टकरा गई।

# यूक्रेन में रॉकेट हमले में चार की मौत कीव ने रूस में पुल किया क्षतिग्रस्त

- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की

कीव, एजेंसी



रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के शहर सुमी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि मॉस्को का तीन साल से जारी युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने कहा कि कीव ने रूस के अंदर फिर से हमलाकर पुल उड़ा दिया है। इसके दो दिन पहले यूक्रेन ने ड्रोन के जरिये रूस के अंदर घुसकर उसके हवाई अड्डों पर भीषण हमला किया था जिसमें कई विमान नष्ट हो गए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने के एक दिन बाद उत्तर-पूर्वी शहर के केंद्र में स्थित इमारतों और एक अस्पताल पर रॉकेटों की बौछार कर दी गई। जेलेंस्की ने कहा इस युद्ध को समाप्त करने से जुड़ी रूस की इच्छा के बारे में आपको बस इतना ही जानना चाहिए। यह स्पष्ट है कि वैश्विक दबाव के बिना, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के सभी सत्तारूढ़ लोगों की निर्णायक कार्रवाई के बिना, (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होंगे।

## भूकंप के बाद निकासी के दौरान पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी भागे

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया।

जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।

# राहत वितरण केंद्र जा रहे 27 की इजराइली सेना ने की हत्या

यूनिस (गाजा पट्टी), एजेंसी

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी। गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एकदिन पूर्व इजराइली सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' संचालित कर रहा है।


गाजा में मौत पर विलाप करती महिला।

### गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

**खान यूनिस।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में उसके तीन सैनिक मारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मार्च में हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से इजराइली सेना पर यह सबसे घातक हमला है। सेना ने बताया कि तीनों सैनिक सोमवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए।

## सिंगापुर में भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर भारत ने की चर्चा

**पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करते दो आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/ जयपुर, एजेंसी

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप

पंजाब के तरनतारन जिले के एक व्यक्ति को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के संपर्क में भी था। वहीं, राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब के डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर, गली नजर सिंह वाली के निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। उसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी करता था जासूसी

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शकूर पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

## पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना यूसुफ की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13/1 में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी 'टिकटॉक' का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है।

**सम्मेलन** अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी ने यूएसआईएसपीएफ नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण को किया संबोधित

# भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हैं : उषा वेंस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है जो कई बार उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं।

वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा, यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं और वे मेरे पास आते रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत में दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, मैं इसके बारे में व्यापक रूप से सोचती हूं।


वाशिंगटन डीसी में यूएसआईएसपीएफ के आठवें संस्करण के दौरान उषा वेंस।

### वेंस ने कहा- यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी

उषा वेंस ने कहा, लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी है और भारत में इतने सारे लोग हैं जो देश को जानते हैं और यहां के लोगों को जानते हैं जो बेहतरीन काम कर रहे हैं, बड़े अवसर प्राप्त कर रहे हैं। वेंस ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं, उपराष्ट्रपति जेडी और हमारे तीन बच्चे अप्रैल में भारत यात्रा पर गए थे, तब मैं यह देखकर हैरान रह गई थी जब कई लोगों ने मुझे बताया कि उन्हें हमारा देश कितना पसंद है, वे किस तरह अपने परिवार से मिलने आते हैं, वे किस तरह सिर्फ मौज-मस्ती के लिए आते हैं, वे भविष्य में हमारे साथ एक करीबी रिश्ता बनाने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इन व्यक्तिगत संबंधों का वास्तव में इससे कुछ लेना-देना है। नेतृत्व शिखर सम्मेलन में यूएसआईएसपीएफ ने आईबीएम के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को अमेरिका-भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2025 वैश्विक